दैनिक

# सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

ग्वालियर ■ रविवार 06 जुलाई 2025 ■ वर्ष-26 ■ अंक-348 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04


**सुविचार**

हंसी छूत की बीमारी है, आपको हंसी आई नहीं कि दूसरे को जबरदस्ती अपने दांत निकालने पड़ेंगे।
-प्रेमलता दीप

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने युवाओं को दिए सहकारिता के मूल मंत्र

# दुग्ध उत्पादन में तीसरे स्थान से शीर्ष पर पहुंचेगा मध्यप्रदेश

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता को मिल रहे नए आयाम
- नए कार्यों में सहकारी समितियों को दी जा रही प्राथमिकता
- युवाओं को स्वावलंबी बनाने का सशक्त माध्यम सहकारी समितियां

**किसी भी काम में सफल होने के लिए जरूरी मजबूत आत्मविश्वास, सफलता के लिए कार्य अनुभव और उसकी जानकारी जरूरी**

- सहकारिता में पारदर्शी व्यवस्था, अब 30 दिन में हो रहा पंजीयन
- महिलाएं समिति बनाकर सतपुड़ा टाइगर रिर्जव में चला रहीं सफारी
- सभी क्षेत्रों में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही सरकार
- आय बढ़ाने के साथ समाज को एक करने की पहल सहकारिता
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा का किया समाधान
- मढ़ई क्षेत्र में जिप्सी चलाने वाली संगीता का मंच से कराया परिचय




**युवाओं को दिए मूल मंत्र**

मुख्यमंत्री ने युवाओं को सहकारिता क्षेत्र से जुड़े मूल मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता में आने का एक सूत्र है- जब भी कोई नया काम करें तो आत्मविश्वास मजबूत रखें। युवा जिस भी क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, पहले उसका अनुभव लें और यह भी देखें कि सहकारी समिति के माध्यम से इस क्षेत्र में क्या-क्या किया जा सकता है। सहकारी समिति के नेतृत्वकर्ता का दायित्व है कि पहले वह स्वयं पूरी जानकारी रखें और दूसरे साथियों को भी बताएं।

**30 महिलाओं को सिलाई मशीन**

मुख्यमंत्री ने सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के छात्रों से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही सहकारिता से उद्योग प्राप्त करने वाली 30 महिलाओं को सिलाई मशीन टूल किट वितरण के प्रतीक स्वरूप एक महिला को सिलाई किट प्रदान की।

**गुजरात में अमूल**

स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश में सहकारिता का आंदोलन खड़ा करने के लिए गुजरात में अमूल की स्थापना की। हजारों लोगों को दुग्ध-उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने और बेरोजगारी खत्म करने का कार्य किया। राज्य सरकार भी दुग्ध-उत्पादन बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है।

**20 फीसदी दुग्ध उत्पादन का हमारा लक्ष्य**

सीएम ने कहा कि अभी दुग्ध-उत्पादन में प्रदेश तीसरे स्थान पर है, जो भविष्य में शीर्ष पर पहुंचेगा। इसी उद्देश्य से दुग्ध-उत्पादन में प्रदेश का योगदान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें सहकारिता क्षेत्र की बड़ी भूमिका होगी।

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह के नेतृत्व में मप्र के सहकारिता क्षेत्र को नए आयाम मिल रहे हैं। दुग्ध-उत्पादन, औद्योगिक विकास सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहे नए कार्यों में सहकारी समितियों को प्राथमिकता मिलेगी। सहकारिता समाज को एक करने के साथ ही युवाओं को बेरोजगारी से बचाने का माध्यम है। रोजगार का अर्थ सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं है। यह बात सीएम डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस के अवसर पर समन्वय भवन में मप्र राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज की ओर से आयोजित सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। सीएम ने तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटी है, क्योंकि आंख पर पट्टी रहते हुए न्याय कैसे हो सकता है। नागरिकों के मूल अधिकार संविधान में उल्लेखित हैं। इसी भावना से व्यक्तियों के आपसी स्वावलंबन व सहभागिता का समावेश सहकारिता में है। वर्तमान सरकार में सहकारिता को लेकर व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है। नई समिति की पंजीयन प्रक्रिया 30 दिन में पूर्ण की जा रही है।

### 20 साल बाद साथ आए उद्धव-राज ठाकरे, बोले

# महाराष्ट्र में नहीं चलेगी हिंदी थोपने की गुंडागर्दी

- उद्धव - राज ठाकरे ने की संयुक्त विजय रैली
- स्कूलों में हिंदी की अनिवार्यता पर दी चेतावनी
- मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी, तो हम गुंडे हैं...



एजेंसी ■ मुंबई

महाराष्ट्र की प्राथमिक कक्षाओं में हिंदी की अनिवार्यता समाप्त करने के निर्णय पर शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की संयुक्त विजय रैली मुंबई के वरली स्थित नेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के डोम में आयोजित की गई। रैली में दोनों दलों के नेता उद्धव और राज ठाकरे करीब 20 साल बाद एक साथ एक मंच पर दिखाई दिए। सभी दलों को न्योता दिया गया था, लेकिन कांग्रेस ने दूरी बनाने का फैसला किया है।

राज ठाकरे ने कहा कि आप किसी पर हिंदी नहीं थोप सकते हैं। महाराष्ट्र में हिंदी थोपने की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया। हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी है तो हम गुंडे हैं। आप ऐसा सिर्फ इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि आप सत्ता में है। यह सीएम देवेंद्र फडणवीस का काम है, जिसने हम दोनों भाइयों को साथ ला दिया है।

**सबसे पहले महाराष्ट्र**

राज ने कहा- हमारे लिए सबसे पहले महाराष्ट्र है। यदि कोई महाराष्ट्र की तरफ तिरछी नजर से देखेगा, तो उसे पहले हमारा सामना करना होगा। हिंदी बोलने वाले हमारे यहां रोजगार के लिए आते हैं। हिंदी बोलने वाले राज्य का विकास नहीं कर सकते हैं। बालासाहेब ने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की, लेकिन उन्होंने मराठी भाषा से समझौता नहीं किया। किसी को भी मराठी को तिरछी नजर से नहीं देखना चाहिए।

**मराठी के लिए हम साथ आए**

उद्धव ठाकरे ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा अफवाह फैलाने वाली पार्टी है। भाजपा हमें हिंदुत्व का पाठ न पढ़ाए। हमने न कभी हिंदुत्व छोड़ा था, न छोड़ेंगे। हिंदी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**आडवाणी भी मिशनरी स्कूल में पढ़े**

राज ठाकरे ने कहा-हमारे बच्चे इंग्लिश मीडियम जाते हैं तो हमारी मराठी पर सवाल उठते हैं। लालकृष्ण आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े हैं तो क्या उनके हिंदुत्व पर सवाल उठाएं। हम हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं करेंगे। वे बस मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करना चाहते हैं।

# नीरव का भाई नेहल मोदी गिरफ्तार!

**13600 करोड़ का पीएनबी घोटाला**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

पीएनबी घोटाले केस में भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भगोड़े आर्थिक अपराधी नीरव मोदी के भाई को 4 जुलाई को अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी ईडी और सीबीआई की ओर से संयुक्त रूप से किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध की गई। इससे पहले साल 2019 में ईडी ने इंटरपोल से नीरव को बैंक फंड्स को लूटने में मदद करने के आरोप में नेहल मोदी की भूमिका के लिए उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध किया गया था। पीएनबी में 13,600 करोड़ के धोखाधड़ी वाले बैंक लेनदेन के मामले के आरोपी और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी का भाई है।

# एक और बोइंग विमान में आई तकनीकी खराबी

**कोलकाता से बैंकॉक जा रही फ्लाइट रद्द**

**विमान में 130 यात्री और सात क्रू सदस्य थे**

एजेंसी ■ कोलकाता




एक के बाद एक विमानों के रद होने की सूचना से हवाई यात्रियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली एक फ्लाइट, जो बैंकाक जाने वाली थी, तकनीकी खराबी के चलते वापस पार्किंग स्टैंड पर लौट आई। अधिकारियों ने बताया कि 130 यात्रियों और सात क्रू मेंबर्स के साथ थाई लायन एयर की फ्लाइट शनिवार को तकनीकी खराबी की वजह से वापस लौटी और बाद में पार्किंग बे में उसे खड़ा किया गया। फ्लाइट को दिनभर के लिए रद्द कर दिया गया।

**फ्लैप से संबंधित समस्या आई**

विमान की शुक्रवार देर रात 1:35 बजे कोलकाता में लैंडिंग हुई और उसे कोलकाता से बैंकाक डॉन मुआंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए तड़के 2:35 बजे टेकऑफ करना था। बोइंग 737 नई पीढ़ी के विमान में फ्लैप से संबंधित समस्या आ गई और इसलिए विमान को वापस पार्किंग वे में लाया गया जिसके बाद उड़ान रद्द हो गई।

# जब केस निपट जाए तो जज को उसका पीछा छोड़ देना चाहिए

- सम्मान समारोहः मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने दी सलाह
- समाज की समस्याओं को समझते हुए फैसला दें अदालत
- कुछ न्यायाधीशों के अशिष्ट व्यवहार की शिकायतें भी आईं



एजेंसी ■ मुंबई

सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि कानून या संविधान की व्याख्या समाज की जरूरतों को ध्यान में रखकर व्यावहारिक ढंग से की जानी चाहिए। मुंबई में बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालयों को समाज की समस्याओं को समझते हुए फैसले देने चाहिए। कानून या संविधान की व्याख्या आज की पीढ़ी की समस्याओं के संदर्भ में होनी चाहिए। यह व्याख्या व्यावहारिक होनी चाहिए और समाज की जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए। सीजेआई ने कहा कि न्यायाधीशों को अपने विवेक, पद की शपथ और कानून के अनुसार काम करना चाहिए। जब कोई केस निपट जाए, तो जज को उसका पीछा छोड़ देना चाहिए।



### नीरज ने 86.18 मीटर थ्रो के साथ जीता स्वर्ण

**बंगलुरू।** नीरज चोपड़ा ने बंगलुरू में हुए एनसी क्लासिक टूर्नामेंट के पहले संस्करण में अपना जलवा बिखेरते हुए 86.18 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। केन्या के जूलियस येगो ने चौथे प्रयास में 84.51 मीटर सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, श्रीलंका के रुमेश पथिरागे 80.10 मीटर सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे।

# रूस लड़कियों को बच्चे पैदा करने दे रहा 1 लाख

**घटती जनसंख्या और बूढ़ी आबादी से जूझ रहा देश**

एजेंसी ■ मॉस्को



रूस में कम उम्र की लड़कियों को गर्भवती होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार बच्चे को जन्म देने और उसका पालन-पोषण करने के लिए इन्हें करीब एक लाख रुपए की मदद दे रही है। यह योजना मार्च 2025 में रूस के 10 हिस्सों में शुरू हुई है। इसका मकसद देश में कम होती जनसंख्या और बढ़ती उम्र के लोगों की समस्या को दूर करना है। पहले यह योजना सिर्फ बालिग महिलाओं के लिए थी। लेकिन अब इसमें नाबालिग लड़कियों को भी शामिल कर लिया गया है, ताकि वे भी बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित हों। रूस में 2023 में प्रति महिला औसत जन्म दर 1.41 थी, जबकि आबादी को स्थिर रखने के लिए 2.05 की दर जरूरी मानी जाती है। इसलिए रूस सरकार ऐसी योजनाएं चला रही है, जिन्हें 'प्रोनेटलिस्ट नीतियां' कहा जाता है। इनका मकसद लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करना है। आबादी के लिहाज से रूस दुनिया का नौवां सबसे बड़ा देश है, लेकिन वहां जनसंख्या कम होने का खतरा बढ़ रहा है।

# सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया

**बीजापुर।** शनिवार को छत्तीसगढ़ एक बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर हुई इस मुठभेड़ में दो माओवादियों की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ माओवादी कैडरों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया गया था और शुक्रवार से ही इलाके में रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। मुठभेड़ स्थल से दो पुरुष नक्सली के शव और हथियार बरामद किए गए हैं।

**दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर फिर मुठभेड़**

# नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स में 50 फीसदी की कटौती

**देशभर में टोल टैक्स का नया नियम हो चुका लागू**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

अगर आप रोड ट्रिप के शौकीन हैं या फिर रोजाना नेशनल हाईवे से सफर करते हैं तो यह खबर आपको राहत दे सकती है। सरकार ने नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स में 50 फीसदी की कटौती की है।

यह कटौती खासतौर पर उन हाईवे पर की गई है, जहां फ्लाईओवर, ब्रिज, टनल और एलिवेडेट स्ट्रेच बने हैं। यानी अब आपके सफर की लागत घट जाएगी। टोल टैक्स का नया नियम लागू हो चुका है। यात्रियों को जल्द ही इसका फायदा भी मिलना शुरू हो जाएगा। एनएचएआई के मुताबिक, पुराने नियमों के चलते हाईवे पर हर किमी पर कोई ना कोई स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर बना हुआ है, जिसके लिए औसत टोल का 10 गुना चार्ज देना पड़ता था, ताकि उस इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत को वसूला जा सके। लेकिन अब नए नियमों में यह टोल 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा।



**केंद्र का नया फॉर्मूला**

उदाहरण के तौर पर मान लीजिए कि नेशनल हाईवे का एक हिस्सा 40 किलोमीटर लंबा है। और इस पूरे हिस्से में ढांचे यानी फ्लाईवोर, ब्रिज या फिर टनल हैं। ऐसे में टोल की गणना के लिए दो तरीके अपनाए जाते हैं। पहला- ढांचे की लंबाई को 10 गुना किया जाता है। यानी 10×40=400 किमी। दूसरा- पूरे हाईवे के हिस्से की लंबाई को 5 गुना किया जाता है। यानी 5×40=200 किमी। अब इनमें से जो कम होगा, उसी के आधार पर टोल टैक्स वसूला जाएगा।

**रिसर्च ने चौंकाया यूपी में 14.47 अविकसित और 20.17 फीसदी कम वजनी**

# एमपी में 14.84 प्रीमैच्योर और 20.59 फीसदी कम वजनी बच्चे ले रहे जन्म

सत्ता सुधार ■ भोपाल/नई दिल्ली

बच्चों के जन्म के दौरान तमाम प्रकार की सावधानियां बरती जाती हैं। हालांकि, कई बार समय से पहले भी कुछ बच्चों का जन्म हो जाता है। इस बीच आईआईटी दिल्ली, इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज मुंबई और ब्रिटेन-आयरलैंड की संस्थाओं ने संयुक्त शोध में ऐसा दावा किया है, जो लोगों को हैरान कर रहा है। दरअसल, रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश में 13 प्रतिशत बच्चे समय से पहले जन्म ले रहें हैं। इतना ही नहीं, 18 फीसदी बच्चों का वजन जन्म के समय कम रह रहा है। वहीं रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मध्य प्रदेश में 14.84 फीसदी प्रीमैच्योर और 20.59 फीसदी कम वजनी बच्चे जन्म ले रहे हैं। यूपी में 14.47 फीसदी प्रीमैच्योर और 20.17 फीसदी कम वजनी बच्चों का जन्म हो रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिमाचल और उत्तराखंड में बच्चों के समय से पूर्व जन्म की दर सबसे अधिक है। दोनों राज्यों में क्रमशः ये संख्या 39 फीसदी और 27 फीसदी है। वहीं, पंजाब में कम वजन के बच्चों की जन्म दर सबसे अधिक है जो 22 फिसदी है। रिपोर्ट में मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर दोनों ही मापदंडों पर बेहतर है।

- हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में समय से पहले जन्म की दर सबसे अधिक
- देश में हर 8वां बच्चा समय से पहले व छठा कम वजन के साथ जन्म ले रहा



**इसलिए बढ़ रही दर**

दावा किया गया है कि गर्भावस्था के दौरान पीएम 2.5 (2.5 माइक्रोन से छोटे कण) का बढ़ता स्तर जन्म से जुड़ी जटिलताओं का बड़ा कारण बन रहा है। हर 10 माइक्रोग्राम/घन मीटर की वृद्धि से कम वजन वाले बच्चों की संभावना 5 और प्रीमैच्योर डिलीवरी की संभावना 12 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कई राज्यों में प्रदूषण बेहद खतरनाक स्थिति में पाया जाता रहा है, जिसके कारण गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

**राज्य-वार बच्चों का समय से पहले जन्म**

| राज्य | प्रीमैच्योर | कम वजनी |
|---|---|---|
| हिमाचल | 38.66 | 15.75 |
| पंजाब | 14.08 | 22.42 |
| चंडीगढ़ | 8.78 | 16.74 |
| हरियाणा | 13.22 | 20.54 |
| दिल्ली | 17.43 | 21.58 |
| राजस्थान | 18.29 | 17.66 |
| उत्तर प्रदेश | 14.47 | 20.17 |
| बिहार | 15.99 | 16.76 |
| प. बंगाल | 12.43 | 18.95 |
| झारखंड | 8.52 | 15.58 |
| छत्तीसगढ़ | 10.21 | 15.83 |
| मध्य प्रदेश | 14.84 | 20.59 |
| गुजरात | 10.82 | 18.51 |
| महाराष्ट्र | 8.72 | 20.06 |

(नोट- आंकड़े प्रतिशत में)

# पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या, एक अरेस्ट

**पुलिस का दावा-मर्डर शूटर से कराया गया**


एजेंसी ■ पटना



बिहार में शुक्रवार की देर रात बिजनेसमैन गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। दावा किया जा रहा है कि मर्डर शूटर से कराया गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। आईजी जितेंद्र राणा ने कहा कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं। जिस पर जांच हो रही है। शूटर ने गोली मारी है। उसके साथ कुछ लाइजनर भी थे। शूटर से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। शूटर और शूटर को भेजने वालों की जानकारी मिल चुकी है। हत्या क्यों की गई ये भी लगभग सामने आ चुका है। जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। खेमका का रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी बेटी के स्कॉटलैंड से आने का इंतजार किया जा रहा है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक राष्ट्र, एक संविधान के महान सेनानी थे

## डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस 6 जुलाई पर विशेष


हेमंत खंडेलवाल

**कुछ** व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो अपने विचारों, संघर्षों और बलिदानों से समय की धारा को मोड़ने का संकल्प रखते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही युगपुरुष थे, जिनकी राष्ट्रभक्ति, दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प ने भारत की एकता-अखंडता को सुदृढ़ किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही एक युगद्रष्टा थे, जिनका जीवन भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए समर्पित था। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि शिक्षाविद, समाज सुधारक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल प्रवक्ता थे। 6 जुलाई को उनका जन्मदिवस केवल एक स्मरण तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्रनिष्ठा, त्याग और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

देश की स्वतंत्रता के पश्चात जम्मू-कश्मीर को लेकर जो परिस्थितियां निर्मित हुईं, वे राष्ट्र की एकता के लिए चुनौती बन गई थी। अनुच्छेद 370 और 35ए जैसे प्रावधानों ने जम्मू-कश्मीर को भारत से पृथक करने का प्रयास किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस वैचारिक विभाजन का डटकर विरोध किया। उनका स्पष्ट मत था कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चल सकते। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि उनका जीवन दर्शन था। उन्होंने कहा था कि जब कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, तो वहाँ भी भारत के समान संविधान और शासन होना चाहिए। अपने इस सिद्धांत को सत्य सिद्ध करने के लिए उन्होंने अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया, वर्षों बाद उनका सपना साकार हुआ जब 2019 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त किया गया। यह कदम केवल एक संवैधानिक सुधार नहीं था, बल्कि यह भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने का ऐतिहासिक संकल्प था। इस निर्णय के पीछे डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवाद की विचारधारा स्पष्ट रूप से झलकती है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय राजनीति में एक स्पष्ट और सशक्त राष्ट्रीय विचारधारा प्रस्तुत की। जब पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वैचारिक प्रतिबद्धताएँ राष्ट्रहित से टकराने लगीं, तब उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। यह केवल पद का त्याग नहीं था, बल्कि राष्ट्रहित के लिए एक साहसिक और कर्तव्य निष्ठ कदम था। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो भविष्य में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित होकर देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनी। डॉ. मुखर्जी का सबसे बड़ा संघर्ष जम्मू-कश्मीर की 'परमिट प्रणाली' के खिलाफ था। यह व्यवस्था कश्मीर में भारतीय नागरिकों की स्वतंत्र आवाजाही को सीमित करती थी, जिससे भारत के अंदरूनी हिस्सों को एक-दूसरे से जोड़ना मुश्किल हो रहा था। 1953 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा करने का साहस दिखाया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीनगर की जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु 23 जून 1953 को हुई। अत्यंत पीड़ादायक है कि न उन्हें समुचित चिकित्सा व्यवस्था प्रदान की गई और न ही उनकी मौत की निष्पक्ष जांच की गई। उनकी माता योगमाया देवी ने इसे 'मेडिकल मर्डर' करार दिया, पर सत्ता तंत्र मौन रहा। डॉ. मुखर्जी का यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनके निधन के कुछ सप्ताहों के भीतर ही कश्मीर की परमिट प्रणाली समाप्त कर दी गई और धीरे-धीरे वह व्यवस्था बदली, जिसने देश के भीतर अलगाव और तनाव पैदा किया था। हालांकि कांग्रेस सरकारों ने दशकों तक उनकी चेतावनियों को नजरअंदाज किया, परन्तु उनकी विचारधारा आज भी भारतीय राष्ट्रवाद का आधार है। 2004 के बाद जब देश में कांग्रेस की सत्ता रही, तब जम्मू-कश्मीर को विशेष स्वायत्तता देने की बातें पुनः उठी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2010 में जम्मू-कश्मीर की स्वायत्तता की बात कहकर भारत की जनता के हितों के साथ खिलवाड़ किया। कांग्रेस ने पीडीपी की कठपुतली बनकर आतंकवादियों के प्रति नरमी बरती, जिससे कश्मीर में दशकों तक हिंसा और विस्थापन हुआ। हजारों नागरिक शरणार्थी बने और उनकी जिंदगी कठिन हुई। इस दौरान अलगाववादी शक्तियों को बढ़ावा मिला और भारत विरोधी गतिविधियां फलने-फूलने लगीं। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद और अलगाववाद को दफन कर देश की एकता को मजबूत किया। डॉ. मुखर्जी के संघर्ष और बलिदान के कारण ही जम्मू-कश्मीर आज भारत का अभिन्न हिस्सा है। भारतीय जनसंघ से भाजपा तक की राजनीति का मूल राष्ट्रवाद रहा है, जिसने देश की अखंडता और सुरक्षा को सर्वोपरि रखा। शिक्षा के क्षेत्र में भी डॉ. मुखर्जी ने अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा को भारतीय संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया, ताकि देश की युवा पीढ़ी अपने सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आधुनिक ज्ञान प्राप्त कर सके। आज नई शिक्षा नीति में भी उनके विचारों की परछाई मिलती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, तीन तलाक विरोधी कानून, डॉ. मुखर्जी के सामाजिक दृष्टिकोण और राष्ट्रहित के विचारों का प्रतिफल हैं। ये योजनाएं देश के गरीब और पिछड़े तबकों को सशक्त बनाने का प्रयास करती हैं, जैसा कि डॉ. मुखर्जी ने सदैव समर्थन किया।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारत के महान राष्ट्रवादी नेता थे, जिनका जीवन देशभक्ति और समर्पण की मिसाल है। वे पद, प्रतिष्ठा या स्वार्थ से ऊपर उठकर केवल देश की सेवा में लगे रहे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा राष्ट्रवाद केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि सिद्धांतों और न्याय के लिए निरंतर संघर्ष है। आज जब भारत 2047 में स्वावलंबी और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, तब उनकी शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो जाती हैं। डॉ. मुखर्जी का आदर्श और बलिदान हमारे लिए एक अमर प्रेरणा हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को एकजुट, मजबूत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

**(लेखक भाजपा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष व बैतूल विधायक हैं)**

---

### सीएम ने दी 265.56 करोड़ लागत के विकास कार्यों की सौगात, कहा-

# ग्वालियर-चंबल बनेगा विकास का नया केंद्र

- बीहड़ की बिजली से रोशन होंगे मप्र और उत्तरप्रदेश
- आईएसबीटी और 112 करोड़ से बना 132 केवी सब स्टेशन

## फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए खेल कॉम्पलेक्स का हुआ लोकार्पण

सत्ता सुधार ■ भोपाल

हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। हम सबके जीवन में उजाला लाने के लिए कटिबद्ध हैं। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। इस क्षेत्र में शीघ्र ही रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को ग्वालियर के आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 265.56 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नदियों को जोड़ने का अभियान चल रहा है। केंद्र सरकार की मदद से यहां पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों को आपस में जोड़ने की राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना पर करीब 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। साथ ही केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना से भी ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा है। यहां के बीहड़ों में जल्द ही केंद्र सरकार के सहयोग से 2000 मेगावाट क्षमता का एक बड़ा सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना होगी। उन्होंने कहा आगरा से ग्वालियर के बीच बन रहे नये सिक्स-लेन नेशनल हाई-वे के चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है। इससे यहां तेजी से औद्योगिक विकास होगा और इस क्षेत्र का कायाकल्प भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर के गौरवशाली अतीत का स्मरण करते हुए कहा कि यह भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। प्रदेश की धरती से भारत के विकास का दीपक अटलजी के रूप में प्रज्ज्वलित हुआ था। भारत मानवता के लिए जीता है। उन्होंने ग्वालियर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि वाकई यहां अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ है। सांसद ग्वालियर भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिसकी नीयत और नीति नेक होती है, वही देश ओर प्रदेश को आगे ले जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। देश को कर्मठ प्रधानमंत्री और प्रदेश को कर्मनिष्ठ मुख्यमंत्री मिले हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भव्य स्मारक बन रहा है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, विधायक मोहन सिंह राठौर, प्रीतम लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष ग्वालियर दुर्गेश कुंवर जाटव, पूर्व मंत्री अनूप मिश्र, पूर्व मंत्री इमरती देवी सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

**आज ग्वालियर के लिए गौरवशाली दिनः तोमर-** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आज ग्वालियर के लिए गौरवशाली दिन है। ग्वालियर के हजीरा अस्पताल को पहला स्थान मिला है। इसे जिला अस्पताल के समकक्ष बनाया जाए। उन्होंने कहा ग्वालियर में बड़े उद्योगों की स्थापना की जाए। कार्यक्रम के अंत में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार विकास के कामों को तेजी से बढ़ा रही है। प्रदेश का कोई भी क्षेत्र विकास के लाभ से वंचित नहीं रहेगा।



### सीएम शगुन का लिफाफा लेकर ग्वालियर आएः सिंधिया

*केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। पीएम मोदी विश्व पटल पर भारत के गौरव को प्रतिस्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दिन-रात एक कर प्रदेश की जनता के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शगुन का लिफाफा लेकर ग्वालियर आए हैं। हमारी मांग थी कि ग्वालियर-चंबल संभाग में डॉ. अंबेडकर धाम की स्थापना हो, जो बाबा साहेब की विचारधारा का मंथन केंद्र बने। उन्होंने बताया कि ग्वालियर जिले के डबरा के जौरासी गांव में 8 करोड़ रुपए की लागत से डॉ. अंबेडकर धाम बन रहा है।*

### 15 लाख छात्रों को सीएम बांटेंगे मुफ्त साइकिल

मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने विद्यार्थियों को एक बड़ी खुशखबरी दी है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से उन्हें बड़ी संख्या में नि:शुल्क साइकिल दी जा रही है। इसके दिशा-निर्देश जारी करने के बाद अब इसके कार्यक्रम की घोषणा भी कर दी गई है। इसमें कक्षा छठवीं और नवीं के विद्यार्थियों को साइकिल दी जाएगी। अब इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की है। उन्होंने एक पोस्टर शेयर करते हुए कहा कि 10 जुलाई को प्रदेश में 15 लाख से अधिक स्कूली विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की जाएंगी। वहीं, पोस्टर के अंदर लिखा है, शिक्षा की राह होगी साइकिल के संग आसान, कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों को दी जाएगी नि:शुल्क साइकिल। 15 लाख से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगी नई ऊर्जा, नई रफ्तार, समानता और सुविधा की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश।

---

# उप मुख्यमंत्री देवड़ा से मिले आर्म रेसलर रोहित व खुशी

### नेशनल चैंपियनशिप में पंजा कुश्ती में 2 स्वर्ण और 1 कांस्य जीता



सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से शनिवार को उनके निवास पर केरला के त्रिसुर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप-2025 पंजा कुश्ती (आर्म रेसलिंग) में स्वर्ण पदक विजेता रोहित सिंह और उनकी बहन कांस्य पदक विजेता खुशी लहरिया ने भेंट की। नेशनल चैम्पियनशिप में रोहित सिंह ने 2 स्वर्ण पदक और खुशी लहरिया ने 1 कांस्य पदक जीता है। उप मुख्यमंत्री ने रोहित सिंह और खुशी लहरिया के पदक जीतने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने मध्यप्रदेश का नाम देश में रोशन किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में मध्यप्रदेश के साथ देश का नाम भी रोशन करें। रोहित व खुशी के कोच विक्रम अवार्डी श्री मनीष कुमार के कुशल नेतृत्व एवं प्रशिक्षण से दोनों भाई-बहन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उनके माता-पिता ने बताया कि प्रशिक्षण एवं लगन की बल पर दोनों बच्चों ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीता है।

---

### राष्ट्रीय निकाय सम्मेलन में मध्य प्रदेश उभरा 'मॉडल स्टेट'

# लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं की जड़ें जितनी गहरी होंगी राष्ट्र उतना ही सशक्त बनेगा



सत्ता सुधार ■ भोपाल

गुरुग्राम की पुण्यभूमि मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में मध्य प्रदेश 'मॉडल स्टेट' के रूप में उभर करके सामने आया। सम्मेलन के अंतिम दिन मध्य प्रदेश के शहरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी पहुंचे। यहां उन्होंने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साल 2014 के बाद से शहरी स्थानीय निकाय के बजट में काफी वृद्धि हुई है। शहरी स्थानीय निकाय हमारे लोकतंत्र की नींव है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जड़ें जितनी गहरी और स्थानीय स्तर पर सिंचित होंगी, हमारा राष्ट्र उतना ही सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनेगा।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शहरी स्थानीय निकायों में जनभागीदारी अत्यंत जरूरी है। इंदौर का उदाहरण को देते हुए जनभागीदारी के बारे में बताया। उन्होंने बीते समय की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक बार इंदौर नगर निगम में फंड की कमी हो गई थी। तब उन्होंने आमजन से सीमेंट के लिए बोला था। उस दौरान जनभागीदारी की पहल से उनके पास 80 करोड़ रुपये की सीमेंट इकट्ठा हुई थी। इसी सीमेंट से फिर सड़कों का निर्माण कराया गया।

---

## दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ भोपाल

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शहडोल जिले के ब्यौहारी के सकंदी सरकारी हाई स्कूल में शाला की मरम्मत के मामले में अनियमितता का प्रकरण सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुशासन वाली सरकार में किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके संज्ञान में शहडोल जिले के एक सरकारी हाई स्कूल में मरम्मत के दौरान अनियमितता का मामला उनके संज्ञान में आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और आयुक्त लोक शिक्षण को प्रकरण की तत्काल जाँच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

### भारी बारिश के बीच खिवनी खुर्द पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज कहा-

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आदिवासियों के नुकसान को लेकर अत्यंत संवेदनशील

सत्ता सुधार ■ भोपाल

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को भारी बारिश के बीच अपने संसदीय क्षेत्र के खिवनी खुर्द गांव पहुंचे। कीचड़ भरे रास्तों पर पैदल चलते हुए उन्होंने बाढ़ और बारिश से प्रभावित आदिवासी परिवारों के घरों का निरीक्षण किया और नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को भी आड़े हाथों लिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीड़ितों से सीधे संवाद कर उनका हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं सांसद या मंत्री के रूप में नहीं, आपके सेवक के रूप में आया हूं, ताकि आपका दर्द बांट सकूं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के साथ है और गरीब कल्याण ही उसका उद्देश्य है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी पीड़ित आदिवासी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। शिवराज ने कुछ अधिकारियों पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी जिन्होंने सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाया है, उन्हें दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा हुई है और मुख्यमंत्री आदिवासियों के नुकसान को लेकर अत्यंत संवेदनशील हैं। जल्द ही सर्वे कराकर प्रभावितों को भरपाई दी जाएगी। तत्काल सहायता के लिए स्वेच्छानुदान से मदद की जाएगी।



**आदिवासी बहनों के घर किया भोजन-** स्थानीय आदिवासी बहनों ने अपने अस्थाई घर में प्रेमपूर्वक मंत्री शिवराज सिंह को भोजन कराया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण खेत में लगी पंचायत में शामिल हुए और अपनी समस्याएं साझा कीं।

---

**बयान** कांग्रेस सिर्फ भ्रम फैलाने का काम करती है, हमने जातिगत जनगणना की पहल की

# सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आंकड़ों के अनुसार कानून का मसौदा तैयार किया जाए, जिसे विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। 14 प्रतिशत बचे लोगों को भी आरक्षण का लाभ मिले। प्रमोशन में सबको लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण भी ठोस काम कर रही हैं। भाजपा की सरकार ने तो सामान्य को भी 10 प्रतिशत का आरक्षण दिया हैं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ भ्रम फैलाने का काम करती है। हमने जातिगत जनगणना की पहल की, लेकिन कांग्रेस अब उसका श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। सच ये है कि कांग्रेस ने कभी ओबीसी को न मुख्यमंत्री बनाया, न उन्हें आरक्षण देना चाहा। जनता अब सब जान चुकी है। राहुल गांधी के भोपाल दौरे को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी यहां आकर क्या करेंगे? उनकी और कांग्रेस की दाल अब मध्यप्रदेश में नहीं गलने वाली है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर ने जीवन भर संघर्ष किया, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें कभी सम्मान नहीं दिया। हमारी सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है।

**मध्यप्रदेश को बताया शांति का टापू-** मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस जितनी भी कोशिश कर ले, मध्यप्रदेश की शांति को भंग नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शांति का टापू है और हमारी सरकार इस अमन-चैन को बनाए रखने के लिए पूरी तरह सजग है। सीएम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही सहकारिता के क्षेत्र को गंभीरता से ले रही हैं।

### ओबीसी से सिर्फ वोट लेना चाहती है भाजपा : पटवारी



मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के मामले में कोट की टिप्पणी के बाद प्रदेश में सियासत गरमाई गई है। मामले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जीतू पटवारी ने कहा कि जुलाई के आखिरी में राहुल गांधी एमपी आएंगे। वे बुंदेलखंड का दौरा और ओबीसी के लोगों से संवाद करेंगे। जीतू पटवारी ने कहा कि ओबीसी को 2019 में कमलनाथ ने आरक्षण 27 फीसदी लागू किया था। बीजेपी ने सरकार की चोरी की, ओबीसी के भविष्य की चोरी की, बीजेपी सरकार ने प्रयास किया कैसे आरक्षण रुके, स्टे लगाकर बीजेपी ओबीसी के साथ धोखा कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून बन गया है तो लागू क्यों नहीं किया गया। 4 जुलाई को कोर्ट ने पूछा तो वकीलों ने कहा हम 27 फीसदी आरक्षण के विरोध में है। आपके कंधे में बैठकर ओबीसी का गला घोट रहे है। अपनी अंतिम बूंद तक कांग्रेस ओबीसी के लिए लड़ेगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा प्रदेश के अंदर ओबीसी के लिए शिवराज सिंह आरक्षण की लड़ाई नहीं लड़ पाए। मोहन यादव पीएम को पिछड़े वर्ग का बताते है। पिछड़ों को पिछड़ा कर रहे हैं। ओबीसी छात्र मेहनत करते लेकिन उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था 50 फीसदी से ज्यादा नहीं होगा। तुषार मेहता सरकार की बात कर रहे, ये सरकार का मत था। सरकार को तत्काल इस पर निर्णय लेना चाहिए। रिजल्ट होल्ड हो गए। ओबीसी के छात्र खेतों में काम कर रहे हैं।

---

# जल गंगा संवर्धन अभियान में खंडवा पहले रायसेन दूसरे व बालाघाट तीसरे स्थान पर

### जल संरक्षण और संचयन को बढ़ावा देने अभियान को मिली बड़ी सफलता

**भोपाल।** जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले खंडवा जिले ने प्रथम स्थान, रायसेन ने द्वितीय और बालाघाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा शुक्रवार को जिला व जनपद स्तरीय पुरस्कार की सूची जारी की है। जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों की रैंकिंग सूची में जल गंगा संवर्धन अभियान में खंडवा जिले ने 92.50 प्रतिशत, रायसेन जिले ने 92.35 प्रतिशत और बालाघाट जिले ने 87.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत-तालाब के निर्माण में उत्कृष्ट कार्य वाले जिले को पुरस्कार देने के लिए ए और बी दो श्रेणियां बनाई गई थी। ए श्रेणी में 4 या उससे कम जनपदों को शामिल किया गया था, जबकि बी श्रेणी में 5 या उससे अधिक जनपदों को शामिल किया गया था। शुक्रवार को जारी सूची में ए श्रेणी जिसमें 4 या उससे कम जनपद है, उसमें अनूपपुर जिला व बी श्रेणी जिसमें 5 या इससे अधिक जनपद है, उसमें बालाघाट जिले ने अपना स्थान बनाया है।

## ब्रीफ न्यूज

### लायंस क्लब आस्था की प्रथम कार्यकारिणी सभा हुई



**ग्वालियर।** लायंस क्लब आस्था द्वारा प्रथम कार्यकारिणी सभा का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। जिसमें वार्षिक योजना प्रपत्र प्रस्तुत कर वर्षभर किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाई गई। एजेंडा एवं बजट प्रस्तुत किया गया और जुलाई, अगस्त, सितंबर में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से जुलाई माह में शपथग्रहण समारोह, पौधारोपण, ब्लड कैंप आदि का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा बंसल ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर पास्ट आरसी सुनील शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही क्लब की जेडसी वन्दना जाजू ,पूर्व जेडसी प्रीती सिंह, ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष संगीता जौहरी, रेखा मथुरिया, रश्मि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनीता सिंह, उपाध्यक्ष मोहिता गोयल, संगीता गोयल, चंचल सिंह, सुनीता गुप्ता, सुमन गोयल, सरोज अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, रितेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार क्लब की सचिव प्रियंका अग्रवाल ने ज्ञापित किया।

### स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर भाविप ने दी श्रंद्धाजलि



**ग्वालियर।** स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर भारत विकास परिषद मध्यभारत उत्तर प्रांत द्वारा चेतकपुरी विवेकानंद मूर्ति चौराहे पर पहुंचकर रीजनल संयुक्त महासचिव अनूप अग्रवाल एवं प्रांतीय संयोजक ओमप्रकाश अग्रवाल व सह संयोजक रवि गर्ग द्वारा मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उपस्थित सदस्यों द्वारा विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द की 123वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के लिए कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए, वे युवाओं में आशा और उम्मीद देखते थे। कार्यक्रम में सहयोग शाखा, सम्पर्क शाखा, शिवाजी शाखा, विवेकानंद शाखा के सदस्य उपस्थित थे। जिसमें राजकुमार गर्ग फतेह बाबा, सुरेंद्र अग्रवाल, गोपालदास जैन , नंदकिशोर अग्रवाल, तुलसीदास वैश्य, रामनाथ अग्रवाल, जयजीव मिश्रा, अशोक हयारण, दिनेशचंद्र बंसल आदि उपस्थित थे।

### लापरवाही बरतने पर वार्ड 30 के वार्ड हेल्थ ऑफिसर को हटाया

**ग्वालियर।** स्वच्छता के कार्य में लापरवाही बरतने पर वार्ड 30 के वार्ड हेल्थ ऑफिसर देवेंद्र कटारे को वार्ड 18 में बनाया सफाई संरक्षक एवं जोनल हेल्थ ऑफिसर कृष्ण पाल मेहता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के जारी आदेशानुसार वार्ड 30 में भ्रमण के दौरान वार्ड में मुख्य मार्ग पर गंदगी एवं डिवाइडरों पर गंदगी तथा भ्रमण के दौरान अनुपस्थित मिलने पर श्री कटारे का उक्त कृत्य कार्य के प्रति गंभीर रूप से लापरवाही एवं उदासीनता बरती जाना दर्शाता है।

# जय-जय जगन्नाथ से गूंजा शहर, भक्तों ने खींचा रथ

### मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री व विधानसभा अध्यक्ष ने की आरती

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अंतरराष्ट्रीय कृष्णाभावनामृत (इस्कॉन) के तत्वावधान में पुरी की तरह शहर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शनिवार को जीवायएमसी मैदान से श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। रथ यात्रा निकलने से पहले राष्ट्रसंत मां कनकेश्वरी देवी, दंदरौआ सरकार के महंत रामदास महाराज, खनेता धाम रामभूषण दास महाराज व आयोजन समिति के संयोजक देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर ने भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, बलदाऊ जी की रथ में पूजा अर्चना की। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने भक्तों के साथ रथ को अपने हाथ से खींचा। रथ यात्रा शुरू होने से पहले जीवायएमसी मैदान में सुमधुर कीर्तन व पूजा-अर्चना की गई। रथ यात्रा में भक्तों ने सुर स्वागतम जगन्नाथम और जय जगन्नाथ स्वामी-जय जगन्नाथ शब्दों का उद्घोष किया। हजारों भक्तों ने अपने हाथों




से भगवान जगनाथ के रथ को खींचा तो कई लोगों ने रथ को धक्का देकर आगे भी बढ़ाया। समूचा शहर भगवान जगन्नाथ की भक्ति में रंगा हुआ दिखाई दिया तो युवाओं में भी अच्छा खासा जोश देखने को मिला। भगवान जगनाथ 40 फुट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ में सवार थे। जिसे बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रथयात्रा दाल बाजार, नया बाजार, लोहिया बाजार, ऊंट पुल, दौलतगंज, महाराज बाड़ा, नई सड़क, हनुमान चौराहा होते हुए गोपाल वाटिका पर संपन्न हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद भारत सिंह कुशवाह, इस्कॉन मध्यप्रदेश के जोनल सेक्रेटरी महामन प्रभु सहित अन्य पदाधिकारियों ने भगवान जगन्नाथ की महाआरती करते हुए हजारों भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।



### विप्र महासभा ने की पुष्पवर्षा, भेंट की स्मृति चिन्ह

शहर की सड़कों पर शनिवार को शाम भव्य स्वरूप में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का विप्र महासभा ने डॉ. दिलीप समाधिया के संयोजन में ऊंटपुल पर पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ की आरती की गई। इस अवसर जिला प्रभारी डॉ. समाधिया ने इस्कॉन के पदाधिकारियों एवं रथयात्रा के संयोजक देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष कपिल भार्गव, एसएस भटनागर, प्रमोद कुमार गुप्ता, विजय पाराशर, रामनिवास शर्मा, धीरज गोयल आदि उपस्थित रहे।

### चेतकपुरी की खस्ताहाल रोड पर सियासत

# मुझे खुशी है कांग्रेस ने मुझे टारगेट किया, जनता में पेठ वाले को ही टारगेट किया जाता है: सिंधिया

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

चेतकपुरी से सिंधिया महल तक की सड़क कुछ समय बनने के साथ ही बरसात में लगातार धसक रही है, लिहाजा महल के आसपास घूम रही यह सड़क अब सियासी अखाड़ा बनी हुई है। जगह जगह धंसकने से सड़क ने गहरी सुरंगों का रूप ले लिया। ग्वालियर की यह रोड न केवल नेशनल मीडिया में सुर्खियां बनी बल्कि इसको लेकर कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने भाजपा और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधा।

वहीं अब सिंधिया ने अब कांग्रेस पर पलटवार किया है। ग्वालियर प्रवास पर पहुंचे सिंधिया ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि कांग्रेस की इतनी पैनी नजर मेरे ग्वालियर पर है मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहिता हूं और उम्मीद करता हं कि जब अच्छी बातें हों तो उसे भी कांग्रेस देखे। उन्होंने शहर में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि ग्वालियर में स्टेडियम का निर्माण हुआ , में बाबा साहब अंबेडकर का धाम बन रहा है इस पर भी कभी जवाब दें। सिंधिया ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस जिन बाबा साहब का नाम लेकर राजनीति कर रही है उसने कभी बाबा साहब का सम्मान नहीं किया, उन्हें चुनाव में हराया,सदन से बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं पीएम मोदी देश में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव डॉ. अम्बेडकर का मान बढ़ा रहे हैं और ग्वालियर में ये प्रयास मैं कर रहा हूं। बता दें कि चेतकपुरी रोड इस समय नेशनल हाईलाइट न्यूज बनी हुई है। मीडिया तथा सोशल मीडिया पर इस सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों की फोटो और वीडियो को शेयर करते हुए कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर भ्रष्टाचार की सड़क कहते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा था। यही नहीं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य ट्विटर एकाउंट पर ये वीडियो शेयर हुए। यहां यह कहने में भी कोई हर्ज नहीं है कि लापरवाह नगर निगम प्रशासन के अफसरों की वजह से शहर को बदनामी झेलने पड़ रही है।



### मुझे घेरने की कोशिश होती रहती है

केंद्रीय मंत्री सिंधिया से जब मीडिया ने खस्ताहाल चेतकपुरी महल रोड को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर जवाब चाहा तो उन्होंने कहा मुझे कब टारगेट नहीं किया ये कोई नई बात है क्या, मुझे तो खुशी है कि मुझे टारगेट किया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा मुझे घेरने के प्रयास में लगी रहती है मगर असफलता ही मिलती है। दूसरे टारगेट भी उसे ही किया जाता है जिसकी जनता के बीच पैठ हो, मेरे लिए तो ये एक पूंजी है।

**सिंधिया ने कलेक्टर, निगम कमिश्नर को दिए निर्देश :** सिंधिया ने कहा मैंने सड़क के विषय में कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर को निर्देश दिया है कि जल्दी से जल्दी कार्यवाही होनी चाहिए और ग्वालियर शहर की पूरी सड़कें सुधारी जानी चाहिए, उन्होंने कहा कि बारिश में सब जगह सड़कें ख़राब होती है।

# सत्येन्द्र शर्मा ने पीले चावल बांटे



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का ग्वालियर अंचल को विकास और प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का संकल्प मुख्यमंत्री मोहन यादव का क्रियान्वयन प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट की कसावट और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की विकासशील सोच आज संकल्प से सिद्धि तक आइए हम सब इस ऐतिहासिक पल पर लागत 281.71 करोड़ के शिलान्यास कार्यक्रम में स्थान अंतरराज्यीय बस अड्डा, हजीरा थाना के पास, मुरैना रोड, ग्वालियर में पधारकर साक्षी बने। जनसंपर्क कर पीले चावल बांटने वालों में जिला मंत्री सत्येंद्र शर्मा के साथ जीतू कमरिया, गौरव शर्मा, माधव पचौरी, रोनित राठौर, कुलदीप शर्मा आकाश कुलश्रेष्ठ, सरस बदनावर, सचिन तोमर, विशाल भदौरिया, अमित दीक्षित, रामनरेश परिहार, अंकित वर्मा, रघुवीर शर्मा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# अग्रवाल परिचय सम्मेलन 31 को मेरठ में



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा मेरठ के नारायण सेवा सत्संग आश्रम शारदा रोड़ में 127वां युवक युवती परिचय सम्मेलन 31 जुलाई को दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। यह जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने एक बैठक में दी। श्री ऐरन ने बताया कि मेरठ में होने वाले परिचय सम्मेलन के लिए अग्रबंधुओं में काफी उत्साह है, अनेकों परिवार अपने विवाह योग्य बच्चों के रिश्ते करने के लिए काफी समय से प्रयासरत हैं। यह सम्मेलन खासतौर से समाज के सभी छोटे बड़े वर्ग को पंडाल के नीचे लाने का कार्य करेगा। सम्मेलन के लिए डॉक्टर, इंजीनियरिंग एवं बिजनेस मेन युवाओं का पंजीयन किया गया है। साथ ही 25 परिवार ऐसे भी है जिनके शादी होने के बाद किसी कारणवश रिश्ते टूट गये है और उनका तलाक हो गया है और कुछ के जीवन साथी बिछूड गये है, इनमें उदयपुर से प्रखर अग्रवाल, गाजियाबाद से नवीन अग्रवाल, रायपुर से संजीव अग्रवाल, आगरा से अभिषेक बंसल, युवती नेहा सिंघल, आदिस जैन, रूपा अग्रवाल, आरूषि अग्रवाल शामिल हैं।

### ज्ञान के नेत्र खोल देते है संतों के वचनः दंदरौआ महाराज

ग्वालियर। शताब्दीपुरम स्थित दंदरौआ धाम में पितृपक्ष में 7 सितम्बर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक संस्था वी केयर के तत्वाधान में आयोजित इस धर्मयज्ञ के दौरान पीड़ित मानवता की सेवा के लिए स्वास्थ्य यज्ञ भी आयोजित किया जाएगा और जरूरतमंदों को मेडीकल इक्यूमेंट्स निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। कथा परीक्षत साधना-राजीव कोठारी होंगे। कथा के दौरान शहर के विभिन्न अस्तपालों की टीमें लोगों को निःशुल्क इलाज प्रदान करेंगी। वी केयर के भास्कर शर्मा ने बताया कि कथा व्यास मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास महाराज के कृपा पात्र संत राधेश्यामदास महाराज होंगे। जिन्हें कथा परीक्षत साधना-राजीव कोठारी ने नारियल सौंपकर कथा व्यास बनने का अनुरोध किया, जिन्हें राधेश्याम महाराज ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस मौके पर मौजूद दंदरौआ हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने कहा कि कथा भागवत के माध्यम से संत लोगों को ज्ञान के नेत्र खोल देते हैं और जब ज्ञान हो जाता है तो भक्ति स्वतः ही जाग्रत हो जाती है। इस मौके पर संस्था के जीडी नगाइच, एसएस शुक्ला, संदीप रावत, आराधना दुबे भास्कर शर्मा, सागर नाती, संतोष झा, अभिलाष तिवारी, ध्रुव कौरव, शैलेंद्र राजपूत मौजूद रहे।

# भाजपा पार्षद बोलीं, क्या पानी खलनायक है?

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

बेचारा जल खलनायक बन गया। कल से घर की बालकनी में जाकर आकाश की तरफ देखती हूं। दिल कहता है अच्छी बारिश हो और दिमाग कहता है...ऐसा सोचना भी पाप है। यह कहना है वार्ड 58 की पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अपर्णा पाटिल का। उन्होंने कहा कि पानी आज खलनायक प्रतीत हो रहा है, पर जिम्मेदार कौन? ग्वालियर में हो रहे इस विध्वंस का वास्तविक खलनायक कौन है? पानी कभी भी हमारी तबाही का विचार तक नहीं कर सकता। यह तो ईश्वर प्रदत्त अमृत है, पर वो ऐसा कर रहा है। महानगर ग्वालियर में। हमने ग्वालियर में चंद वर्षों में जल को बेघर कर दिया। इसके विचरण करने के ठिकानों पर अतिक्रमण कर लिया। शहर के बड़े बड़े नदी, नालों, बावड़ियों को पाट दिया गया। हम स्वार्थी बनते चले गए। धीरे धीरे पानी के स्वाभाविक निवास विलुप्त होते चले गए। अब आप ही बताइए वर्षा का पानी जाएगा कहां? उसके स्वाभाविक घर तो हमने खत्म कर दिए। परिणामस्वरूप वो हमारे घरों में प्रवेश करने लगा। तबाही मचाने लगा। इसमें जल का दोष नहीं है। किसी को बेघर करोगे तो वो कहीं ना कहीं तो वो अपना आशियाना तलाशेगा ही। क्योंकि हमारे घर जल का स्वाभाविक आशियाना नहीं है इसलिए तबाही तो होगी ही। तबाही का यह मंजर द्विगुणित होता रहेगा प्रति वर्ष, यदि इस दिशा में कुछ ठोस कदम नहीं उठाए गए। अब समय आ गया हैं कुछ ठोस करने का। कड़े कदम उठाने का। इस त्रासदी को फुटबॉल ना बनाने का। कांग्रेस से बीजेपी के गोल पोस्ट की तरफ...बीजेपी से कांग्रेस के गोल पोस्ट की तरफ। गोल कभी होगा नहीं। जनता मैच देखती रहेगी। विध्वंस जारी रहेगा।

**ये मांग रखी**

- किसी भी गली, सड़क का निर्माण नगर नालियों के प्रावधान के ना हो।
- डांबर सड़क के निर्माण बगैर नालियों के प्रावधान के पूर्णतः प्रतिबंधित हों। यह एक आर्थिक अपराध माना जाए। बगैर नालियों के बनी डांबर सड़क एक वर्ष भी नहीं टिक सकती यदि सड़क के दोनों तरफ पर्याप्त कच्ची भूमि ना हो। शहरी क्षेत्र में यह पर्याप्त कच्ची भूमि संभव नहीं है।
- नदी नालों पर किए गए अतिक्रमण सख्ती से हटाए जाएं। ( यह बगैर लोह इच्छाशक्ति के संभव नहीं है।) पर इस दिशा में आगे बढ़ना ही होगा।
- शहर की तीनों विधानसभाओं में ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने हेतु विधानसभा वार डीपीआर (डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट ) बनवाई जाएं। फिर इस पर अमल हेतु फंड की व्यवस्था। यह सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है। यह संभव है। मैंने इस विषय पर पिछली परिषद की बैठक में विस्तृत व्याख्यान दिया था। पर दुर्भाग्यवश इस पर कोई ठहराव नहीं किया गया। मैं सभापति से पुनः करबद्ध प्रार्थना करूंगी कि इस पर ठहराव किया जाए। ताकि हम इस दिशा में सामूहिक रूप से आगे बढ़ सकें।

### जेसी मिल कन्या विद्यालय में सीमेंट बैंच दान की



**ग्वालियर।** लीनेस क्लब ग्वालियर द्वारा जेसी मिल कन्या महाविद्यालय बिरला नगर में दो बैंचों का सीमेंट निर्मित का दान किया गया। सीमेंट की बैंच कॉलेज परिसर की जरूरत थी। इस अवसर पर एआईएलसी की पूर्व प्रेजिडेंट लीनेस डॉ. आशा माथुर, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रंजना सिंह, अध्यक्ष एमजेएफ लीनेस डॉ. मीरा जैन, सचिव एरिया ऑफिसर लीनेस उषा सिकरवार, ट्रेजर लीनेस शशि शाह बंसल, लीनेस गीता शर्मा, लीनेस सुनीता सिकरवार आदि उपस्थित रहीं।

**जायजा** | सभी अधिकारियों व निगम अमले को निर्देशित किया

# प्रभारी मंत्री ने देखी चेतकपुरी एवं पटेल नगर रोड, नाले का भी किया अवलोकन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने शनिवार को सुबह चेतकपुरी एवं पटेल नगर रोड एवं चेतकपुरी के पास बने नाले का भी अवलोकन किया। सभी अधिकारियों व निगम अमले को निर्देशित किया कि निरंतर मॉनिटरिंग रखें जहां से भी कोई दिक्कत आए उसकी तत्काल निराकरण कराएं तथा इस बात का विशेष ध्यान रखें कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री सिलावट ने शनिवार को सुबह माधव नगर गेट के सामने निगम द्वारा किए गए पैच वर्क कार्य को देखा तथा इसके उपरांत चेतकपुरी रोड पर हुई गड्ढों को भी देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही चेतकपुरी के पास बने नाले का अवलोकन किया तथा नाले की विशेष साफ सफाई व्यवस्था के लिए प्लान तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री सिलावट ने पटेल नगर क्षेत्र में कल हुए रोड पर गड्ढे को भी देखा और अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री सिलावट ने निगम आयुक्त संघ प्रिय को निर्देश दिए कि निगम का पूरा हमला सतर्क रहे और लगातार मॉनिटरिंग करें जहां भी कोई समस्या हो तत्काल उसे ठीक किया जाए तथा यह भी ध्यान रखें कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि यदि आवश्यकता हो तो निगम में संसाधन और बढ़ाया जाए, जिससे नागरिकों की समस्याओं का निराकरण त्वरित हो सके। वहीं जल निकासी के लिए भी निगम अमला निरंतर मॉनिटरिंग करें, जहां भी जलभराव की शिकायत तो तत्काल अमला पहुंचकर जल निकासी की व्यवस्था करें।





## ब्रीफ न्यूज

### अमरनाथ यात्रा के लिए ग्वालियर से रवाना हुए श्रद्धालु, उत्साह और भक्ति का माहौल

**ग्वालियर।** पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए ग्वालियर से श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था रवाना हुआ। श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति, उत्साह और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। शनिवार को ग्वालियर से 225 श्रद्धालु अमरनाथ के दर्शन हेतु प्रस्थान कर रहे हैं। इस जत्थे में प्रमुख रूप से रवि जैन, अजीत जैन, संजय झा, विकास मित्तल, आकाश कुशवाहा, विकास कुशवाहा, लवकुश झा और पीयूष राठौर शामिल हैं। सभी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ भोलेनाथ के दर्शन को निकल पड़े। यात्रियों ने बताया कि वे वर्षों से इस दिव्य यात्रा में जाने की इच्छा रखते थे, और इस वर्ष उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यात्रा को लेकर प्रशासन और यात्रा समिति ने पूरी तैयारी की है। यात्रियों को रजिस्ट्रेशन, स्वास्थ्य परीक्षण, भोजन एवं सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। साथ ही यात्रियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं जिससे यात्रा सुरक्षित और सुगम बन सके। हर हर महादेव और जय बम भोले के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने रेलवे स्टेशन से अपनी यात्रा आरंभ की। इस धार्मिक यात्रा में भक्ति के साथ-साथ साहस और संयम का भी परिचय दिया जाता है। ग्वालियरवासियों ने इस मौके पर यात्रियों को शुभकामनाएं दीं और प्रभु से सभी की यात्रा मंगलमय और सुरक्षित रहने की प्रार्थना की।

### शहर की अत्यन्त जर्जर सड़कों पर एमपीसीसीआई ने की चिंता व्यक्त

**ग्वालियर।** शहर की अत्यन्त खराब सड़कों पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र लिखकर मांग की है कि शहर की सड़कों के सुदृढ़ीकरण हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारम्भ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया जाए और साथ ही, इस हेतु पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्वालियर शहर की सड़कों का कायाकल्प होकर, शहर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि संस्था द्वारा लिए गए पत्रों में इस बात का प्रमुखता के साथ उल्लेख किया है कि ग्वालियर शहर जो कि पूर्व में मध्य भारत की राजधानी था। इस शहर का सदैव ही एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस शहर ने विश्व को संगीत सम्राट तानसेन व उस्ताद अमजद अली खाँ सहित राजनीति के राष्ट्रीय क्षितिज पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री-माननीय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री, स्व. श्रीमंत माधवराव सिंधिया जैसे स्वच्छ छवि वाले महान राजनेता दिए हैं। इसके साथ ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यहां अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान स्थापित होने के साथ-साथ ग्वालियर सामरिक दृष्टि से भी देश का एक अतिमहत्वपूर्ण शहर है। बावजूद इसके अत्यन्त ही दुर्भाग्य की बात है कि ग्वालियर शहर वर्तमान में अपनी अत्यन्त दयनीय सड़कों के लिए सम्पूर्ण देश में ख्याति प्राप्त कर रहा है।

### बिजली की तड़क इतनी भयंकर थी कि लोग डर के कारण घरों में ही बंद होकर रह गए

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की हुई मौत, तो मकान भी हुआ क्षतिग्रस्त

सत्ता सुधार ■ भितरवार

मिली जानकारी के अनुसार भितरवार थाना क्षेत्र के रायपुरसानी (जनकपुर) का निवासी 65 वर्षीय कृषक राजेंद्र सिंह पुत्र किशन लाल रावत गांव से कुछ दूर स्थित खेतों पर बनाए गए पक्के मकान की दूसरी मंजिल पर बनी पक्की अटारी में सो रहा था परिवार के अन्य लोग नीचे की मंजिल में सो रहे थे। तभी शनिवार की अल सुबह 3:53 बजे के लगभग अचानक से क्षेत्र में आकाशीय बिजली की तड़-तड़ाहट इतनी भयंकर रूप से हुई की गहरी नींद में सोए लोग भी थर - थरा कर जाग गए, बिजली की तड़क इतनी भयंकर थी कि लोग डर के कारण घरों में ही बंद होकर रह गए।

लगभग 4:14 बजे तक आकाशीय बिजली का इसी प्रकार का धमाकेदार धमाका क्षेत्र में करीब 19 मिनट तक चलता रहा। इसी बीच 3-55 बजे एकदम विकराल रूप से आकाशीय बिजली बम के गोले की तरह गिरी जिसकी चपेट में आने से उक्त किसान की मौत हो गई। जहां किसान की मौत हुई तो वही किसान के मकान की ऊपरी मंजिल पर



#### बिजली गिरने से गौशाला की दीवार भी गिरी

आकाशीय बिजली गिरने से जहां ग्रामीण क्षेत्र के एक किसान की मौत हो गई है तो दूसरी ओर आकाशीय बिजली का तांडव भितरवार शहर में भी देखने को मिला। भितरवार नगर परिषद की नगर के वार्ड क्रमांक 5 में बनी मां पार्वती गौशाला की बाउंड्री वॉल की दीवार पर भी इसी बीच बिजली गिरी जिससे करीबन 20 से 25 फीट तक लंबी दीवार ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। जहां दीवार के दूसरी ओर बिजली गिरने से गहरा गड्ढा भी हो गया है।

बनी अटारी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। यहां तक की अटारी की दो पटियां भी टूटकर आकर किसान के ऊपर गिर गई और वह मलबे में दब गए।वहीं घटना के बाद नीचे सो रहे लोगों ने जब घर के ऊपर धमाके की आवाज सुनी तो वह भी डरते- डराते ऊपर पहुंचे और जब उन्होंने आकाशीय बिजली से मृत राजेंद्र सिंह को पटिया और छत के गिरे मलवे से दबा हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए और घर में चीख पुकार मच गई। जैसे- तैसे परिवार के लोग उन्हें भितरवार के सामुदायिक अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही घटना की जानकारी तहसीलदार धीरज सिंह परिहार को लगी तो वह भी अस्पताल पहुंचे जहां परिजनों और पुलिस की मौजूदगी के बीच तहसीलदार की देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम कर शव स्वजनों के सुपुर्द किया गया। वही मामले में भितरवार पुलिस द्वारा प्राथमिक तौर पर मिली पीएम रिपोर्ट के आधार पर मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

#### इनका कहना है....

रायपुर सानी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगने के बाद अस्पताल पहुंचा और मृतक का पीएम कराने के साथ ही, शासन से आर्थिक सहायता परिवार को शीघ्र मिले जिसके लिए प्रकरण भी तैयार किया गया है।

**-धीरज सिंह परिहार -तहसीलदार भितरवार**

**दो रोज पहले भी बिजली गिरने से हुई थी महिला की मौत -** उल्लेखनीय है कि दो रोज पहले बुधवार की दोपहर तकरीबन 12-30 बजे बैलगडा थाना क्षेत्र के ग्राम खोर में भी आकाशीय बिजली गिरने से 45 वर्षीय महिला मालती रावत की मौत हो गई थी। वही क्षेत्र में देखा जाए तो गत वर्ष भी आकाशीय बिजली गिरने से आधा दर्जन से अधिक लोगों की मृत्यु की और तकरीबन डेढ़ दर्जन मवेशियों की भी मृत्यु हो गई थी। गत वर्ष की घटना से अभी तक क्षेत्र के लोग उवर नहीं पाए तब तक दूसरी बार फिर घटनाओं का क्रम शुरू हो गया है, जिसके चलते बारिश के बीच अब किसान खेतों पर कृषि कार्य करने जाने में डरने लगे हैं।

# असामाजिक तत्वों ने 300 साल पुराने शिवलिंग को उखाड़ा, गर्भ ग्रह में किया 3 फीट गहरा गड्ढा

सत्ता सुधार ■ भितरवार

भितरवार अनुभाग के करहिया थाना क्षेत्र के ग्राम मेहगांव के पंचायत भवन के समीप लोगों की आस्था के प्रतीक 300 वर्ष से अधिक पुराने व प्राचीन शिव मंदिर में शुक्रवार और शनिवार की रात्रि किन्हीं अज्ञात असामाजिक तत्वों या दफीना खोरों ने तोड़फोड़ की। जिसकी जानकारी शनिवार की सुबह जब मंदिर के पुजारी कुलदीप पाराशर जब पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शिवलिंग को जलधारी सहित उखाड़ दिया गया है। वहीं स्थान पर दो से तीन फीट गहरा गड्ढा खोदा गया है।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर पहुंच गए और उन्होंने इसकी जानकारी करहिया पुलिस को दी। सूचना मिलने के तत्काल बाद करहिया थाना प्रभारी उप निरीक्षक



देवेंद्र लोधी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

वहीं पुराना और प्राचीन मंदिर होने के कारण मंदिर से ग्राम वासी ही नहीं आसपास के लोगों की भी गहरी आस्था जुड़ी हुई है। जिसके चलते ग्राम वासियों में मंदिर को छती पहुंचाने वाले चाहे दफीना खोर हों या असामाजिक तत्व, वही ग्राम वासियों ने पुलिस से भी स्पष्ट कह दिया है कि शीघ्रता से घटना को अंजाम देने वालों का पता लगाए और उन्हें कड़ी सी कड़ी सजा दे।

#### दफीना खोरों पर ग्रामीणों की आशंका

वही ग्रामीणों का मानना है कि मंदिर के नीचे खजाना होने की संभावना के चलते किन्हीं दफीना खोरों के द्वारा मंदिर के गर्भ ग्रह में स्थापित भगवान शंकर के लगभग 300 वर्ष से भी अधिक पुराने व प्राचीन शिवलिंग और जलधारी को दफीना खोदने के चक्कर में गड्ढा करके अलग किया गया है। फिर उसके और नीचे भी गड्ढा खोदा गया है। हालांकि पुलिस इस पहलू समेत अन्य कारणों पर भी जांच कर रही है।करहिया थाना प्रभारी देवेंद्र लोधी ने बताया कि मूर्ति तोड़ने वालों की पहचान की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की हर दिशा से जांच कर रही है।

## हमारी संस्कृति में समरसता व ज्ञान की गौरवशाली परंपराः मुख्यमंत्री



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति में समरसता व ज्ञान की हजारों साल पुरानी गौरवशाली परंपरा है। हमारे पूज्य संत रविदास, कबीर व भगवान गौतम बुद्ध से लेकर अन्य पुराने ऋषि-मुनियों व महापुरुषों ने समरसता की ज्योति जलाई। इसी से हमारे देश में अच्छाई-सच्चाई व मानवता के मूल सिद्धांतों की स्थापना हुई। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भी सामाजिक समरसता व समता का सिद्धांत दिया। साथ ही संविधान में सबको समान अधिकार प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर में आयोजित हुए समरसता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा खुशी की बात है कि ग्वालियर की पवित्र धरा से सामाजिक समरसता का आज नया सवेरा आया है, जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश में सामाजिक समरसता व सौहार्द्र का वातावरण और मजबूत होगा। यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित हुए समरसता सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य अतिथियों ने संतजन एवं विभिन्न क्षेत्रों में ग्वालियर व प्रदेश का नाम रोशन कर रहीं आधा दर्जन विभूतियों को समरसता सम्मान से विभूषित किया।

# जेयू के एनएसएस स्वयंसेवकों ने जिला अस्पताल मुरार में किया सेवाकार्य

### सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए किया जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जिला अस्पताल मुरार में जीवाजी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष सेवा कार्य एवं जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में एनएसएस के 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। उन्होंने मरीजों की देखभाल में सहायता की, अस्पताल परिसर की स्वच्छता में योगदान दिया तथा मरीजों और उनके परिजनों को सिकल सेल एनीमिया के लक्षण, उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस डॉ. हरिशंकर सिंह कंसाना ने बताया कि एनएसएस का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक बनाना है। इस सेवा कार्य के माध्यम से स्वयंसेवकों ने मानव सेवा का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्वयंसेवक वैभव सिंह ने कहा,



आज का दिन हमारे लिए बेहद प्रेरणादायक रहा। जब हमने मरीजों की आंखों में राहत और उम्मीद देखी, तो सेवा का असली अर्थ समझ में आया। जिला अस्पताल मुरार के सहायक प्रबंधक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश बिरथरिया ने एनएसएस टीम की सराहना करते हुए कहा, छात्रों का यह योगदान मरीजों के लिए न केवल मददगार रहा, बल्कि सामाजिक चेतना बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हुआ है। कार्यक्रम के दौरान मरीजों को पोषण सामग्री, फल और दवाओं से जुड़ी जरूरी जानकारी भी प्रदान की गई। अंत में सभी स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से जनकल्याण के लिए कार्य करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार वर्मा, जीवाजी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ से आकाश अस्थाना की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन से जुड़े कई चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### शक्ति भजन मंडल के ब्रह्मलीन महंत जगतराम चचढ़ा के शिष्य श्याम जुनेजा हुए ब्रह्मलीन

**ग्वालियर।** पंजाबी समाज में कोई पर्व या किसी भी सामाजिक सदस्य के यहां शुभ कार्य किया जाता है। वह अपने घर या मंदिर पर माता की चौकी का आयोजन किया जाता है तो सबसे पुराना प्रसिद्ध मंडल शक्ति भजन मंडल द्वारा माता का गुणगान किया जाता है। मंडल की स्थापना ब्रह्मलीन महंत जगतराम चचढ़ा (गोजरे वाले) द्वारा की गई थी, उसमें वरिष्ठ सदस्य के रूप में श्याम सुंदर जुनेजा अपनी मधुर वाणी से माता के भजनों का गुणगान हृदय से किया करते थे। उनका स्वभाव सरल हृदय संत जैसा था उनकी जुबान पर हर वक्त माता की ही भेटें ही गुनगुनाते रहते थे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार जिसमें पत्नी, दो पुत्र योगेश जुनेजा, भूपेंद्र जुनेजा, एक पुत्री कामना सभी विवाहित है, जिन्हें छोड़कर वह ब्रह्मलीन हुए उनके निधन की खबर से पंजाबी समाज में शोक व्याप्त हुआ और हर आंख नम हुई। श्रद्धांजलि सभा में मंडल के सदस्यों ने उमेश बत्रा, घनश्याम टुटेजा, जगदीश गुगनानी, सोनी, जितेंद्र खुराना, सतीश अरोड़ा, सतीश सचदेवा, बल्ले जुनेजा आदि सभी सदस्यों ने उनकी आत्म शांति के लिए भजन गाकर पुष्पांजलि अर्पित की तो वही पंजाबी सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा आदि उपस्थित हुए।

### ज्ञान के नेत्र खोल देते है संतों के वचन...

# दंदरौआ महाराज शताब्दीपुरम दंदरौआ धाम में पितृपक्ष में होगी राधेश्याम महाराज की भागवत कथा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शताब्दीपुरम स्थित दंदरौआ धाम में पितृपक्ष में 7 सितम्बर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक संस्था वी केयर के तत्वाधान में आयोजित इस धर्मयज्ञ के दौरान



पीड़ित मानवता की सेवा के लिए स्वास्थ्य यज्ञ भी आयोजित किया जाएगा और जरूरतमंदों को मेडीकल इक्यूमेंट्स निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। कथा परीक्षत साधना-राजीव कोठारी होंगे। कथा के दौरान शहर के विभिन्न अस्तपालों की टीमें लोगों को निःशुल्क इलाज प्रदान करेंगी। वी केयर के भास्कर शर्मा ने बताया कि कथा व्यास मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास महाराज के कृपा पात्र संत राधेश्यामदास महाराज होंगे। जिन्हें कथा परीक्षत साधना-राजीव कोठारी ने नारियल सौंपकर कथा व्यास बनने का अनुरोध किया, जिन्हें राधेश्याम महाराज ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस मौके पर मौजूद दंदरौआ हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने कहा कि कथा भागवत के माध्यम से संत लोगों को ज्ञान के नेत्र खोल देते हैं और जब ज्ञान हो जाता है तो भक्ति स्वतः ही जाग्रत हो जाती है। इस मौके पर संस्था के जी डी नगायच, एस एस शुक्ला, संदीप रावत, आराधना दुबे भास्कर शर्मा, सागर नाती, संतोष झा, अभिलाष तिवारी, ध्रुव कौरव, शैलेंद्र राजपूत प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


## कार्यालय, सेनानी, 13वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, सिकंदर कम्पू लश्कर ग्वालियर, (म.प्र.)

E-mail: co13bn_saf@mppolice.gov.in फोन नं. 0751-2445356

क्र./13वीं वाहि./ग्वा./सा.अ./ई-टेण्डर/850 /25 — दिनांक 02/07/25

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

13वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर (म.प्र.) में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मांग संख्या 003-2055 पुलिस-00-001 निर्देशन प्रशासन-9999-9545 [illegible] 33 [illegible] https://mptenders.gov.in [illegible] www.mppolice.gov.in [illegible] 24/07/2025 [illegible] 15:00 [illegible]

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य का क्षेत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य की अनुमानित लागत राशि जीएसटी सहित | ईएमडी राशि | सम्पूर्ण कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] (ठेका पद्धति द्वारा) | 13वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर (म.प्र.) | रु.-1,000/- (एक हजार मात्र) | 376140/- | 11284/ | 60 दिवस |

समय सारणी:-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | दिनांक 03/07/2025 के 10:00 बजे |
| 2 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | दिनांक 03/07/2025 के 10:00 बजे से |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 23/07/2025 के 14:00 बजे से |
| 4 | निविदा खोलने की दिनांक एवं स्थान | दिनांक 24/07/2025 के 15:00 बजे सेनानी कार्यालय 13वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर |

तकनीकी निविदा- [illegible]

व्यावसायिक निविदा- [illegible]

1- [illegible] 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) 8443- [illegible] 0055- पुलिस-800- [illegible]

2- निविदा की विस्तृत जानकारी म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदाएं https://mptenders.gov.in पर दिनांक 03/07/2025 से 23/07/2025 तक आमंत्रित की गई है, जिसे दिनांक 24/07/2025 को समय 15:00 बजे खोला जायेगा।

सेनानी
13वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर

G-15205/25


## आभार — पांडाल में गूंजा जयघोष, मंच पर दंडवत होकर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया है

# भरे मंच पर मंत्री प्रद्युम्न तोमर का केंद्रीय मंत्री सिंधिया को दंडवत प्रणाम

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जुदा अंदाज और अपने तरह की अलग कार्यशैली के कारण अक्सर सुर्खियों में रहने वाले ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का एक और वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह भरे मंच पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दंडवत प्रणाम करते दिखाई दिए। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है, ऊर्जा मंत्री ने जनता की मांग मनवाने और उनके पूरा होने पर अनेक बार भरे मंच पर दंडवत होकर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया है। वहीं यह बात भी किसी से छिपी नहीं है ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर कैलाशवासी माधवराव सिंधिया के समय से महल के प्रति आस्थावान रहे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कट्टर सिपाही के तौर पर उनकी पहचान जग जाहिर है। बता दें कि साल 2018 में मध्य प्रदेश में कमलनाथ सरकार में तोमर नागरिक आपूर्ति मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इसी बीच साल 2020 में सिंधिया का ईगो हर्ट हुआ और उन्होंने कांग्रेस का दामन छोड़ने का निर्णय लिया तो प्रद्युम्न सिंह तोमर उसमें सबसे आगे थे। उन्होंने सिंधिया के एक इशारे पर किसी को बिना कुछ बताए साथी विधायकों के कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और सिंधिया के साथ भाजपा का दामन थाम लिया था। तमाम आंतरिक और बाहरी विरोध के बावजूद 2020 में ही हुए उपचुनाव में प्रद्युम्न तोमर बीजेपी के टिकिट पर चुनाव जीते और प्रदेश की शिवराज सरकार में ऊर्जा मंत्री बने। शनिवार को जब ग्वालियर में आयोजित आईएसबीटी लोकार्पण समारोह के दौरान शहर के साथ उनकी विधानसभा में जनता के लिए करोड़ों की कल्याणकारी योजनाएं झोली में आईं तो एक बार फिर ऊर्जा मंत्री ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को सार्वजनिक मंच पर दंडवत प्रणाम किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव सहित तमाम वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद थे।



#### चर्चा का विषय, मंत्री का जुदा अंदाज

ऊर्जा मंत्री तोमर कभी नालों में उतरकर सफाई करते नजर आते हैं, तो कभी अपने हाथों से टॉयलेट को साफ करते दिखाई देते हैं। अभी हाल ही में भीषण गर्मी में एसी का उपयोग बंद कर खुले में सोने के कारण भी चर्चा में रहे, इसके साथ ही ग्वालियर में रहने पर एक महिने के चार पहिया वाहन का उपयोग बंद कर दिया था। यही नहीं उन्होंने प्रदूषण कम करने का संदेश देने के लिए मैराथन भी आयोजित कराईं। उनका यही अंदाज है जो राजनीति में उन्हें अन्य नेताओं से जुदा शख्शियत के रूप में लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

## ब्रीफ न्यूज

### अमेरिका ने हथियारों की बड़ी खेप रोकी

**कीव।** यूक्रेन में जारी जंग के बीच अमेरिका ने हथियारों की एक बड़ी खेप रोक दी, जिससे यूक्रेनी सरकार सकते में आ गई। यह निर्णय अमेरिकी डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ ने अकेले लिया, लेकिन जल्द ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को फोन कर भरोसा दिलाया- हम आपके साथ हैं। हम जल्द हथियारों की आपूर्ति पर फिर से बात करेंगे। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा- हमने साथ मिलकर बहुत कुछ पाया है, और अब एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में मिलकर कदम बढ़ाएंगे।

### परमाणु निगरानी निरीक्षकों को वापस बुलाया

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था आईएईए ने अपने अंतिम निरीक्षकों को भी वापस बुला लिया है। अमेरिका और इजरायल के हालिया हमलों के बाद ईरान ने आईएईए से सहयोग रोकने का कानून पास कर दिया है। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी ने साफ किया कि वे अपने फैसले पर कायम हैं, भले ही ईरान इसे हमलों का आधार मानता रहे। यह घटनाक्रम सिर्फ कूटनीति नहीं, पूरी दुनिया की सुरक्षा से जुड़ा मसला बन गया है। हालांकि इस बीच खबर आई है कि अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत शुरू होगी।

### रोम में पेट्रोल पंप पर धमाका 45 की मौत

**रोम।** शनिवार को सुबह 8 बजे के करीब एक पेट्रोल पंप पर हुआ जोरदार धमाका हुआ। इससे लोग झुलस गए। हादसा एक ट्रक के पाइपलाइन को टक्कर मारने से हुआ। जिसके बाद गैस लीक हुई, और फिर विस्फोट हो गया। धमाके की चपेट में आए 45 लोगों में 12 पुलिसकर्मी और 6 दमकलकर्मी शामिल हैं, जिनमें से दो की हालत बेहद नाजुक है। पास के एक स्पोर्ट्स कैंप को समय रहते खाली कर लिया गया, नहीं तो मामला और गंभीर हो सकता था। पोप लियो और प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने घायलों के लिए प्रार्थना की और राहतकर्मियों को सलाम किया।

### मसूद अजहर मामले में पाकिस्तान ने फिर झाड़ा पल्ला

# मसूद अजहर पाक में नहीं, भारत सबूत दे तो अरेस्ट करने को तैयार हैं: बिलावल



एजेंसी ■ इस्लामाबाद

भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी और जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को लेकर पाकिस्तान ने एक बार फिर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश की है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने एक साक्षात्कार के दौरान दावा किया कि मसूद अजहर पाकिस्तान में नहीं है और उसे गिरफ्तार करने के लिए इस्लामाबाद को भारत की ओर से ठोस सबूत चाहिए। गौरतलब है कि वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की छवि दुनियाभर के आतंकवादियों को पालने और संरक्षण देने वाली रही है। इस बात के सबूत भी समय-समय पर मिलते रहे हैं। जहां तक बात मसूद अजहर की है तो भारत में कई बड़े हमलों से इसका नाम जुड़ा रहा है। जानकारी अनुसार मसूद अजहर का नाम भारत में जिन वीभत्स आतंकी हमलों के साथ जुड़ा रहा उनमें 2001 का संसद हमला, 2008 का 26/11 मुंबई हमला, 2016 का पठानकोट एयरबेस हमला और 2019 का पुलवामा आत्मघाती हमला, जिसमें 40 से अधिक सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। उक्त घटनाओं के कारण संयुक्त राष्ट्र ने 2019 में मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया था। हाल ही में भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ एक गोपनीय सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसमें मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी साथी मारे गए थे। यह कार्रवाई पाकिस्तान अधिकृत क्षेत्र में स्थित जैश के ठिकानों पर की गई थी। अब ऐसे में जब बिलावल भुट्टो कहते हैं कि पाकिस्तान को नहीं पता मसूद कहां है।

### बिलावल ने क्या कहा

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा, कि मसूद अजहर पाकिस्तान में नहीं है। भारत के पास यदि कोई ठोस जानकारी है, तो उसे साझा करे, हम गिरफ्तार करेंगे। इसके साथ ही वो कहते हैं कि भारत के पास कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है। मसूद के अफगानिस्तान में होने की अधिक संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि हाफ़िज़ सईद पाकिस्तान में सरकारी हिरासत में है, और यह तथ्य भारत को स्वीकार करना चाहिए। बिलावल भुट्टो ने मसूद के अफगान जिहाद से पुराने संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि वह संभवतः अफगानिस्तान में छिपा हुआ है। जानकारों की मानें तो बिलावल का यह बयान अंतरराष्ट्रीय दबाव से बचने की रणनीति भी हो सकती है। बिलावल भुट्टो का यह बयान पाकिस्तान की परंपरागत रणनीति को ही उजागर करता है, जब भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बढ़ता है, आतंकियों की मौजूदगी से इनकार कर देना। भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह समझना होगा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सैन्य मोर्चे की नहीं, राजनयिक और वैचारिक स्तर पर भी सख्त रवैये की मांग करती है।

### पिकनिक मनाते वक्त डोनाल्ड ट्रंप ने वन बिग ब्यूटीफुल विधेयक पर किए साइन

**वॉशिंगटन।** दुनिया में चर्चित रहा अमेरिका का वन बिग ब्यूटीफुल बिल कानून बनने के बाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाइट हाउस में पिकनिक मनाते वक्त इस वन बिग ब्यूटीफुल बिल पर साइन किया। इस बिल का असल नाम टैक्स एंड स्पेंडिंग बिल है। बीते दिन ही अमेरिकी संसद से इस बिल को पास किया गया था। डोनाल्ड ट्रंप के सिग्नेचर करते ही इस बिल ने कानून की शक्ल ले ली। कांग्रेस में इस बिल को लगभग सभी रिपब्लिकन समर्थन प्राप्त हुआ। अमेरिका की आर्थिक नीति के लिहाज से ट्रंप इसे अहम बता रहे हैं। इस कदम से ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की विरासत मजबूत हो सकती है। इस मौके पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, मैंने अपने देश में लोगों को इसके कारण कभी इतना खुश नहीं देखा, क्योंकि इतने सारे अलग-अलग समूहों के लोगों मसलन- सेना, सभी प्रकार के नागरिक, सभी प्रकार की नौकरियां का ध्यान रखा जा रहा है। ट्रंप ने कहा कि इसलिए आपके पास अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी कर कटौती, सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा निवेश है।

# फिर ट्रंप पर भड़के एलन मस्क ने दिए तीसरी पार्टी बनाने के संकेत




एजेंसी ■ वाशिंगटन

कभी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी सहयोगी रहे टेस्ला के सीईओ और अरबपति एलन मस्क के बीच एक बार फिर तीखी नोकझोंक देखने को मिल रही है। मस्क ने हाल ही में ट्रंप के इस बिल की आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से आत्मघाती और पुराने उद्योगों को बढ़ावा देने वाला बताया। दूसरी ओर, ट्रंप ने मस्क पर पलटवार करते हुए कहा कि मस्क को मिलने वाली इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी को खत्म किया जा सकता है, और बिना सरकारी मदद के उनकी कंपनियां बंद हो सकती हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, एलन को लंबे समय से पता था कि मैं इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश के खिलाफ हूं। बिना सब्सिडी के उन्हें शायद दुकान बंद कर साउथ अफ्रीका लौटना पड़ सकता है।

4 जुलाई को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मस्क ने एक्स पर एक पोल शुरू किया, जिसमें उन्होंने पूछा, क्या हमें दो दलों के सिस्टम से आजादी चाहिए? क्या हमें अमेरिका पार्टी बनानी चाहिए? इस पोल ने अमेरिकी जनता और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच एक नई बहस को जन्म दिया है। इस दौरान एक यूजर ने लिखा, एलन द्वारा तीसरी पार्टी शुरू करना टेस्ला और स्पेसएक्स के समान है। सफलता की संभावना कम है, लेकिन यदि सफल रहा तो यह खेल को पूरी तरह से बदल देगा। इस पर एलन मस्क ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे 100 फीसदी सही बताया। मस्क ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर 1 जुलाई को लिखा, यदि यह पागलपन भरा खर्च बिल पास होता है, तो अगले ही दिन अमेरिका पार्टी का गठन कर दिया जाएगा। हमारे देश को डेमोक्रेट-रिपब्लिकन यूनिपार्टी से एक विकल्प चाहिए ताकि लोगों की आवाज वास्तव में सुनी जाए। उन्होंने इस बिल को पोर्की पिग पार्टी की संज्ञा दी, जिसका मतलब है कि यह बिल अनावश्यक सरकारी खर्च को बढ़ावा देता है। मस्क ने यह भी धमकी दी कि जो रिपब्लिकन सांसद इस बिल का समर्थन करेंगे, उनके खिलाफ वह अगले साल प्राइमरी चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेंगे।

अमेरिका में कोई भी तीसरी पार्टी बना सकता है, और अमेरिका में कई छोटी पार्टियां जैसे लिबरटेरियन पार्टी, ग्रीन पार्टी, और अन्य मौजूद हैं। लेकिन तीसरी पार्टी का प्रभावी होना बहुत मुश्किल है क्योंकि- अमेरिका में विजेता-सब कुछ लेता है प्रणाली है, जो दो-पक्षीय प्रणाली को बढ़ावा देती है। आनुपातिक प्रतिनिधित्व की कमी के कारण छोटी पार्टियों को जीतना मुश्किल होता है। प्रत्येक राज्य में मतपत्र पर जगह पाने के लिए कठिन नियम हैं, जैसे हस्ताक्षर जुटाना, जो छोटी पार्टियों के लिए महंगा और समय लेने वाला है। इसके अलावा, डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टियों के पास विशाल धन, संगठन और स्थापित समर्थन आधार है।



# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है।

दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान



किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है।

# भ्रष्ट व्यवस्था के संरक्षण में चलता है गोमांस का अवैध कारोबार



मनोज कुमार अग्रवाल

**पंजाब के फगवाड़ा-गोराया के बीच हाईवे पर स्थित ज्योति ढाबे से दो दिन पहले क्विंटलों गोमांस बरामद किया गया. इस संबंध में विभिन्न हिंदू संगठनों के नेता और गौ रक्षक संस्थान के सदस्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने रोष व्यक्त किया. हिंदू संगठनों ने कहा कि ढाबे के अंदर एक बड़ा फ्रीजर बनाया गया था, जिसमें क्विंटलों गोमांस रखा हुआ था।**

आप जानते हैं कि गाय को हिन्दू माता मानते हैं। कहा जाता है कि गाय में 33 कोटि देवताओं का वास रहता है जो हर तरह से हमारी रक्षा करती है परंतु आज यही गौ माता समाज के एक वर्ग के लोगों के अत्याचारों का शिकार हो रही है।

2 जुलाई, 2025 को पंजाब के फगवाड़ा में गांव चाचोकी के निकट स्थित योति वैष्णो ढाबा, जिसे अब सील कर दिया गया है, के पीछे कोल्ड स्टोरेज के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले तहखाने में गौमांस की प्रोसैसिंग फैक्टरी तथा बड़ी मात्रा में पैक किए हुए गौमांस का पता चलने पर शहर में तनाव फैल गया।

इसका पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.) तथा अन्य स्थानीय हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के अनुसार यहां प्रतिदिन क्विंटलों के हिसाब से गौमांस की पैकिंग की जाती थी।

इसी परिसर में एक कमरे के बाहर एक बर्तन में पकाया हुआ गौमांस भी बरामद हुआ है जिसके बारे में जानकारों का कहना है कि यहां गौमांस को प्रोसैस करने वाले लोग स्वयं भी गौमांस पकाकर खाते थे। यहां इतनी अधिक असहनीय दुर्गंध फैली हुई थी कि सांस लेना भी मुश्किल था।सवाल यह है कि हिन्दू संगठन के लोग इस अवैध धंधे को पकड़ रहें हैं फिर पुलिस क्या कर रही है। जाहिर है सारा अवैध गोमांस का धंधा कुछ पुलिस की गंदी मछलियों के संरक्षण में चल रहा है।

पुलिस ने इस मामले में शामिल कुल 17 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है तथा इस सिलसिले में 8 लोगों (लेबर) को गिरफ्तार करने के अलावा 29 क्विटल 32 किलो गौमांस बरामद कर लिया है।

इस अवैध गौमांस फैक्टरी में जहां उत्तर प्रदेश के रहने वाले 3 लोग शामिल बताए जाते हैं, वहीं इस रैकेट में म्यांमार के रोहिंग्या भी शामिल बताया गया हैं। इसका प्रमाण फगवाड़ा पुलिस द्वारा थाना सिटी में दर्ज की गई एफ. आई.आर. है जिसमें म्यांमार के रहने वाले अरमान नामक व्यक्ति का उल्लेख है।गौमांस की तस्करी करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. आरोपियों में मुख्तयार आलम, आजाद, जाकिर हुसैन, रिहाना आलम और मिंजर अली मालदा पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं. अरशद उत्तर प्रदेश का और मदन शाह जालंधर जिले के गोराया का रहने वाला है।

संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने शिवसेना पंजाब के सीनियर उपाध्यक्ष



इंद्रजीत करवल, अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति के दीपक भारद्वाज एवं अन्य गौभक्तों की मौजूदगी में बताया कि यहां गौमांस की पैकिंग कर इसकी सप्लाई दिल्ली, श्रीनगर आदि विभिन्न स्थानों को भेजी जा रही थी।

फगवाड़ा पुलिस द्वारा दर्ज एफ.आई.आर. में उल्लेख किया गया है कि गौवंश को होशियारपुर रोड पर स्थित एक हड्डा रोड़ी में काटा जाता था और वहां से गौमांस को बोनलैस करके उक्त फैक्टरी में डीप फ्रीज किया जाता था और गौवध तेजधार दातरों से नहीं, मोटर चालित आरियों से किया जाता था।

डी. एस. पी. भारत भूषण का कहना है कि अभी पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है और ऐसा हो सकता है कि फगवाड़ा में ही गौवंश काटा गया हो तथा पुलिस गौमांस की फैक्टरी के आसपास के खेतों सहित होशियारपुर रोड पर मौजूद हड्डा रोड़ी के पूरे इलाके की खुदवाई करवाएगी।

फर्स्ट वाइस ब्रांड नाम वाले 900 ग्राम वजन के गौमांस के इन पैकेटों पर अरबी और अंग्रेजी भाषाओं में हलाल तथा व्हील क्यूब्स लिखा हुआ है। जानकारों के अनुसार व्हील शब्द का प्रयोग गौमांस विशेष रूप से छोटी आयु (6 महीने) के बछड़े-बछड़ियों के लिए किया जाता है जिसकी विदेशों में काफी कीमत मिलती है।

संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह के अनुसार पूरे पंजाब में ऐसी लगभग 14 फैक्टरियां चल रही है। इतने बड़े पैमाने पर गौवध किसी राजनीतिक संरक्षण के बिना चला पाना संभव नहीं है।

फगवाड़ा के विधायक बलविंद्र सिंह धालीवाल तथा गौभक्तों का आरोप है कि इस रैकेट में शामिल एक आरोपी की अवैध गतिविधियों के बारे में फगवाड़ा पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी गई थी परन्तु उनकी किसी ने नहीं सुनी तथा मामले को दबाया जाता रहा।


मामले में गुरुप्रीत सिंह पुत्र अवतार सिंह के बयानों पर मुकदमा दर्ज किया गया है. उन्होंने गुप्त सूचना देते हुए बताया कि फगवाड़ा से लुधियाना साइड जीटी रोड योति ढाबे के बैकसाइड में बने हुए पैकिंग प्लांट में भारी मात्रा में गाय का मांस पैक किया जाता है. मांस काटने और पैकिंग का काम कई लोग करते हैं. गौमांस की कटिंग हड्डा रोड, होशियापुर रोड (फगवाड़ा) में की जाती है. फिर योति ढाबे की बैकसाइड गोदाम में बने पैकिंग प्लांट में उसकी पैकिंग की जाती है, जिसे दिल्ली और श्रीनगर तक सप्लाई किया जाता है.गुरुप्रीत सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि अगर मौके पर जाकर छापा मारा जाए तो योति ढाबे के बैकसाइड पैकिंग प्लांट से भारी मात्रा में पैक्ड गौमांस बरामद किया जा सकता है. इसी सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया. आज पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगी.

कोर्ट ने पुलिस को आरोपियों की रिमांड दे दी. मामले में अभी आरोपियों के अलावा अन्य लोगों की इनवोलवमेंट का भी खुलासा होने की संभावना है, जो गौमांस की तस्करी करते हैं.

फगवाड़ा में गौमांस की फैक्टरी का मिलना असंख्य हिंदुओं की आस्था से सीधा जुड़ा होने के अलावा कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है। अतः यथाशीघ्र इस मामले की तह तक जाकर आरोपियों तथा राय में चल रही अन्य ऐसी फैक्ट्रियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# डॉ. मुखर्जी की संकल्पना पर बनी कश्मीर नीति

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन के कई सारे महत्त्वपूर्ण कामों में से तीन काम ऐसे थे जो सदियों तक देश याद करेगा। देश के इतिहास को बदलने वाले यह तीन काम थे ,आजादी के पहले बंगाल का विभाजन कराना।दूसरा भारतीय जनसंघ की स्थापना और तीसरा कश्मीर के लिए आंदोलन। एक देश में दो निशान दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे । यह शब्द हैं, जनसंघ के संस्थापक और इसके पहले अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के।वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन के सपनों के कश्मीर को आज हम देख रहे हैं ।



भारतीय राजनीति में वह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने कश्मीर को विशेष दर्जा दिए जाने के खिलाफ आवाज बुलंद की थी । उन्होंने कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने का सपना देखा था उन्होंने 370 हटाने के लिए है लड़ाई लड़ी। आज हम जिस कश्मीर को देख रहे हैं उसकी नींव श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही रखी थी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पदचिन्हों पर चलते हुए केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटा दिया। एक देश में दो निशान दो विधान दो संविधान नहीं चलेंगे इस नारे को साकार आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने धारा 370 को हटा करके किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं दृढ़ इच्छाशक्ति तथा गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के कारण अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हमेश के लिए खत्म कर दिया गयाएक निशान, एक विधान, एक प्रधान का जो सपना डॉ. मुखर्जी ने देखा था, उसे



भूपेन्द्र सिंह

प्रधानमंत्री मोदी ने साकार किया। डॉ. मुखर्जी का कहना था, 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे।'यह नारा जनसंघ और आगे चलकर भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए संकल्प वाक्य बना।

डॉ. मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की बागडोर अपने हाथो में ली है, तब से कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने, भारतीय संस्कृति की शिक्षा एवं संस्कार को आधार मानते हुए सारे विश्व में इसके प्रसार के लिए वे अग्रदूत की भूमिका का निर्वहन कर रहे है। डॉ. मुखर्जी के दृष्टिकोण एवं संकल्पों को श्री मोदी ने 'माय इंडिया ऑफ इंडिया' के रूप में कई बार संसार के समक्ष भी रखा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने डॉ. मुखर्जी के अखण्ड भारत के सपने को आकार देते हुए जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश एक निशान एक संविधान को लागू कर राष्ट्र उन्हें वास्तविक श्रद्धांजलि दे रहा है।

डॉ. मुखर्जी का दृष्टिकोण, मोदी सरकार के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश पुंज के समान है। मोदी सरकार की 11 साल से अधिक की लंबी यात्रा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन को मानने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों के अनुरूप रही है। आजादी के बाद बनी नेहरू सरकार में डॉ. मुखर्जी को उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनायागया। वह सरकार का हिस्सा थे, किंतु उसी दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा नेहरू लियाकत पैक्ट में हिंदू हितों की अनदेखी से क्षुब्ध होकर उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चालक गुरु गोलवलकर जी से परामर्श करने के बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक और पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में भारतीय जन संघ की नींव रखी गई। 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव में जनसंघ तीन सीटो पर चुनाव करने में सफल रहा। डॉ. मुखर्जी कोलकाता से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। विपक्ष के कई दलों ने मिलकर उन्हों लोकसभा में विपक्ष का नेता चुना। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370, परमिट सिस्टम को वह देश की एकता व अखंडता में बाधक मानते थे। इसके लिए संसद में उन्होंने कई बार आवाज उठाई। 1951-52 में पहले आम चुनाव के दौरान प्रजा परिषद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में राजनीतिक दल-जनसंघ ने डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की उन बातों का समर्थन किया, जिनमें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने तथा राज्य को पूरी तरह से भारत के संविधान के अंतर्गत लाने संबंधी विचार रखे गए थे। यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और मास्टर तारा सिंह के संघर्ष का ही परिणाम था कि आधा पंजाब और बंगाल भारत का अभिन्न अंग बना रहा। परमिट सिस्टम का विरोध करते हुए उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बिना परमिट आने का निर्णय किया।

जम्मू में प्रवेश के साथ ही उन्हें हिरासत में ले लियागया, गिरफ्तारी के 40 दिन बाद 23 जून 1953 को श्रीनगर के राजकीय अस्पताल में रहस्यमयी तरीके से भारत माता के महान पुत्र डॉ. मुखर्जी के मृत्यु हो गई। गांधी जी और सरदार पटैल के अनुरोध पर वे भारत के पहले मंत्रिमंडल में शामिल हुए। उन्हे उद्योग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी। संविधान सभा और प्रान्तीय संसद के सदस्य और केन्द्रीय मंत्री के नाते उन्होंने शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान बना लिया। किन्तु उनके राष्ट्रवादी हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने एक नई पार्टी बनायी जो उस समय विराधी पक्ष के रूप में सबसे बड़ा दल था। जब कभी भारत की एकताअखंडता एवं राष्ट्रीयता की बात होगी तब-तब डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रजीवन में किये गए योगदान की चर्चा अवश्य होगी। भारतीय जनता पार्टी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपना आदर्श मानती है। इसलिए बीजेपी का यह प्रमुख नारा है जहां हुए बलिदान, वह कश्मीर हमारा है। जो कश्मीर हमारा है वह सारा का सारा है । श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मानना था एक देश में दो निशान नहीं हो सकते हैं। प्रखर राष्ट्रवाद के पुरोधा के तौर पर आज उनको याद किया जाता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने साल 1953 में बिना परमिट के कश्मीर का दौरा किया था। जहां उन्हें जम्मू कश्मीर के तत्कालीन शेख अब्दुल्ला सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। इसी दौरान रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। जिसके बाद खूब हंगामा हुआ। और अंत में जवाहरलाल नेहरू ने कश्मीर से परमिट सिस्टम को हटा दिया। देश की आजादी के बाद जब संविधान सभा बनी तो बंगाल ने अपने प्रतिनिधि भेजे उसमें सबसे पहला नाम श्यामा प्रसाद मुकर्जी जी का उनका बहुत बड़ा योगदान है देश के संविधान को संपूर्ण बनाने में।

देश का खामी खादी ग्राम उद्योग बोर्ड की स्थापना श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी ।श्यामा प्रसाद जी ने सन 1917 में प्रेसीडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया. सन 1921 में उन्होंने बीए (ऑनर्स) की परीक्षा अंग्रेजी विषय के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी, उस वक्त विश्वविद्यालय स्तर पर अंग्रेजी का ही दबदबा ÷था, लेकिन देश प्रेम की अटूट भावना ने श्यामा प्रसाद को एम ए. में अंग्रेजी विषय पढ़ने से रोक दिया, अब तक वे भली-भांति समझ चुके थे कि अंग्रेजी भाषा को प्रोत्साहन देने का मतलब है, अपनी स्वयं की भाषा और संस्कृति को भूल जाना, सच्चे हिंदुस्तानी होने का परिचय देते हुए, उन्होंने अंग्रेजी भाषा के स्थान पर भारतीय भाषा को अपना विषय बनाया। श्यामा प्रसाद जी हिंदू महासभा के भी अध्यक्ष बने और जब श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सामने हिंदू महासभा का प्रस्ताव आया तब स्वयं महात्मा गांधी जी ने श्यामा प्रसाद जी को कहा था कि आपने यह प्रस्ताव तत्काल स्वीकार कर लेना चाहिए क्योंकि पंडित मदन मोहन मालवीय के बाद अगर हिंदू समाज का कोई नेतृत्व कर सकता है। तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी आप ही हो कि हिंदू समाज का प्रतिनिधि कर सकते हो, मालवे जी के बाद अगर हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करने की श्रद्धा स्वयं गांधी जी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर थी।

भारतीय राष्ट्रवाद के प्रणेता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर राष्ट्र द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के अवसर पर, आइए हम एक गौरवशाली और मजबूत राष्ट्र से जुड़े उनके महान विचारों व ज्ञान को याद करें।

**(लेखक मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री एवं वर्तमान में खुरई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं)**

# पृथ्वी पर ओजोन का बढ़ता खतरा

मुकेश तिवारी

विश्व भर में वायुमंडल की ओजोन परत के क्षय होने की समस्या से निजात पाने के लिए तो तमाम सारे कानून मौजूद है ,लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि पृथ्वी की सतह पर ओजोन की बढ़ती मात्रा की रोकथाम के लिए कोई कानून नहीं है। गौरतलब है कि भूमि पर ओजोन की बढ़ती मात्रा वायु प्रदूषण में ईजाफा कर रही है। जानकारों का कहना है कि इस अदृश्य प्रदूषण को नजरंदाज नहीं किया जा सकता, क्यों कि यह मानव और पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। इन दिनों हमारी पृथ्वी जिस नए संकट से जूझ रही है, वह भूमि पर मौजूद ओजोन का खतरा है ।16दिसम्बर1987 को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में ओजोन परत से उत्पन्न संकट के निदान हेतु कनाडा के मांट्रियल शहर में विश्व भर के तीन दर्जन से अधिक देशों ने स्वेच्छा से समझौते पर दस्तखत किए थे। उक्त समझोते को मेट्रियल प्रोटोकॉल के नाम से जाना जाता है। कनाडा सम्मेलन में इस मुद्दे पर भी विचार विमर्श किया गया था कि ओजोन परत का विनाश करने वाले पदार्थ क्लोरोफलोरो कार्बन के उत्पादन और उपयोग को कैसे सीमित किया जाए। हिंदुस्तान ने भी इस पर अपनी सहमति जताते हुए दस्खत किए थे, लेकिन हैरत की बात है कि इस पर अभी तक अमल नहीं हुआ।

तल्ख सच्चाई यह है कि ओजोन गैस वायुमंडल में पतली और पारदर्शी परत के रूप में मौजूद रहती है। हालांकि वायुमंडल में ओजोन का प्रतिशत अन्य गैसों की तुलना में बहुत कम होता है। ओजोन की मात्रा क्षोभ मंडल में भी पाई जाती है। यह हानिकारक पैरा बेंगनी विकिरण से बचाने का काम करती है । वर्तमान समय में मानव जनित औद्योगिक प्रदूषण के परिणाम स्वरुप क्षोभ मंडल में ओजोन की मात्रा बढ़ रही है। वाहनों से उत्सर्जित होने वाला धुआं जैसे ही सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आता है तो ओजोन का निर्माण होता है। यह ओजोन गैस लोगों के बाद स्वास्थ्य और सेहत को तो खराब कर ही रही है, फसलों को भी नुकसान पहुंचा रही है। हालात यह तक पहुंच गए हैं कि जैसे जैसे वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है वैसे वैसे इसकी गति भी बढ़ रही है।ऐसी स्थिति में पर्यावरण में उपस्थित ओजोन वैज्ञानिको के लिए चुनौती बनता जा रहा है।

पर्यावरण में तेजी से बढ़ती ओजोन की मात्रा से इंसानियत को हो रहे नुकसान को देखते हुए विश्व भर में अनेक शोध हो रहे हैं। हिन्दुस्तान में भी राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक यह पता लगने का प्रयास कर रहे हैं कि यदि पर्यावरण में ओजोन की मात्रा निरंतर बढ़ती रही तो फसलों पर इसका कितना असर पड़ेगा। वायुमंडल में ओजोन की पतली परत की मोजुदगी वेज्ञानिको की चिन्ता का कारण बना हुआ। है । ओजोन परत आक्सीजन के तीन अणुओं से बना है। जीवन के लिए आक्सीजन के सिर्फ दो अणुओं की आवश्यकता होती है, सच तो यह है कि आक्सीजन के तीन अणु नुकसानदेह होते हैं जो भूमि पर एकत्रित होकर मानव और पौधों की सांस में व्यवधान उत्पन्न करते हैं। विधुत संयंत्र, वाहनों, रिफाइनरियों और अन्य स्त्रोतों से हुआ प्रदूषण सूर्य के प्रकाश के साथ मिलता है, तो हानिकारक गैस ओजोन का निर्माण होता है और वह भूमि पर जमा होती जाती है। गौरतलब है कि सर्दियों के दौरान स्माग का निर्माण भी ऐसे ही होता है,स्माग के निमित होने की अहम वजह ओजोन ही होता है।

फीचर



# बच्चों को लिखना इस प्रकार सिखायें

**लिखना भी एक कला है, लेकिन बच्चों को लिखना सिखाना तो यह और भी बड़ी कला है। बच्चों को लिखना सिखाने के लिए माता-पिता, अध्यापक तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है।**

बहुत से माता-पिता को यह समस्या होती है कि बच्चों को लिखना कैसे सिखाया जाए? जिस प्रकार बच्चों को पढ़ाने के लिए लगातार अभ्यास कराना पड़ता है, उसी प्रकार लिखने का भी निरन्तर प्रयास कराना आवश्यक है। पढ़ने की तुलना में लिखना ज्यादा कठिन है। ऐसा देखा गया है कि जो जल्दी पढ़ना सीख जाते हैं वे लिखना देर से सीखते हैं। कुछ बच्चों को पढ़ना-लिखना साथ-साथ सिखाया जाता है। बच्चों को लिखना सिखाने के लिए माता-पिता, अध्यापक तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है।

यदि बच्चे ने मेहनत करके लिखा है तो बड़ों को चाहिए कि वह उसे देखें तथा उन्हें पढ़ कर सुनाने के लिए कहें। समान्यतः बच्चे वही लिखते हैं, जो सरल पाते हैं। बच्चे लिखने-पढ़ने में जल्दबाज़ी नहीं करते। कुछ बच्चे लिखना पढ़ना एक साथ सीख जाते हैं। प्रारम्भ में बच्चों को लिखने की शिक्षा माता-पिता तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों द्वारा घर पर ही दी जाती है। बाद में जब बच्चा स्कूल जाने लगता है तो यह ज़िम्मेदारी शिक्षकों पर आ जाती है, लेकिन स्कूल जाना प्रारम्भ करने के बाद भी माता-पिता की ज़िम्मेदारी बनी ही रहती है कि बच्चा स्पष्ट व सुंदर लिखे। शिक्षकों का कहना है कि बच्चों को सर्वप्रथम छपे हुए अलग-अलग वर्णमाला पढ़ना सिखाना चाहिए, जिससे अक्षरों को पढ़ने व पहचानने की क्षमता जागृत हो। आमतौर पर वे बेहद एकाग्र होकर कसकर पैंसिल पकड़ कर लिखते हैं, जिससे उनकी आंखों पर जोर पड़ने की सम्भावना होती है। परिणामस्वरूप शीघ्र ही उसे चश्मा पहनना पड़ता है। माता-पिता को बच्चों की इस आदत पर नियंत्रण प्रारम्भ से ही रखना चाहिए।

## अपनी बात



उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों में बीजेपी में 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा देकर राज्य को बांटने की कोशिश की। यह उनकी पुरानी रणनीति है जिससे वे लोगों को बांटने की कोशिश करते हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह और राज ठाकरे आज एक साथ आए हैं। आगे भी साथ रहेंगे। हमारी लड़ाई महाराष्ट्र के लिए है।



शिवसेना (यूबीटी) की पूर्व मेयर और प्रवक्ता किशोरी पेडनेकर ने इसे खुशी का दिन बताया है। पेडनेकर ने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही है। आज मनसे और शिवसैनिकों का मिलन हो रहा है और ये हमारे लिए खुशी का दिन है। जब हम दोनों अलग थे तो हम अपने मुद्दों और विजन के मुताबिक काम कर रहे थे, लेकिन अब सवाल हमारी मराठी भाषा का है। मराठी पर सवाल उठाने वालों के हम नाखून नहीं, बल्कि उंगली काट देंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### रेडियम की दुकान में सेंधमारी करने वाला चोर गिरफ्तार, माल बरामद

**गुना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने रेडियम दुकान से चोरी के मामले में कार्रवाई कर एक आरोपी गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जुलाई 25 की रात फरियादी मोहसिन खांन निवासी हड्डीमील गुना के द्वारा गुना कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट करते हुए बताया था कि ए.बी. रोड पर होण्डा शोरूम के सामने उसकी रेडियम की दुकान है। 30 जून 25 की शाम को वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था, लेकिन जब अगली सुबह दुकान खोली तो दुकान की पीछे की चद्दर टूटी होकर दुकान से कम्प्यूटर मॉनीटर, सीपीयू, माउस, की बोर्ड, रेडियम कटिंग प्रिंटर, होट गन मशीन, ड्रिल मशीन, रेडियम रोल, कूलर आदि सामान गायब थे, जिन्हें कोई चोरी कर ले गया है । जिस पर से गुना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 393/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया । इस मामले में एसपी अंकित सोनी के द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में कार्यवाही हेतु दिए जा रहे निर्देशों के तहत गुना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी के उपरोक्त प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात चोर की सरगर्मी से तलाश व पतारसी की गई।

### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक हुए बच्चे

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन एवं एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने शहर के सकतपुर क्षेत्र स्थित एक कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी सिंह ने बच्चों को बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा का आधार है। उन्होंने ज़ेब्रा क्रॉसिंग, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, मोबाइल के खतरे, राहवीर योजना-2025 की जानकारी और सड़क पर सतर्कता के महत्व को सरल भाषा में समझाया।

### वार्ड 7 की जर्जर पुलिया बनी हादसों की वजह, बाइक सवार महिला और बच्चे गिरे

**गुना।** शहर की सीमा में बसे वार्ड नंबर 7 की पनरिया नदी पर बनी पुरानी पुलिया अब दुर्घटनाओं की वजह बनती जा रही है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि एक बाइक सवार महिला और उसके दो छोटे बच्चों सहित इसी खस्ताहाल पुलिया से गुजरते समय गिर पड़ा। गनीमत रही कि राहगीरों ने समय रहते तीनों को बचा लिया और तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला और बच्चों को गंभीर चोटों के चलते भर्ती कराया गया है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार यह पहली घटना नहीं है, बल्कि इस पुलिया पर आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं।

#### 6 जुलाई को ताजियों के जुलूस को लेकर सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भारी वाहनों की नो एंट्री

# मोहर्रम पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ामः पुलिस का रूट डायवर्जन प्लान लागू

सत्ता सुधार ■ गुना

मोहर्रम पर्व पर 6 जुलाई को शहर में ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं, वहीं शहर में जुलूस के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए गुना पुलिस ने एक रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है, जो सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा। इसके अलावा भारी वाहनों के लिए सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक पूर्ण रूप से नो एंट्री लागू रहेगी। वहीं मोहर्रम के एक दिन पूर्व जिलेभर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाले। प्राप्त जानकारी केअ नुसार मोहर्रम एवं अन्य प्रमुख पर्व-त्योहारों के



अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना शहर सहित जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाले गए। गुना शहर में निकाले गये फ्लैग मार्च में एएसपी मानसिंह ठाकुर, एडीएम अखिलेश कुमार जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डेय, प्रभारी सीएसपी भरत नोटिया, तहसीलदार बीएस वैरबा, डीएसपी महिला सुरक्षा युवराज सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान, केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद शर्मा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फिरदोस तबस्सुम, सूबेदार मोनिका जैन आदि अधिकारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी शामिल रहे ।

फ्लेग मार्च पुलिस लाइन से शुरु होकर केंट ऊपरी बाजार, कैंट थाना, ढोंगापुरा, पटेलनगर, गुलाबगंज, केंट चौराहा, केंट रोड़, कैंची बीड़ी कारखाना, घोसीपुरा, रेलवे स्टेशन तिराहा, जयस्तम्भ चौराहा, भुल्लनपुरा, हड्डीमील, बापस भुल्लनपुरा, बजरंगगढ़ बायपास, मारूति शोरूम, बस स्टेण्ड, शस्त्री पार्क, बैजू चौराहा, सोनी कॉलोनी न्यू टेकरी रोड़, बूढ़े बालाजी, हनुमंता मंदिर, ख्यावदा चौराहा, भगत सिंह चौक, लक्ष्मीगंज, सुगन चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड़ रपटा, कर्नलगंज, कोल्हूपुरा, सिसोदिया कॉलोनी, टेलीफोन एक्सचेंज, रिलायंस पैट्रोल पंप, गोपालपुरा रोड़ होते हुए वापस पुलिस लाईन पहुंचकर समाप्त हुआ। इसी प्रकार जिले के सभी थाना क्षेत्रों में भी संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा अपने बल एवं प्रशासनिक अधिकोरियों के साथ क्षेत्र के संबेदनशील क्षेत्रों में फ्लेग मार्च निकाले गये । इन फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य शहर वासियों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना, असामाजिक तत्वों को संदेश देना एवं शांति-सद्भाव का वातावरण बनाए रखना है । त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है । समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने, सोशल मीडिया पर अफवाहों की निगरानी करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं ।

एसपी श्री सोनी ने आमजन से अपील की है कि वे शांति एवं सौहार्द बनाए रखें, किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें । उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि गुना पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।

# गांधी महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ, विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

#### तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की दी गई दिशा और दशा की जानकारी

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के प्रतिष्ठित एवं एकमात्र ग्रेड ए मान्यता प्राप्त गाँधी वोकेशनल स्वशासी महाविद्यालय गुना में शुक्रवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरिशंकर विजयवर्गीय एवं महाविद्यालय के चेयरमैन व संचालक श्री अवधेश श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पारंपरिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय के संचालक अवधेश श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश लेने




वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कॉलेज की विभिन्न सुविधाओं, कोर्स, पाठ्यक्रम, गतिविधियों एवं उपलब्ध संसाधनों की जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और निरंतर प्रयासों की महत्ता से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि श्री विजयवर्गीय ने छात्रों को उच्च शिक्षा की ओर गंभीरता से बढ़ने, नियमित उपस्थिति बनाए रखने और समर्पित भाव से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा पहली बार पूरे प्रदेश में एकसाथ दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों के स्वागत को उत्सव का रूप दिया गया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रमुख के.के. खरे ने समस्त स्टाफ का परिचय विद्यार्थियों से कराया और महाविद्यालय की विविध गतिविधियों, योजनाओं तथा छात्र सेवाओं की जानकारी दी। वाणिज्य संकाय प्रमुख श्रीमती प्रिया शाह ने अपने विषय से संबंधित विवरण और अध्ययन पद्धति से अवगत कराया। प्राध्यापक श्रीमती सुनीता तिवारी ने भी प्रेरणात्मक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने भी आत्म-परिचय देते हुए महाविद्यालय के प्रति उत्साह और ऊर्जा प्रकट की।

समापन अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक श्री उमेश शर्मा ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, प्रशासनिक प्रमुख, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगामी 5 व 7 जुलाई को होने वाले शेष कार्यक्रमों में सभी विद्यार्थियों की अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान करते हुए उन्हें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श केंद्र, प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापक अंकित मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण नारायण कुशवाह, आकाश सक्सेना, रश्मि यादव, शुभ्र चक्रवर्ती सहित अन्य स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लगातार बारिश का दौर जारी, जिले में अब तक 349.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

गुना सहित अंचलभर में बारिश का दौर जारी है। शनिवार सुबह से रिमझिम बारिश का दौर दोपहर तक जारी रहा। हालांकि इसके बाद मौसम खुल गया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 01 जून से अब तक 349.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 33.2 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 212.6 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 05 जुलाई प्रात-8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 615.9 मिलीमीटर, बमौरी में 538.0, आरोन में 304.0, राघौग् में 307.0, चांचौड़ा में 274.0, कुम्भराज में 190.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 218.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 9.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 6.4 मिमी., बमोरी में 4.0 मिमी., आरोन में 24.0 मिमी., राघौगढ़ में 9.0 मिमी., चांचौड़ा में 4.0 मिमी., कुंभराज में 3.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 17.4 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

### अतिवृष्टि एवं बाढ़ से बचाव की तैयारियों के संबंध में दिशा निर्देश जारी

इधर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर द्वारा अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने के लिये पूर्व से तैयारी के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सिविल सर्जन एवं समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अतिवृष्टि एवं असामान्य रूप से निरंतर वर्षा/ बाढ़ होने के कारण संभावित जल जनित रोग जैसे - उल्टी, दस्त, पेचिश, पीलिया, टाइफाइड, अमीबायसिस, जियार्डियासिस, कृमि संक्रमण एवं हैजा आदि फैलने की तीव्र संभावना होती है। बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर संबंधित क्षेत्र में आबादी को चिकित्सकीय सेवा प्रदान की जाएं। इसके अंतर्गत ब्लॉक में बाढ़ संभावित क्षेत्र के समस्या मूलक ग्रामों तथा दुर्गम क्षेत्रों को चिन्हित किया जाए तथा बाढ़ संभावित क्षेत्रों की निगरानी हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर की जाए।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने के आरोप

#### मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका

सत्ता सुधार ■ गुना

गुना जिला अस्पताल में शनिवार को उस वक्त तनाव का माहौल बन गया, जब शिवपुरी जिले की एक विवाहिता की मौत के बाद उसके मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए। महिला की पहचान रानी रघुवंशी के रूप में हुई है, जिसकी हालत जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ गई थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की वजह पर फिलहाल संशय बना हुआ है, लेकिन मृतका के मायके वालों ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या बताया है। मूलतः थाना ईसरावन के ग्राम अमरोद दंदरूआ निवासी रानी की शादी वर्ष 2020 में शिवपुरी जिले के इंदार निवासी विशाल रघुवंशी से हुई थी। मायके पक्ष का आरोप है कि रानी को शादी के कुछ समय बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया



जाने लगा। पहले 10 लाख रुपए धर्म कांटा खोलने के लिए मांगे गए, जिसे उन्होंने किसी तरह जुटाकर दे भी दिया। इसके बाद कुछ माह पहले रानी को गाड़ी दिलवाई गई, मगर मांगें यहीं नहीं थमीं। आरोप है कि पति, सास-ससुर और ननंद लगातार दबाव बनाकर पैसों की मांग करते रहे और रानी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ति करते रहे। रानी के भाई का कहना है कि उन्हें शुक्रवार शाम को सूचना मिली कि उसकी बहन की हालत गंभीर है और उसे गुना अस्पताल लाया गया है। जब तक वे पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। भाई का यह भी कहना है कि रानी ने खुद जहर खाया या उसे जबरन दिया गया, इसका खुलासा तो जांच से ही होगा, लेकिन उनकी बहन लंबे समय से अत्याचार झेल रही थी। परिवार ने रानी के पति, सास, ससुर और ननंद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। फिलहाल रानी के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

### जिले की दो थानों की त्वरित कार्रवाई से तीन बच्चियों को सकुशल किया दस्तयाब

**गुना।** जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं की गुमशुदगी अथवा अपहरण जैसे मामलों को लेकर गुना पुलिस लगातार गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन और एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले भर में नाबालिगों की सकुशल दस्तयाबी के लिए अभियान स्तर पर कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में फतेहगढ़ एवं जामनेर थाना पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में कुल तीन नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलवाया गया है। पहला मामला फतेहगढ़ थाना क्षेत्र का है, जहाँ से 3 जुलाई को 15 और 17 वर्षीय दो सगी बहनें घर से बिना बताए कहीं चली गई थीं। परिजनों द्वारा 4 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण क्रमांक 174/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर त्वरित तलाश शुरू की।

#### 13 बच्चों को मिला लाभ

# जिला अस्पताल में क्लबफुट जागरूकता कार्यक्रम और क्लिनिक आयोजित

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला अस्पताल गुना में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और अनुष्का फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में क्लबफुट (मोड़े पाँव) से पीड़ित बच्चों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष चिकित्सा क्लिनिक का आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत 13 बच्चों को उपचार लाभ मिला, जिनमें 4 बच्चों की टेनेटॉमी (लघु शल्य प्रक्रिया) की गई तथा 9 बच्चों की कास्टिंग की गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला चिकित्सालय के डीईआईसी कक्ष में किया गया, जहाँ सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, लेकिन यह पूरी तरह उपचार योग्य है। इसका इलाज पॉन्सेटी विधि से किया जाता है, जो गुना जिला चिकित्सालय में प्रत्येक मंगलवार को निन्शुल्क उपलब्ध है।



इलाज तीन चरणों में होता है। पहले चरण में 4 से 8 सप्ताह तक प्लास्टर चढ़ाकर बच्चे के पैर को धीरे-धीरे सीधा किया जाता है। दूसरे चरण में टेनेटॉमी की जाती है, जिसमें मात्र 10 मिनट की छोटी शल्य प्रक्रिया के माध्यम से अकड़े हुए टेंडन को काटकर लचीलापन लाया जाता है। तीसरे चरण में 3 महीने तक ब्रेसिंग की जाती है, जिसमें पहले 23 घंटे प्रतिदिन और बाद में केवल रात्रि में विशेष ब्रेस पहनाया जाता है।

डॉ. वीरेंद्र धाकड़, अस्थि रोग विशेषज्ञ ने बताया कि हर 800 से 1000 नवजात शिशुओं में से एक में क्लबफुट पाया जाता है। उन्होंने कास्टिंग के दौरान सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि यदि प्लास्टर गीला हो, अंगुलियां नीली पड़ें, या बच्चा लगातार रोए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। साथ ही बच्चे को सावधानी से उठाने और नियमित फॉलोअप कराने पर विशेष जोर दिया।

#### धरनावदा थाना पुलिस ने वाहन सहित दो गौ तस्कर किए गिरफ्तार

# अमूल दूध वाहन की आड़ में गौकशी हेतु लेकर जा रहे थे गौवंश

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के धरनावदा थानांतर्गत अमूल दूध वाहन की आड़ में गौकशी हेतु गौवंश ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने वाहन सहित दो गौ तस्कर गिरफ्तार किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात जिले के धरनावदा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक लोडिंग वाहन जिसके दोंनों साइडों में अमूल दूध लिखा हुआ है, में दुहावद गांव के जंगल से गाय व बैल भरकर कटने हेतु ले जाये जा रहे हैं । थाना क्षेत्र में अवैध पशु परिवहन की इस सूचना के मिलते ही धरनावदा थाने से पुलिस



की एक टीम तत्काल हाईवे के पास दुहावद गांव के रोड़ पर पहुंची और उक्त वाहन को तलाश किया एवं मुखबिर के बताये हुलिये के लोडिंग वाहन के दिखाई देते ही पुलिस ने अपने वाहन को उसके सामने लगाकर उसे रोका गया तो वाहन से दो लोग उतरकर भागे, जिनका पुलिस फोर्स द्वारा दौड़ लगाकर पीछा किया और गिरते-उठते वमुश्किल उन्हें दबोच लिया गया, जिन्होंने पूछताछ पर अपने नाम फारूख पुत्र हाफिज खान निवासी रेवागंज थाना सारंगपुर जिला राजगढ़ एवं मोहित पुत्र कैलाश मालवीय निवासी ग्राम अली सारखेड़ा थाना सलसलाई जिला शाजापुर के होना बताए । पुलिस द्वारा लोडिंग वाहन का ताला खुलबाकर चैक करने पर उसमें बड़े ही क्रूरता पूर्वक एवं ठूंस-ठूंसकर 3 नग बैल और 5 नग गाय कुल 8 नग गौवंश भरा हुआ पाया गया। जिनसे गौवंश के संबंध में पूछने पर उनके द्वारा उक्त गौवंश दुहावद गांव के जंगल से भरकर कटने हेतु महाराष्ट्र के मालेगांव बूचड़ खाना लेकर जाना बताया । इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से उक्त गौवंश को आजाद कराकर सकुशल ग्राम बनेह श्रीराम गौशाला भिजवाया गया एवं अवैध पशु परिवहन में प्रयुक्त लोडिंग वाहन कीमती 06 लाख रूपये को विधिवत जप्त कर अवैध पशु परिवहन में संलिप्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध धरनावदा थाने में अप.क्र. 156/25, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ), गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6/9, कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10, 11 एवं मोटरयान अधिनियम की धारा 3, 181, 77, 177 के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई । पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र पाल सिंह सिकरवार, प्रधान आरक्षक हरवीर रघुवंशी, आरक्षक सत्येन्द्र गुर्जर, आरक्षक अनुज गुर्जर, आरक्षक ऋषिकेश शर्मा एवं आरक्षक मोहर सिंह किरार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## चांचौड़ा में विकास कार्यों की प्रगति पर हुई समीक्षा बैठक

**गुना।** जिले की चांचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा हेतु क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पेची की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, सड़क विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय चाचौड़ा-कुंभराज, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, वन, शिक्षा, कृषि, विद्युत, पशुपालन, आदिम जाति कल्याण, उद्यानिकी, सहकारिता, म.प्र. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, जन अभियान परिषद, वित्तीय सेवा विभाग तथा विकासखंड स्तरीय बैंकर्स समिति आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती पेची ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरतें और यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।



# इन क्रिएटिव तरीकों को अपनाएं और बच्चों के साथ बिताएं क्वालिटी टाइम

**वर्तमान समय में, बच्चों को सबसे ज्यादा जिस चीज की जरूरत होती है वह है माता-पिता का समय। आमतौर पर पैरेंट्स अपने बच्चों को हर सुख-सुविधा देना चाहते हैं और इसलिए वे कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन इस बीच वे यह भूल जाते हैं कि लग्जरी आइटम से भी ज्यादा बच्चे अपने माता-पिता का साथ, उनका प्यार व समय चाहते हैं। इसलिए आप उनके लिए मेहनत करें लेकिन फिर भी उनके साथ क्वालिटी टाइम बिताना ना भूलें। यह कहीं ना कहीं आपके भीतर के तनाव को भी कम करने में मददगार होगा।**

अगर आप भी बच्चों के साथ क्रिएटिव तरीके से एक अच्छा समय बिताना चाहते हैं और आपको समझ नहीं आ रहा है कि वास्तव में क्या किया जाए तो परेशान ना हों। आज इस लेख में हम आपको बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के कुछ क्रिएटिव आईडियाज के बारे में बता रहे हैं, जो यकीनन आपको भी काफी पसंद आएंगे-

### बनाएं मार्निंग रूटीन

कहते हैं कि दिन की शुरूआत जैसी होती है, पूरा दिन भी वैसा ही गुजरता है। इसलिए अगर संभव हो तो आप बच्चे के साथ एक मार्निंग रूटीन सेट कर सकती हैं। इसमें आप कंबल तय करने से लेकर उनके साथ पार्क में वॉक कर सकते हैं या फिर बच्चों के साथ योगाभ्यास करना भी एक अच्छा आईडिया है। इससे आप ना सिर्फ उनके साथ अच्छा समय बिता पाते हैं, बल्कि इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होने में भी मदद मिलती है।

### प्लॉन करें गेम्स

सुनने में आपको शायद यह बेहद ही सिंपल नजर आए, लेकिन वास्तव में इस तरीके से आप ना सिर्फ बच्चों के साथ एक फन टाइम बिता सकते हैं, बल्कि इससे आपके लर्निंग स्किल्स और रचनात्मकता को भी बढ़ा सकती हैं। आप उनके साथ कुछ ऐसे गेम्स खेलें, जिसमें उनकी फिजिकल और मेंटल एक्सरसाइज हो।

### बेडटाइम स्टोरीज को ना भूलें

अगर आप पूरा दिन काफी बिजी रहते हैं तो ऐसे में आप रात के समय एक रूटीन बना सकते हैं, जिसमें आप बेडटाइम पर उन्हें कहानी सुनाएं। बेडटाइम आमतौर पर आपके बच्चे की कल्पना को उत्तेजित करने का समय होता हैं। साथ ही साथ कहानियां सुनने से उन्हें नींद भी अच्छी आती है जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। अगर आपका बच्चा उम्र में थोड़ा बड़ा है तो आप कुछ ऐसा भी कर सकते हैं कि एक दिन कहानी आप सुनाएं और दूसरे दिन उन्हें सुनाने के लिए कहें। बच्चे कहीं पर पढ़ी या सुनी हुई स्टोरीज के साथ-साथ खुद भी एक कहानी बनाकर आपको सुना सकते हैं।

### एक्टिविटीज में आएगा बेहद मजा

बच्चों को हमेशा कुछ ना कुछ नया करना काफी अच्छा लगता है। ऐसे में आप घर में रखी पुरानी चीजों की मदद से उनके साथ कोई एक्टिविटी कर सकती हैं। आप घर के लिए कोई डेकोर आइटम तैयार करें या फिर उन्हें पेंट करने दें। इसी तरह जब आप उनके साथ अलग-अलग एक्टिविटीज करेंगी तो इससे वह खुद भी कई चीजें बनाने के लिए प्रेरित होंगे और उनके दिमाग में कई नए आईडियाज आएंगे।



# समर सीजन में आउटफिट के साथ इन पांच एक्सेसरीज को भी रखें अपडेट

मौसम के हिसाब से अपने वार्डरोब को अपडेट करना बहुत ही जरूरी है जिससे आपको कम्फर्ट के साथ स्टाइलिश लुक भी मिले। कई बार ऐसा होता है कि हम आउटफिट पर बहुत ध्यान देते हैं लेकिन मैचिंग एक्सेसरीज को हम इग्नोर कर देते हैं। ऐसे में समर सीजन में आपको कुछ एक्सेसरीज को अपने वार्डरोब का हिस्सा जरूर रखना चाहिए-

### स्कार्फ बनाए आपको परफेक्ट

गर्मियों के दिनों में स्कार्फ धूप से बचाने के साथ स्टाइलिश लुक देने के लिए काफी है। समर सीजन में आउटफिट के साथ मैच होते स्कार्फ को स्टाइल स्टेटमेंट का हिस्सा जरूर बनाएं।

### हैट्स आपको बनाए कूल

गर्मियों के दौरान हैट्स भी आपके लुक को कुल अंदाज देती है। हैट्स आपके लुक को बढ़ाने के साथ ही आपके बालों और चेहरे को भी तेज धूप से बचाती है। खासतौर पर आउटिंग या ट्रिप पर ड्रेस से मैचिंग हैट पहनें जिससे आपको परफेक्ट लुक मिलेगा।

### स्टाइलिश सनग्लासेस

गर्मियों के फैशनबल एक्सेसरीज में चश्मे सबसे पहले आते हैं। यह आपको गर्मियों में नया और ट्रेंडी लुक देते हैं। गर्मियों के दौरान सभी की आंखों पर सनग्लासेस देखे जाते हैं। आपको चेहरे के हिसाब से सनग्लासेस को चुनना चाहिए लेकिन कोशिश करें कि फ्रेम मे मेटल क्लासी वर्क को ही चुनें।

### फुटवेयर भी है स्टाइलिश

फुटवेयर भी आउटफिट के हिसाब से होने चाहिए। साथ ही इस मौसम में पसीना बहुत आता है। खासकर जिन महिलाओं के पैरों में पसीना आता है, उनको ऐसे फुटवियर को चुनना चाहिए, जिसमें पैरों में हवा लगती रहे और पसीना न आने पाए।

### हैंडबैग को न भूलें

इस बार समर में आपको नया ट्रेंडी बैग लेना चाहिए। आपको अगर हैंडबैग की आदत नहीं है, तो कोई स्टाइलिश वन साइड बैग या बैकपैक लेकर आप इसे अपने स्टाइल स्टेटमेंट का हिस्सा बना सकते हैं।





# इन छोटे-छोटे उपायों से मीठी नींद में सोएगा आपका बच्चा

बड़ों की तरह ही बच्चों में सोने की भी अलग-अलग आदतें होती हैं। कई बच्चे थोड़ी-सी भी फिजिकल एक्टिविटी करते ही बार-बार सो जाते हैं, तो कुछ बच्चों को बहुत ही मुश्किल से नींद आती है। बच्चों की हेल्थ के लिए उनकी 10-11 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। ऐसे में अगर आपका बच्चा सोता नहीं है, तो आपको उसे सुलाने के लिए कुछ टिप्स अपनाने चाहिए-

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- बच्चे को रोज अलग सुलाने की कोशिश करें। अगर आप शुरू से ही ऐसा करेंगी, तो इससे उसमें अलग सोने की आदत पड़ेगी।
- सुलाने से पहले बच्चे की मालिश करना भी काफी फायदेमंद रहता है, इससे उसको अच्छी नींद आएगी।
- सुलाने से पहले बच्चे की सफाई पर भी ध्यान दें। खास कर नाक, कान और मुंह की ठीक से सफाई करके उन्हें सुलाएं।
- बच्चे को सुलाते वक्त कमरे में अंधेरा जरूर कर दें, क्योंकि अंधेरे में नींद से जुड़ा हार्मोन सक्रिय होता है। यही हार्मोन नींद लाने में सहायक होता है।
- कमरे की खिड़की के परदे जरूर फैला दें और संभव हो तो दरवाजे को भी बंद कर दें, ताकि बच्चा बाधारहित अच्छी नींद ले सके।
- धीमा म्यूजिक और वार्म लाइट भी बच्चे को अच्छी नींद देने में मददगार होते हैं। इसकी व्यवस्था आप उसके कमरे में कर सकती हैं।
- जब आपका बच्चा सो रहा हो, तो घर में तेज आवाज वाले उपकरण जैसे मिक्सी, वैक्यूम क्लीनर आदि का इस्तेमाल न करें। इससे बच्चे डर कर जाग जाते हैं।
- आप चाहें तो बच्चे के साथ सो सकती हैं, जब तक कि वह सो नहीं जाता। लेकिन उससे लिपट कर ना सोएं, वरना उसको इसकी आदत हो जाती है और आपके -हटते ही उसकी नींद टूट जाती है। बेहतर यही होगा कि आप अपने बच्चे को इस तरह की आदत ना डालें।
- जब बच्चा हल्की नींद में हो, तभी उसे गोद से या झूले से निकाल कर बिस्तर पर सुला दें।

# माता-पिता की इन पांच आदतों की वजह से बच्चों का कॉन्फिडेंस लेवल होता है डाउन

कहते हैं कि पैरेंटिंग का मतलब सिर्फ बच्चे को जन्म देकर उसे पालना ही नहीं बल्कि पैरेंटिंग से समाज के लिए एक जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। बच्चों की अच्छी परवरिश अच्छे समाज की नींव भी है। बचपन में आप बच्चों को जो भी सिखाते हैं, वे बातें उनके मन पर छप जाती है। बड़े होने पर उनकी पर्सनैलिटी के लिए बचपन के अनुभव और परवरिश भी जिम्मेदार होती हैं। आपने कुछ लोगों को देखा होगा कि उनमें प्रतिभा होने के बाद भी आत्मविश्वास की कमी होती है। इसके कई कारण हो सकते हैं लेकिन बचपन में कुछ बातें भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में हर माता-पिता को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए-

### बच्चों का मजाक न उड़ाएं

कोई भी बात कितनी बड़ी है या छोटी, यह नजरिए के साथ उम्र पर भी निर्भर करती है। जैसे, आपके लिए बेड से जम्प करके नीचे कूदना, फुटबॉल पर किक करना छोटी बात हो सकती हैं, लेकिन किसी बच्चे के लिए ये बातें बहुत मैटर करती हैं। आपको कभी भी बच्चे की छोटी से छोटी बातों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

### बच्चों की तुलना करने से बचें

हर बच्चा प्यारा होता है। सभी की अलग आदतें होती हैं लेकिन बचपन में एक आदत कॉमन होती है, वे है दूसरे बच्चों को अच्छा बताने पर बच्चे इसे मन पर ले लेते हैं। ऐसे में सम्भावना रहती है कि बच्चे दूसरे बच्चों से चिढ़ने लगते हैं या खुद को कमतर समझने लगते हैं इसलिए बच्चों की तुलना करने से बचें।

### हर काम में कमी निकालना


बचपन में किसी भी काम को परफेक्टली करने से ज्यादा जरूरी है, बच्चों का कोई न कोई एक्टिविटी करते रहना। ऐसा करने से बच्चे की एनर्जी सही दिशा में लगती है। जैसे, अगर आपका बच्चा पेंटिंग करता है, तो उसकी पेंटिंग में कमियां निकालने की जगह उसकी अच्छी चीजों की तारीफ करें।

### दूसरों के सामने बच्चों की बुराई

कई माता-पिता दूसरे लोगों या आस-पड़ोस में अपने बच्चों की शिकायतें करते रहते हैं। कई बार माता-पिता मजाक की तरह या सिर्फ गपशप करने के इरादे से भी ऐसा करते हैं लेकिन बच्चे के मन में ये बातें घर कर जाती हैं और उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है।

### बच्चों को छोटी-छोटी बातों पर पीटना

बचपन में हुई कोई भी गलती इतनी बड़ी नहीं होती, जिसपर बच्चों को पीटकर ही समझाया जाए। बच्चों को हर छोटी बातों पर मारने से वे खुद को सेफ फील नहीं करते। उन्हें हमेशा लगता है कि वे बहुत बुरे हैं और उनके मम्मी-पापा उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं करते। साथ ही उनके अंदर असुरक्षा की भावना इतनी बढ़ जाती है कि वे डरने लगते हैं।



# कपड़ों की सिलवटें बिना प्रेस किए भी हो सकती हैं दूर

आपका अचानक किसी जरूरी मीटिंग या पार्टी में जाने का प्लान बने और जैसे ही आप वहां पहनने के लिए अलमारी से कपड़े निकालें कि लाइट चली जाए या प्रेस खराब हो जाए, ऐसा अक्सर कई लोगों के साथ हुआ होगा। ऐसी स्थिति में मन में पहला ख्याल यही आता है, काश! कोई ऐसा तरीका होता जिससे बिना प्रेस किए कपड़ों की सिलवटें अपने आप दूर हो जाती। अगर आपने भी कभी ऐसी ही कोई विश की है तो आपकी विश को पूरा करते हुए आपको बताते हैं वो असरदार तरीके, जिनकी मदद से आप कपड़ों की सिलवटों को बिना प्रेस किए भी आसानी से हटा सकते हैं।

### बिना प्रेस कपड़ों से हटाएं सिलवटें

**टॉवल**- टॉवल की मदद से कपड़ों की सिलवटें दूर कर सकती हैं। इसके लिए सिलवट वाले कपड़े को बिछा दें और फिर गीले टॉवल से कपड़े की सिलवट वाली जगह को दबाएं। ऐसा करने से कपड़े की सिलवटें दूर हो जाएंगी।

**भारी सामान** -जिस कपड़े पर सिलवट हैं उसे मैट्रेस या किसी भारी सामान के नीचे कुछ घंटों के लिए दबाकर रख दें। इससे आपके कपड़ों की सिलवटें निकल जाएंगी।

**स्प्रे बोतल**- पानी में सिरका मिलाकर उसे एक स्प्रे बोतल में डालकर सिलवट वाली जगह डालें। ऐसे में कपड़े के सूखने के बाद सिलवटें नजर नहीं आएंगी।

**भारी बर्तन**- छोटे भारी बर्तनों की मदद से भी आप अपने कपड़ों की सिलवटों को दूर कर सकते हैं। इसके लिए एक भारी तले के बर्तन को तेज आंच पर गर्म करके प्रेस की तरह कपड़ों की सिलवटों को दूर करें। बर्तन की तली साफ रखें वरना कपड़े दाग लगने से गंदे हो सकते हैं।

**ब्लो ड्रायर**- ब्लो ड्रायर की मदद से भी सिलवटों को दूर किया जा सकता है। कपड़ों की सिलवटें दूर करने के लिए सबसे पहले आपको जिस कपड़े की सिलवट दूर करनी है, उसे बिछा लें और इस पर हल्के हाथ से पानी की कुछ बूंदें डालकर ब्लो ड्रायर की मदद से सिलवटें दूर करें।

**आइस क्यूब**- वॉशिंग मशीन के ड्रायर में 2- 4 आइस क्यूब के साथ अपने सिलवट वाले कपड़े भी डालकर ड्रायर चला दें। इसके बाद कपड़ों को ड्रायर से निकालकर कपड़ों को हल्के से झटक कर टांग दें। आपके कपड़ों की सिलवटें दूर हो जाएंगी।




# कॉमेडियन महीप ने जताई नाराजगी

कॉमेडियन महीप सिंह, जो समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में नजर आ चुके हैं, को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। उनका डेब्यू सोलो शो 'मम्मी कैसी हैं', जो देहरादून में 29 जून को होने वाला था, विरोध के चलते रद्द कर दिया गया। शो से पहले ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कुछ प्रदर्शनकारियों ने आयोजन स्थल के बाहर हंगामा किया और शो के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शन के बाद आयोजकों ने शो कैंसिल करने का फैसला लिया। अपना दर्द बयां करते हुए उन्होंने कहा कि वो इस फैसले से निराश हैं लेकिन शांति बनाए रखने के लिए इसे जरूरी मानते हैं। कॉमेडी जगत से जुड़े कई कलाकारों ने भी इस घटना पर चिंता जताई है और महीप को समर्थन दिया है। महीप का ये शो पारिवारिक किस्सों और सामाजिक व्यंग्य पर आधारित था, जिसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता थी। शो रद्द होने से ना सिर्फ कलाकार, बल्कि उनके फैंस भी निराश हैं।




# दिलजीत पर कुमार विश्वास ने कसा तंज

एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ अपनी अपकमिंग फिल्म सरदार जी 3 को लेकर विवादों में फंस गए हैं। फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ उनकी जोड़ी बनने पर जबरदस्त विरोध हो रहा है। सोशल मीडिया पर लोग दिलजीत को जमकर ट्रोल कर रहे हैं और उनके फैसले की आलोचना कर रहे हैं। कई सेलिब्रिटी और यूजर्स पहले ही इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। अब इसी बहस में मशहूर कवि और पूर्व राजनेता कुमार विश्वास भी कूद पड़े हैं। एक मंच से बोलते हुए कुमार विश्वास ने दिलजीत दोसांझ और उनकी फिल्म को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बिना लाग-लपेट के कहा कि कलाकारों को देश के लोगों की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए और ऐसे फैसलों से बचना चाहिए जो जनता को आहत करें। कुमार विश्वास के इस बयान के बाद विवाद और गहरा गया है और सोशल मीडिया पर दिलजीत दोसांझ को लेकर बहस तेज हो गई है।



# प्रियंका-निक ने फिर जीता फैंस का दिल

लंदन में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने एक बार फिर अपने फैंस का दिल जीत लिया है। निक जोनस ने हाल ही में एक मजेदार वीडियो शेयर किया जिसमें प्रियंका डेट नाइट से पहले डांस करती नजर आ रही हैं। यह वीडियो प्रियंका की अपकमिंग फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट के लंदन प्रीमियर से ठीक पहले का है। इसमें निक कैमरे के सामने से हटते ही प्रियंका बम बम गाने पर झूमने लगती हैं। फ्रिंज गाउन पहने प्रियंका बेहद ग्लैमरस दिख रही हैं और निक उनके डांस को देखकर मुस्कुराते हुए इशारा करते हैं। वीडियो के आखिर में प्रियंका निक को गले से लगा लेती हैं। इस क्यूट वीडियो पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। बता दें, प्रियंका अपनी एक्शन-कॉमेडी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म में उनके साथ इदरीस एल्बा और जॉन सीना भी नजर आएंगे।



# महावतार नरसिम्हा का धमाकेदार प्रोमो जारी

महावतार नरसिम्हा एक बेहद भव्य सिनेमाई अनुभव बनने जा रहा है, जिसका हाल ही में वैन अधर्म राइज नाम से जारी प्रोमो दर्शकों में रोमांच बढ़ा रहा है। हर फ्रेम में अधर्म के बढ़ते कदमों और उससे उपजे डर और गुस्से को शानदार विजुअल्स में पेश किया गया है। यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं बल्कि भगवान विष्णु के दस महावतारों पर आधारित एक विशाल एनिमेटेड फ्रेंचाइज़ी की पहली कड़ी है। होम्बले फिल्म्स और कलीम प्रोडक्शंस ने मिलकर अगले दस वर्षों में इस यूनिवर्स की सात फिल्मों की योजना बनाई है, जिसकी शुरुआत 25 जुलाई 2025 को रिलीज़ होने वाली महावतार नरसिम्हा से होगी। इसके बाद महावतार परशुराम, रघुनंदन, द्वारकाधीश, गोकुलानंद और दो भागों में कल्कि की गाथाएं दिखाई जाएंगी। फिल्म का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है और इसे 3डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा। प्रोडक्शन टीम ने वादा किया है कि इसकी कहानी, तकनीक और सांस्कृतिक प्रस्तुति दर्शकों को भारतीय पौराणिक इतिहास से एक नई तरह से जोड़ने का काम करेगी। यह पहल भारतीय दर्शकों के लिए पौराणिक कथाओं का एक आधुनिक सिनेमाई उत्सव होगी।





# करिश्मा कपूर मेरी इंस्पिरेशन हैं ...

नई वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी दर्शकों की काफी तारीफें बटोर रही हैं। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूजा इस सीरीज में एक ऐसी फिल्म स्टार का किरदार निभाया है, लेकिन अब गुमनामी और निजी संघर्षों से जूझ रही है। 90 के दशक के रेट्रो माहौल को बखूबी दिखाने वाली इस सीरीज में क्रिस्टल का किरदार ग्लैमर, दर्द और संघर्ष का मिश्रण है। क्रिस्टल ने कहा कि इस सीरीज की सबसे खास बात उसका पुराना दौर है। उन्होंने बताया कि 1990 का समय फैशन और स्टाइल का गोल्डन पीरियड था, जो आज भी लोगों को आकर्षित करता है। उन्होंने यह भी साझा किया कि इस भूमिका के लिए उन्हें उस समय की मशहूर अभिनेत्री करिश्मा कपूर से प्रेरणा मिली।

उनके मुताबिक, करिश्मा कपूर सिर्फ एक एक्ट्रेस नहीं थीं, बल्कि उस दौर की लड़कियों के लिए एक स्टाइल आइकॉन और रोल मॉडल थीं। उनका फैशन, उनकी मौजूदगी - सब कुछ एकदम परफेक्ट था। अगर आज 2025 में भी मैं करिश्मा की वॉर्डरोब से कुछ पहन लूं, तो वह आज के फैशन में भी फिट बैठेगा। 'फर्स्ट कॉपी' की कहानी सिर्फ शोहरत की दुनिया नहीं दिखाती, बल्कि उसके पीछे की कड़वी सच्चाई को भी उजागर करती है। क्रिस्टल का मानना है कि उस दौर की चमक-धमक के पीछे कई ऐसी कहानियां छिपी थीं जो आज भी प्रासंगिक हैं। वॉकमैन बेचने से लेकर 'फर्स्ट कॉपी' के जरिए पैसा और शोहरत कमाने तक आरिफ की कहानी एक दिलचस्प मोड़ लेती है। सीरीज में गुलशन ग्रोवर, साकिब अयूब, मियांग चेंग, आशी सिंह और रजा मुराद भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'फर्स्ट कॉपी' का रेट्रो बैकड्रॉप, दिलचस्प किरदार और वास्तविक मुद्दे इसे दर्शकों के बीच खास बना रहे हैं। इस सीरीज में मुनव्वर फारुकी भी एक अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। वह आरिफ नाम के एक तेज-तर्रार लड़के का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी जिंदगी के संघर्षों से निकलकर फिल्म पाइरेसी की दुनिया में कदम रखता है।



# करीना ने रिफ्यूजी की शूटिंग की कुछ यादगार तस्वीरें कीं शेयर

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने सोशल मीडिया पर रिफ्यूजी की शूटिंग के दौरान की कुछ यादगार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह अपने पहले को-एक्टर अभिषेक बच्चन के साथ नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में वह अकेली भी दिख रही हैं। करीना ने अपने फिल्मी करियर के 25 साल पूरे कर लिए हैं और इस खास मौके पर उन्होंने अपनी डेब्यू फिल्म रिफ्यूजी के पुराने दिनों को याद किया। इन तस्वीरों को साझा करते हुए करीना ने कैप्शन में लिखा, 25 साल और हमेशा के लिए। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के निर्देशक जे.पी. दत्ता, अभिषेक बच्चन, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी और अनुपम खेर को टैग करते हुए अपना आभार जताया। करीना कपूर ने साल 2000 में रिफ्यूजी से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म का निर्देशन जे.पी. दत्ता ने किया था और इसकी कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी। फिल्म 30 जून 2000 को रिलीज हुई थी।

हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिल पाई थी, लेकिन इस फिल्म से करीना और अभिषेक बच्चन ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। रिफ्यूजी में जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी और अनुपम खेर जैसे मंझे हुए कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। अपने करियर के शुरुआती दौर में करीना को असली पहचान 2001 में आई करण जौहर की मल्टीस्टारर फिल्म कभी खुशी कभी ग़म से मिली। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दीं। करीना की कुछ चर्चित और ब्लॉकबस्टर फिल्मों में जब वी मेट, युवा, गोलमाल रिटर्न्स, 3 इडियट्स, गोलमाल 3, बॉडीगार्ड, सिंघम रिटर्न्स, बजरंगी भाईजान, तख्त और गुड न्यूज शामिल हैं। उन्होंने अलग-अलग शैलियों में शानदार भूमिकाएं निभाकर खुद को एक बेहतरीन और बहुमुखी अभिनेत्री के तौर पर स्थापित किया है।

# फिल्मी दर्शकों का टेस्ट बदल गया है : परेश रावल

एक पॉडकास्ट में चर्चा से दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने साफ कहा कि दर्शकों का टेस्ट बदल गया है, लेकिन फिल्म बनाने वालों को इसकी समझ नहीं है। परेश रावल ने कहा, ओटीटी ने लॉकडाउन के दौरान दो साल तक लोगों को बहुत अच्छा कंटेंट दिया।



इससे दर्शकों की सोच और पसंद बदल गई। लेकिन फिल्ममेकर्स इसे समझ नहीं पाए। जनता उनसे बहुत आगे निकल गई है। अगर आप हर बार एक जैसी फिल्में बनाएंगे तो लोग रिजेक्ट कर देंगे। मैं ये नहीं कहता कि कॉमर्शियल फिल्में नहीं बनें, लेकिन उनमें मेहनत तो होनी चाहिए। ऐसा नहीं कि ठोकमट्टी कर दो।उन्होंने टिकट की कीमतों को भी जिम्मेदार बताया। परेश बोले, साउथ में टिकट का रेट फिक्स रहता है, 160 से 200 रुपये तक। इससे ज्यादा नहीं जाता। वहां कंट्रोल है इसलिए लोग फिल्में देखने जाते हैं। यहां मिडिल क्लास परिवार के 5-6 लोग फिल्म देखने जाएं तो उनके 5000-6000 रुपये खर्च हो जाते हैं। ऊपर से गारंटी नहीं कि फिल्म देखकर मजा आएगा। परेश रावल ने मल्टीप्लेक्स कल्चर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब सिनेमाघरों में रिक्लाइनर सीट डाल दी है। लोग तकिया लेकर लेटकर फिल्म देखते हैं। अरे भाई फिल्म देखने आए हो, स्पा में नहीं! फिल्म बैठकर देखी जाती है, लेटकर नहीं। वेटर बार-बार बीच में आता है - हट-हट करना पड़ता है। ये फिल्म है, शादी नहीं। इन सब वजहों से सिनेमाघर जाने का मन नहीं करता। उन्होंने जोड़ा, आराम से बैठने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन लेटना क्यों है? अगर तकिया लगाकर लेटना है तो स्पा जाओ या मुजरा देखने। परेश रावल ने यह भी कहा कि अब स्टारडम भी स्थायी नहीं रहा। अब हर शुक्रवार स्टार बदल जाता है। स्टारडम लिमिटेड हो गया है, लंबे समय तक नहीं चलेगा। हालांकि परेश रावल ने दर्शकों को एक गुड न्यूज भी दी - वह हेरा फेरी 3 में फिर से नजर आएंगे। साफ है कि परेश रावल ने अपनी बेबाकी से फिल्म इंडस्ट्री, मल्टीप्लेक्स कल्चर और महंगी टिकटों पर खुलकर सवाल उठाए हैं, जो इस समय सिनेमाघरों की गिरती दर्शक संख्या और फिल्मों के फ्लॉप होने की बहस का अहम हिस्सा बन सकते हैं। बता दें कि दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने बेबाक अंदाज में फिल्म इंडस्ट्री और सिनेमाघरों की मौजूदा हालत पर अपनी राय रखी है।

# 'बिग बॉस 19' को लेकर दर्शकों को करना पड रहा लंबा इंतजार



रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 का इस बार दर्शकों को लंबा करना पड़ा है। शो को अब एक बड़ी खबर सामने आई है जिसने फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। खबर है कि सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड और चर्चित होस्ट यूलिया वंतूर को मेकर्स ने इस बार बतौर कंटेस्टेंट अप्रोच किया है।

बिग बॉस से जुड़ी खबरें साझा करने वाले प्लेटफॉर्म 'बिग बॉस खबरी' ने हाल ही में एक पोस्ट में दावा किया है कि यूलिया वंतूर से इस बार शो में हिस्सा लेने के लिए संपर्क किया गया है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, इससे पहले भी उन्हें कई बार अप्रोच किया गया था लेकिन उन्होंने हर बार शो में आने से इनकार कर दिया था। ऐसे में अब यह सवाल चर्चा में है कि क्या इस बार यूलिया वाकई 'बिग बॉस' हाउस में कदम रखेंगी? इसका जवाब आने वाले समय में ही मिलेगा लेकिन फिलहाल सोशल मीडिया पर इस खबर ने खूब हलचल मचा दी है। यूलिया और सलमान खान का नाम लंबे समय तक सुर्खियों में रहा है। दोनों को कई बार एक साथ देखा गया और कई बार दोनों के रिश्ते को लेकर अफवाहें भी उड़ती रहीं। ऐसे में अगर यूलिया इस बार वाकई शो में एंट्री लेती हैं तो दर्शकों के लिए यह सीजन और भी दिलचस्प हो सकता है। सोशल मीडिया पर इस खबर को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं। कई यूजर्स ने इसे लेकर मजेदार और तंजभरे कमेंट भी किए हैं। एक यूजर ने लिखा-फिर तो यह सीजन बायस्डनेस के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा।

दूसरे ने कहा- उम्मीद है इस बार वीकेंड पर ज्यादा भाषण नहीं सुनना पड़ेगा। वहीं किसी ने यह भी लिखा- अगर यह आ रही है तो फिर तो यही जीतेगी। इधर, बिग बॉस 19 के संभावित कंटेस्टेंट्स को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। चर्चाओं में गौरव खन्ना, प्रिया रेड्डी, पारस कलनावत और लक्ष्य चौधरी जैसे नाम सामने आए हैं।

# टीवी पर महिला-केंद्रित शोज की संख्या बढ़ी : नायरा बनर्जी




**आजकल** टीवी पर महिला-केंद्रित शोज की संख्या और लोकप्रियता बढ़ी है, जो एक सकारात्मक बदलाव है। पहले फिल्मों में अक्सर महिलाओं के किरदार केवल सजावटी होते थे और उनकी कोई ठोस पहचान या कहानी में गहराई नहीं होती थी।यह कहना है टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी का। नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर कहानियों के बदलते नजरिए और जेंडर इक्वैलिटी पर खुलकर अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि अब स्थिति बदल गई है और खासकर टीवी पर महिलाएं लीड रोल में नजर आती हैं, कहानियां उनके नजरिए से कही जाती हैं और उन्हें ताकतवर दिखाया जाता है। लेकिन नायरा मानती हैं कि इसकी वजह से पुरुष किरदार कभी-कभी पृष्ठभूमि में चले जाते हैं और यह भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवार और जिंदगी दोनों जेंडर के साझा अनुभवों और भावनाओं से बनते हैं, इसलिए असली और सच्ची कहानियां वही हैं जो दोनों के नजरिए और भावना को बराबरी से जगह दें। नायरा ने एक इंटरव्यू में कहा कि परिवार और अच्छी कहानियां दोनों की भागीदारी से बनती हैं और दोनों की भावनाएं मायने रखती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि टीवी पर महिलाओं को अब ज्यादा तवज्जो दी जा रही है, जो जरूरी भी था, लेकिन कहानियों में पुरुष किरदारों को भी बराबरी का महत्व देना चाहिए। नायरा ने बताया कि आज भी समाज में ऐसी कई कहानियां हैं जहां दोनों के अनुभव जुड़े होते हैं और दर्शकों को वही कहानियां सबसे ज्यादा अपील करती हैं जो ईमानदारी से दोनों पक्षों को दिखाती हैं। उन्होंने अपने नए म्यूजिक वीडियो 'मैं तेरी हूं' के बारे में भी बताया।

नायरा ने कहा कि इस गाने के बोल उन्हें बेहद पसंद आए थे। छह महीने पहले उन्होंने यह गाना पहली बार सुना था और तभी उन्हें यह बहुत अच्छा लगा था लेकिन तब वे दूसरी प्रोफेशनल कमिटमेंट्स में बिजी थीं और शूटिंग नहीं कर पाईं। बाद में जब यह प्रोजेक्ट दोबारा उनके पास आया तो उन्होंने बिना देर किए हां कर दी। यह गाना अहान ने लिखा और गाया है। सच्चे प्यार की बात करते हुए नायरा ने कहा कि आज के दौर में सबसे जरूरी है आत्म-प्रेम और अपनी मानसिक और शारीरिक शांति बनाए रखना। उन्होंने कहा कि उन्हें प्यार और शादी का आइडिया बहुत पसंद है जिसमें दो लोग मिलकर अपनी जिंदगी बनाते हैं और दोस्ती के साथ एक-दूसरे के साथ बूढ़े होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसा सच्चा प्यार आज भी दुनिया में मौजूद है।

## ब्रीफ न्यूज

### गुप्त नवरात्रि चिकलपाट में किया नौ दिवसीय अनुष्ठान



**हरदा/मोरगढ़ी।** गायत्री साधना केंद्र चिकलपाट में गुप्त नवरात्रि के इस पावन पर्व पर सिराली से बलराम भाई, हरिशंकर द्वारा नौ दिवसीय अनुष्ठान किया गया। शनिवार 4 जुलाई को एक कुंडी हवन और शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर आई ज्योति कलश रथ के आगमन पर सारे गायत्री परिवार द्वारा स्वागत पूजा दर्शन पूर्ण आहुति का लाभ लिया गया । इस अवसर पर आनंद पटेल, गेंदू पटेल, राजू टेलर, नानू भाई, पप्पू सेठ शर्मा सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

### महिला की जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद उपचार के दौरान हुई मौत

**अशोकनगर।** शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पदमघटा गांव में एक 42 वर्षीय महिला ने तीन जुलाई को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसकी बीती रात जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, मिली जानकारी के अनुसार पदमघटा निवासी राजकुमारी( 42 वर्ष ) पत्नी तुरसी अहिरवार ने तीन जुलाई को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसकी बीती रात जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी आज सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है ।

### भाजपा मनाएगी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**हरदा।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा स्थानीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान वार्ड क्रमांक 18 एल आई जी कॉलोनी में 6 जुलाई सुबह 10 बजे माल्यार्पण कार्यक्रम किया जाएगा जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय साह, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ,जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह , उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया सहित जिले के सभी पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का हुआ आरम्भ

**हरदा।** सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता और सुलह अभियान का क्रियान्वयन नोडल अधिकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में किया जायेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ दुबे ने बताया कि अभियान के तहत न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकार के सिविल प्रकरण एवं शमनीय आपराधिक प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से 16 प्रशिक्षित मध्यस्थों द्वारा सम्पूर्ण जिले में किया जावेगा। इस दौरान जिले के सभी न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। श्री दुबे ने बताया कि मध्यस्थता प्रणाली पूर्णतः गोपनीय है। इससे विवाद का अविलम्ब शीघ्र समाधान होता है तथा समय की बचत होती है।

# जमीन कब्जाने के आरोप पर पूर्व सांसद का पलटवार: दो करोड़ की मानहानि का नोटिस

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले को 7 दिन में खंडन एवं लिखित माफी मांगने की चेतावनी



**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव ने जमीन कब्जाने के आरोप को झूठा प्रचार बताया है और जवाबी कार्रवाई में पीपलखेड़ा निवासी राजकुमार यादव को दो करोड़ रुपये का मानहानि का नोटिस भेज डाला। डॉ. यादव ने साफ कहा है कि उनकी छवि को बदनाम करने के लिए साजिशन झूठा वीडियो वायरल किया गया है। जिससे उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से गहरी ठेस पहुंची है। 27 जून को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में राजकुमार यादव ने पूर्व सांसद को भू-माफिया बताते हुए उन पर 11 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया था।

यही वीडियो देखते ही देखते चर्चा में आ गया और बाद में कई समाचार पत्रों की सुर्खियों में भी रहा। इसी के जवाब में डॉ. यादव की ओर से अधिवक्ता शिवाल शर्मा, उच्च न्यायालय, खंडपीठ ग्वालियर ने विधिक नोटिस जारी करते हुए इसे पूरी तरह से मनगढ़ंत, झूठा और तथ्यहीन करार दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि न तो डॉ. यादव का किसी जमीन से कोई संबंध है और न ही राजकुमार यादव से कोई निजी रंजिश।नोटिस में बताया गया है कि डॉ. यादव एक सम्मानित चिकित्सक, समाजसेवी और निर्वाचित पूर्व सांसद हैं जिनकी छवि सदैव बेदाग रही है। लेकिन सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों से उनकी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा है और उन्हें मानसिक रूप से भी प्रताड़ना झेलनी पड़ी है। डॉ. यादव की ओर से राजकुमार यादव से दो करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति की मांग की गई है। इसमें 75 लाख रुपये सामाजिक क्षेत्र में छवि को नुकसान, 75 लाख कार्यक्षेत्र की प्रतिष्ठा को ठेस और 50 लाख मानसिक प्रताड़ना के लिए मांगे गए हैं। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिन के भीतर लिखित माफी नहीं मांगी जाती और समाचार पत्रों में खंडन प्रकाशित नहीं किया जाता तो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 356 एवं 351, 352 और 353 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राजकुमार यादव की होगी।

### मामला मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अव संरचना योजना के तहत बहादुरपुर पंचायत की ग्रेवल सड़क निर्माण का

# हम सरपंच हैं, इतना तो फायदा लेंगे...





- ■ मैन रोड से गौशाला की ओर डालना थी सड़क, सरपंच ने अपने घर के आगे से डाल दी सड़क
- ■ भुगतान कराया पंचायत से, किया शासन की राशि का दुरुपयोग

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

जिले की बहादुरपुर ग्राम पंचायत,बड़ी ग्राम पंचायत है,जहां तहसील मुख्यालय है, कृषि उपज मंडी है,वहां के सरपंच धर्मेंद्र खटीक अपनी मनमानी पर उतारू हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को ना देते हुए,स्वयं उठा रहे हैं। जहां घटिया, गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, वहीं आम लोगों को मिलने वाली सुविधा का लाभ स्वयं सरपंच अकेले उठा रहे हैं। और ग्रामीणों को सुविधा से वंचित किया जा रहा है।

हाल ही में एक मामला सामने आया है,जिसमें सूत्रों का कहना है कि सरपंच द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के तहत एक ग्रेवल सड़क का निर्माण कराया गया है,जो आज कल काफी चर्चा में है, 20 लाख रुपए की प्रस्तावित लागत से बनने वाली ग्रेवल सडक निर्माण मैन रोड से गौशाला तक कराया जाना था। उक्त ग्रेवल सड़क कृषि उपज मंडी के पीछे से डाली गई है,उसका भी घटिया गुणवत्ता हीन निर्माण हुआ है। इतना ही नहीं सरपंच ने अपने घर में सीसी सड़क डाल ली और उसका भुगतान भी पंचायत से निकाल लिया। इसके अलावा पांचवें राज्य वित्त आयोग से कंधई राम पंथी के मकान से जेपी शर्मा के मकान तक जो सीसी सड़क बनाई गई है। उसकी गुणवत्ता भी घटिया है। घटिया मटेरियल का इस्तेमाल कर गया है। सरपंच द्वारा मेंन रोड से गौशाला तक डलने वाली सड़क स्वयं के लाभ के लिए प्रस्तावित जगह से नहीं बनवाकर अपने घर के आगे,कृषि उपज मंडी के पीछे से डलवाई गई। यानी जिसे मैन रोड से गौशाला की ओर से डालना थी,उधर से नहीं डाली गई। इस तरह सरपंच द्वारा शासन की राशि का दुरुपयोग करते हुए सरकारी पैसे से अपने घर में ही सीधी सड़क डाल दी गई और भुगतान पंचायत से किया गया। इतना ही नहीं सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं, यह सड़क गुणवत्ता हीन,घटिया निर्माण की गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पंचायत के निर्माण कार्यों, भ्रष्टाचार और धांधली की जांच की मांग की है।

**इनका कहना है..**

मैन रोड से गौशाला के लिए 20 लाख रुपए की लागत से ग्रेवल सडक डाली गई है। जिससे मैन रोड से सीधे गौशाला जा सके।

**सनन यादव,**
**इंजीनियर ग्राम पंचायत बहादुरपुर जनपद मुंगावली जिला अशोकनगर।**

## संगीता जैन पोरवाड़ सामाजिक जैन मंच की बनी निर्विरोध महिला अध्यक्ष



**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

अंतर्राष्ट्रीय दिगंबर जैन पोरवाड़ सामाजिक मंच खंडवा झोन के द्वारा जुलाई माह के भक्तांबर पाठ का आयोजन दिनांक 4 जुलाई शुक्रवार को रात्रि में 8 बजे मंच सदस्य श्रीमती संगीता जैन के निज निवास पर किया गया।

मंच के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि वर्तमान में खंडवा महिला अध्यक्ष के रिक्त पद के लिए नई महिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर मुख्य कार्यकारिणी मंच अध्यक्ष समीर जैन की अनुमति एवं खंडवा झोन के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं परामर्शदाता के उपस्थिति में श्रीमती अनामिका जैन ने अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती संगीता सनद जैन का नाम प्रस्तावित किया गया एवं श्रीमती योगिता जैन ने उनके प्रस्तावित नाम का समर्थन किया उपस्थित सभी सदस्यगणों ने इस पर अपनी सहमति जताई एवं महिला अध्यक्ष पद के लिए एक मत होकर श्रीमती संगीता सनद जैन को खंडवा झोन का मनोनीत अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती संगीता सनद जैन ने कहा कि पोरवाड़ सामाजिक मंच द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौपी गई है उसे सबके सहयोग से बेहतर करने का प्रयास करूंगी।समाज के निर्धन बच्चों को स्वास्थ एवं शिक्षा संबंधित जो भी कठनाइया होगी उसमें उनका उचित सहयोग किया जाएगा। समाज के प्रतिभाशाली बच्चो की प्रतिभा निखारने का प्रयास समय समय पर उनको उचित मंच देकर किया जाएगा।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष एवं मंच के परामर्शदाता वीरेंद्र भटयांण,मंच के पुरुष अध्यक्ष प्रेमांशु जैन अधिवक्ता,मनीष जैन, प्रेम जैन,सनद जैन,श्रीमती बेला जैन,नमिता जैन,योगिता जैन, लीना जैन, अनामिका जैन,स्वीटी चौधरी, शालू जैन,बरखा जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जज ने निभाई इंसानियत: सड़क हादसे में घायल लोगों को अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया




**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

शनिवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में जब घायल लोग मदद का इंतजार कर रहे थे, तब जिला न्यायालय के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपदेश राठौर ने इंसानियत की मिसाल पेश की। उन्होंने मौके पर रुककर घायलों को अपनी निजी कार से जिला अस्पताल पहुंचाया, जिससे समय पर इलाज मिल सका और सभी की जान बच गई। पदम गैरेज के सामने की है। जानकारी के मुताबिक रामपाल (30) पुत्र शैतान सिंह पाल बाइक से होटल काम पर जा रहे थे।

वहीं मोहरी पुलिस लाइन निवासी संजय रघुवंशी (40) अपने दो बच्चों – सौम्य (8) और सुजय (8) – को स्कूल छोड़ने बाइक से निकले थे। दोनों की बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे चारों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहे न्यायाधीश उपदेश राठौर ने जैसे ही घायल लोगों को देखा, बिना देरी किए अपनी गाड़ी रोकी और सभी घायलों को खुद जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल सभी की हालत स्थिर है।शहरवासियों ने इस सराहनीय कदम के लिए जज राठौर की खुलकर प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि उन्होंने न सिर्फ अपने कर्तव्य बल्कि मानवता का भी धर्म निभाया। न्याय की कुर्सी पर बैठने वाला यह अधिकारी आज सड़क पर मसीहा बनकर सामने आया।

### एक किसान ने निजी खर्चे से दो किलोमीटर तक रास्ता सही किया

**अशोकनगर।** ग्राम पंचायत गरेठी में जहां सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि से कई बार कहने के बाद रास्ता सही नहीं किया 181 पर शिकायत की गई तब भी रास्ता सही नहीं किया। जबकि यह जिम्मेदारी सरपंच की होती है अपने क्षेत्र में खरब रास्तों को सुधार किया जाए। परन्तु सरपंच ने रास्ता ठीक नहीं किया तो जो गरेठी से चक तक खराब रास्ते दूरी लगभग 2 किलोमीटर पढ़ने वाले बच्चों को आने-जाने में परेशानी को देखकर आज महंगाई वाले समय में 2 किलोमीटर का रास्ता ग्राम पंचायत गरेठी के चक निवासी जसपाल सिंह सरदार,सुखपाल सिंह,महाद्वीप ने अपने निजी पैसा खर्च कर ट्रैक्टर ट्राली से मुरम डालकर रास्ता ठीक किया बच्चों को स्कूल आने जाने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



**इनका कहना है**

चक से रोजाना पढ़ाई लिखाई करने स्कूल आने जाने मुश्किल से निकलना पड़ रहा था इसी को देखकर रास्ता ठीक किया।

**जसपाल सिंह सरदार**

## मोहर्रम एवं बाढ़ के संबंध में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली समीक्षा बैठक



**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

मोहर्रम त्यौहार तथा बाढ़ नियंत्रण के संबंध में कलेक्टर आदित्य सिंह तथा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि मोहर्रम त्यौहार पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा के प्रबंध रखे जाएं। विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त रोशनी तथा बैरीकेटिंग कराई जाए। मोहर्रम पर निकलने वाले ताजियों के जुलूस मार्ग पर साफ-साफई तथा सुरक्षा के इंतजाम रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिले में बाढ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ से निपटने हेतु सभी पूर्व तैयारियां रखे जाने,बाढ की सूचना मिलते ही बचाव दल सक्रिय रहे यह सुनिश्चित किया जाए। बाढ संबंधी सूचना कंट्रोल रूम पर मिलने पर तुरंत संबंधितों तक पहुंचाई जाएं।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया, कि मोहर्रम त्यौहार पर निकलने वाले ताजियों के जुलूस मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा हेतु पुलिस बल लगाया जाए। विसर्जन स्थलों पर भी सुरक्षा के लिये पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने अपने अपने क्षेत्रों बाढ की निगरानी हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी विवेक शर्मा,एसडीएम अशोकनगर बृजविहारी श्रीवास्तव उपस्थित रहे तथा गूगलमीट से समस्त एसडीएम,थाना प्रभारी जुडकर बैठक में शामिल हुए ।

## जिला पंचायत सीईओ ने दिए ईसागढ़ जनपद के ग्राम पच बावड़ी में अमृत सरोवर के निर्माण के आदेश

- ■ दो सदस्यीय जांच दल करेगा जांच 7 दिन में देंगे जांच प्रतिवेदन
- ■ ग्रामीण सुखवीर जाटव ने की थी जिला पंचायत के सीईओ से शिकायत

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

जिले की जनपद पंचायत ईसागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत सीहोर के ग्राम पच बावड़ी निवासी आवेदक सुखबीर जाटव ने ग्राम पंचायत सीहोर जनपद पंचायत ईसागढ़ में निर्मित अमृत सरोवर तालाब निर्माण विजयपुरा नईसराय मार्ग का कार्य लेबर से ना कराकर जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर से कराए जाने एवं जिस जगह पर कार्य कराया जा रहा है, वह पूर्व में नवीन तालाब निर्माण बरखेडी पचवावडी के नाम से पुराना तालाब बना हुआ है। जिसका पैसा पूर्व में भुगतान हो चुका है,उसी पुराने तालाब की पार को जेसीबी और ट्रैक्टर से मरम्मत कराकर अमृत सरोवर के नाम पर पैसा निकाला जा रहा है। की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोक नगर से आवेदन देकर शिकायत की थी। उक्त शिकायत की जांच कराये जाने हेतु निवेदन किया गया था। शिकायत पर से सीईओ जिला पंचायत द्वारा स्थल निरीक्षण उपरांत उक्त शिकायती आवेदन में वर्णित बिन्दुओं की जांच करने के लिए दो सदस्य जांच दल गठित किया गया था। जिसमें कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यंत्रिकी सेवा संभाग अशोकनगर,कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग जिला अशोकनगर को जांच का जिम्मा सौंपा था। तथा जांच कर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर युक्त जांच प्रतिवेदन स्पष्ट अभिमत के साथ 07 दिवस के भीतर सीईओ जिला पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराने का आदेश दिया था।

**उत्सव** | प्रतिदिन 7 दिनों तक 24 घंटे अखंड होगी भजनों की प्रस्तुति

# विट्ठल मंदिर में नाम सप्ताह पर्व का काकड़ा आरती के साथ हुआ शुभारंभ

**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

प्राचीन श्री विठुल मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष से भी शुक्रवार से 7 दिवसीय पारम्परिक श्री नाम सप्ताह का प्रारंभ काकड़ा आरती कर विठुल नामस्मरण के साथ हुआ। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शुक्रवार से 7 दिन 24 घंटे बिना रुके अलग अलग भजन मंडल द्वारा होंगे भगवान के भजन कीर्तन, उत्सव में खंडवा शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के भी कई भजन मंडल नाम सप्ताह उत्सव में शामिल होते हें।उत्सव में प्रतिदिन दोपहर 1 से 3 बजे तक शहर की अलग अलग महिला भजन मंडल शामिल होकर भजनों की प्रस्तुति दे रही हैं।उत्सव में भगवान के भजन कीर्तन हिंदी मराठी निमाड़ी कई भाषा में होते आ रहे है। प्रातः 4 बजे से सभी भजन मंडल वर्षो से नियमित समय पर आकर उत्सव को सफल मनाते आ रहे है। सुनील जैन ने बताया कि नाम सप्ताह पर्व के चलते प्रतिदिन भगवान का श्रृंगार एवं आरती राम श्याम आष्टेकर परिवार द्वारा की जा रही है।



उत्सव में प्रतिदिन श्री हरि भक्त भजन मंडल रात्रि 9 से 10 बजे प्रस्तुति देंगी जिसमें भजन कीर्तन पूर्ण मराठी भाषा में होते है एवं भजन के साथ भक्तिमय नृत्य होता है जो भक्तों एवं श्रोताओं को बहुत भावविभोर कर भक्तिमय नृत्य करने को विवश कर देता है।

उत्सव में मंदिर पुजारी व्यवस्थापक श्री आष्टेकर परिवार द्वारा भगवान का नया श्रृंगार हो रहा है श्रृंगार का सामान कई अलग अलग जगह से मंगाया जाता आ रहा है। उत्सव में प्राचीन मंदिर को बहुत अच्छे से सजाया गया है। 6 जुलाई को एकादशी मनाई जाएगी। शुक्रवार को प्रथम दिवस दोपहर 1 से 3 विट्ठल मंदिर महिला मंडल द्वारा भजनो की शानदार प्रस्तुति दी गई बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थिति रही।

## सेतु निगम के कार्यपालन यंत्री द्वारा ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण दिए निर्देश


मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हेतु जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन

**खबर का असर**

**सत्ता सुधार ■ हरदा/टिमरनी**

ब्रिज निर्माण के चलते आम नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानी की शिकायत एवं 25जून मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हेतु जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन समाचार प्रकाशित हुआ था। समाचार बाद अधिकारी हरकत में आए सेतु निगम के कार्यपालन यंत्री ने निर्माण स्थल एवं बाय पास रोड का निरीक्षण किया तथा ठेकेदार को तीन दिन के अंदर बाय पास रोड की मरम्मत करने तथा निर्माण स्थल के दोनों ओर पक्का सर्विस रोड बनाने हेतु निर्देशित किया। अधिकारी के निरीक्षण के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री जायसवाल सहित क्षेत्र के व्यापारी एवं नागरिकों ने पुल निर्माण के चलते सर्विस रोड नहीं होने से आ रही परेशानी एवं वाहन चालकों को हो रही परेशानी से अवगत कराया।

# 53 लाख की लागत से सीसी पावर चौराहे पर यातायात व्यवस्था होगी सुगम

## नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद ने किया भूमिपूजन, वाहन चालकों को जाम से मिलेगी मुक्ति





**सत्ता सुधार ■ पीथमपुर**

पीथमपुर के सेक्टर नंबर 1 के सीसी पावर चौराहे पर यातायात का अधिक दबाव होने के कारण आए दिन जाम लगता है। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यातायात सुगम करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष सेवंतीबाई सुरेश पटेल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशिकांत शुक्ला ने नगरीय प्रशासन आयुक्त को पत्र लिखा था। इसके बाद 51 लाख की राशि शासन की तरफ से नगर पालिका को मिल गई।

शनिवार सुबह 11ः00 बजे नगर पालिका अध्यक्ष सेवंतीबाई सुरेश पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष पप्पू असोलिया, डॉ. कृपाराम मुकाति, पार्षद पप्पू पटेल, ओमप्रकाश जरिया, राकेश साहू, भोलूराम अनजाने, पूर्व पार्षद विपुल पटेल, पीआईसी मेंबर लीला लालू शर्मा ने भूमिपूजन किया। पूर्व पार्षद विपुल पटेल ने बताया कि हमने शासन को पत्र लिखा था जिसमें डाक बंगला चौराहा, अकोलिया चौराहा, मुख्य नगर पालिका के सामने पावर हाउस चौराहा, मनमानी कॉलोनी और सीसी पावर चौराहा इन सबके लिए इंटिमेट बनाकर नगर पालिका की तरफ से पत्र भेजा था।

**बालाजी सेल्स एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी दो महीने में काम पूरा करेगी** – नगर पालिका अध्यक्ष सेवंतीबाई ने बताया अभी सीसी पावर चौराहे के लिए राशि नगर पालिका को मिली है। इससे हम एक भव्य और अच्छा ट्रैफिक व्यवस्था करेंगे। विपुल पटेल ने बताया कि नगर पालिका इंजीनियर हिमांशु सिंह के निर्देशन में और बालाजी सेल्स एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा यह कार्य किया जाएगा। 2 माह के भीतर यह कार्य पूर्ण होगा। पूर्व में सीसी पावर चौराहे पर कट होने के कारण चार रास्ते यहां निकलते थे। सुबह 8ः00 बजे से 10ः00 बजे और दोपहर में 3ः00 से 7ः00 तक अत्यधिक दबाव बना रहता था इस रोड पर कई बार घंटे ट्रैफिक में लोग परेशान हो जाते थे।

### आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थी

सीसी पावर चौराहे पर यातायात का अधिक दबाव होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थी। इसके बाद नगर पालिका ने शासन से बात की और उसके बाद आज भूमिपूजन के बाद कार्य प्रारंभ हो गया। जिसमें हम 17 प्रकार के यातायात के नियम जितने भी रहते हैं वह इक्विपमेंट लगाएंगे। जिसमें अबाउट अहेड लेफ्ट राइट का साइन बोर्ड, ज़ेबरा क्रॉसिंग, इसके अलावा सर्विस रोड पर 30 मीटर का सीसी रोड जिसमें पैचवर्क किया जाएगा।

### राशि बचने पर अन्य चौराहे पर भी करेंगे निमार्ण

साइन बोर्ड रहेगा जो बताएगा कि सीसी पावर से इंडोरामा, घाटा बिल्लोद, लेबड़ या धार की दूरी कितनी है या सीसी पावर से इंदौर, महू, राऊ की दूरी कितनी है। विपुल पटेल ने बताया कि अगर इस कार्य को करने में कुछ पैसा बचता है तो और पैसा मिलकर निगम के द्वारा अन्य चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था भी की जाएगी। शासन से भी मांग की गई है, अगर शासन नहीं भी देती है तो भी हम पीथमपुर नगरीय निकाय से करेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### नर्सिंग ऑफिसर की रोटेशन प्रणाली एमवाय अस्पताल मे होगी लागू

**इन्दौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबधित एमवाय अस्पताल को उन्नत बनाने के लिए अब लागू होगी नर्सिंग ऑफिसर की रोटेशन प्रणाली। उल्लेखनीय है कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबधित कई शासकीय अस्पताल एवं यूनिट है जिसमें तकरीबन आठ सौ से ज्यादा नर्सिंग ऑफिसर काम करती हैं। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने कहा नर्सिंग ऑफिसरों का कुछ ही विभागों में काम कर कार्यकाल खत्म हो जाता है। इस पर हमने कार्य समिति की बैठक में नर्सिंग ऑफिसर की मांग पर अब रोस्टर रोटेशन प्रणाली बनाने की सहमति दी है । ज्ञात हो कि मेडिकल कालेज से संबन्धित अस्पतालों में कई यूनिट, विभागों का संचालन होता है। इलमें डाइलेसिस यूनिट, बोन मैरो यूनिट, किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट, सर्जरी विभाग, मेडिसिन विभाग, गायनिक विभाग और अन्य विभागों में अब रोटेशन पद्धति के तहत हर नर्सिंग ऑफिसर को सीखने का पूरा मौका मिलेगा।

**नर्सिंग ऑफिसर को सीखने और समझने का मौका मिलेगा** – डीन डॉ. घनघोरिया ने कहा हम चाहते है कि मेडिकल कालेज से संबन्धित अस्पताल प्रदेश मे सबसे उत्कृष्ट संस्थान बने इसलिए नर्सिंग आफिसर की मांग पर अब हर नर्सिंग आफिसर को प्रणाली एवम विभिन्न यूनिट को सीखने और समझने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम हमारे नर्सिंग ऑफिसर को उन्नत एवं उत्कर्ष बनाना चाहते है जिससे व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। हम चाहते है कि हमारे संस्थान के नर्सिंग ऑफिसर एम्स जैसे संस्थाओं की तरह बने, उनके अनुभवों की वृद्धि हो, मरीजों को लाभ मिले, वे अपने क्षे?त्रों में अग्रणी बने जिसका लाभ मेडिकल कॉलेज से संबन्धित संस्थानों को मिले। इससे गरीब वांछित पिछड़ों को सबसे बेहतर ईलाज के साथ सरकार द्वारा जनहित एवं जन कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं का लाभ भी मिल सके।

### शुक्ल पक्ष की दशमी पर बाबा ने मस्तक पर धारण किया बेलपत्र, मंदिर में गूंजा जय श्री महाकाल

**उज्जैन** । विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि शनिवार की सुबह 4 बजे हुई भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का पंचामृत पूजन-अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल को भस्म रमाई गई। इस दौरान हजारों भक्तों ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लिया, जिसके बाद जय श्री महाकाल के उद्घोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। कालों के काल विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष की दशमी शनिवार पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि भस्म आरती के लिए सुबह चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पण्डे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर फलों के रस से बने पंचामृत को अर्पित कर किया।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम के तीसरे दिन दिया संस्कृति ज्ञान पर व्याख्यान

## नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय के सभी विभागों एवं ग्रंथालयों का कराया भ्रमण





**सत्ता सुधार ■ बड़वानी**

शासकीय कन्या महाविद्यालय बड़वानी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. कविता भदौरिया ने बताया कार्यक्रम का आयोजन कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

प्राचार्य भदौरिया ने बताया कि भारतीय संस्कृति प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। भारत विश्व गुरू के रूप में सदियों से जाना जाता है। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के साथ हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करते हुए पुर्नजीवित किया जा रहा है। हमारे संस्कार हमारी धरोहर है। महाविद्यालय की नवीन प्रवेशित छात्राओं को आदि शक्ति के रूप में माँ गायत्री के दिव्य रूप व आचरण में उनके ध्यान, योग, चेतना से मन को जाग्रत करने के लिए गायत्री परिवार के सदस्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की नोडल अधिकारी डॉ. स्नेहलत मुझाल्दा ने बताया वर्तमान समय में सभी संकाय जैसे कला, विज्ञान, गृहविज्ञान, वाणिजय आदि के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा को जोड़ा जा रहा है। पूनम पंडित एल.आई.सी. एडवाईजर एवं गायत्री परिवार सदस्य ने गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ छात्राओं को कहा कि हमे कार्य करते समय हमारा आत्मबल बनाए रखना चाहिए यदि हमारे मन में किसी प्रकार की उथल-पुथल चल रही है तो हमें गायत्री मंत्र का जप कर लेना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्मिता यादव ने किया एवं आभार डॉ. इन्दु डावर ने माना। दीक्षारंभ समारोह के समापन कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय के सभी विभागों एवं ग्रंथालयों का भ्रमण डॉ. विक्रम सिंह भिड़े एवं क्रीडा अधिकारी श्रीमती रेखा बिसेन द्वारा कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन.एल. गुप्ता, डॉ. जगदीश मुजाल्दे, डॉ. मनोज वानखेड़े, डॉ. महेश कुमार निंगवाल, डॉ. दिनेश सोलंकी, डॉ. सुनीता भायल, प्रो. सीमा नाईक डॉ. अंकिता पागनिस डॉ. शोभाराम वास्केल, कृष्णु यादव सहित समस्त स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## एमवायएच में की हर मंजिल पर मिल रही सैंपल कलेक्शन की सुविधा



### डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया अब मरीजों को सैंपल के लिए भटकने से मिली राहत

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

म.प्र. के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवाय में हर मंजिल पर अब सैंपल कलेक्शन की सुविधा शुरू की गई है। इससे मरीजों को जांच करवाने के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। इससे मरीजों को राहत मिली है और उनका इलाज भी समय पर हो रहा है।

डीन डॉ. अरविन्द घनघोरिया ने कहा यहां सैंपल कलेक्शन के लिए हर मंजिल पर टेबल लगाई गई है, जहां कर्मचारी जांच के सैंपल लेता है। इन सैंपल को वह जांच के लिए लैब में भेजते हैं। इससे पहले डॉक्टर द्वारा मरीज को जांच की आवश्यकता होने पर लैब के कर्मचारियों को बुलाना पड़ता था, जिसमें काफी समय भी लग जाता था। इस तरह की जांच व्यवस्था एमवायएच में पहली बार शुरू हुई है। संबंधित डॉक्टर के पास भी यह रिपोर्ट पहुंच जाती है। इससे यदि डॉक्टर मौके पर मौजूद नहीं भी रहता है तो मरीज की रिपोर्ट के अनुसार उसका इलाज शुरू करवा देते हैं। मरीजों ने बताया कि अब हमें जांच सुविधा के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा है। वार्ड में ही सैंपल लेने के लिए स्टाफ बैठा हुआ है। जब जरूरत पड़ती है तो हम बुला लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें एमवाय अस्पताल को प्रदेश का अव्वल एवं देश में सबसे बेहतरीन अस्पताल बनाना है। जहां गरीब वांछित पिछड़ों को सबसे बेहतर ईलाज के साथ सरकार द्वारा जनहित एवं जन कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं का लाभ भी मिल सके ।

## रक्तदान शिविर लगाकर विधायक राजेन्द्र मण्डलोई का मनाया जन्मदिन

### बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने विधायक को जन्मदिन की दी बधाई

**बड़वानी।** बड़वानी जिले के विधायक राजेन्द्र मण्डलोई के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर अनोखे तरीके से अपना जन्मदिन मनाया। शिविर में बड़ी संख्या में समर्थकों ने रक्तदान किया। म.प्र. शासन के पूर्व गृहमंत्री राजपुर विधायक बाला बच्चन, सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी, म.प्र.अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महामंत्री अजमत मंसूरी, अल्पसंख्यक विभाग के इंदौर सम्भाग के संगठन मंत्री खलील मंसूरी, समाजसेवी यूसुफ मंसूरी, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजस मसीही, मुस्तकीम भाई, राहुल राठौर, बलराम यादव, इरफान मंसूरी, सादिक मंसूरी, तौफीक मंसूरी, अशोक गोले, कीर्ति ठक्कर एवं बड़वानी जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक राजेन्द्र मण्डलोई को जन्मदिन पर बधाई दी।



# अजजा आयोग के अध्यक्ष ने वन अधिकार के पट्टे किए वितरित



**सत्ता सुधार ■ सेंधवा**

अजजा आयोग के हस्तक्षेप के बाद अजजा वर्ग के लोगों को पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के पलासनेल, शिरपुर सहित नंदुरबार जिले के 4000 से अधिक लोगों को सरकार वन अधिकार के पट्टे देगी । जिसके तहत 96 लोगो को अजजा आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नंदुरबार में वन अधिकार के पट्टे वितरित किए। उक्त जानकारी भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने दी।

अग्रवाल ने बताया कि अनुसूचित जनजाति आयोग राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य के अजजा आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद महाराष्ट्र के प्रवास के दौरान वे नंदूरबार जिले में जुलाई 2024 में गए थे जहां अजजा वर्ग के बड़ी संख्या में लोग एक कार्यक्रम में एकत्रित होकर अपनी समस्या आयोग के समक्ष रखी गई । इस दौरान काफी संख्या में आदिवासी आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टों से संबंधित समस्याओं से आयोग को अवगत कराया गया था।

आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य ने कलेक्टर से कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है कि अन्य राज्य के निवासी जिन्हें 20 से अधिक समय से आपके राज्य में निवास करते हो जाने पर उन्हें वन अधिकार के पट्टे नहीं दिए जा सकते हैं । उनके आवेदन पर पट्टा दिया जाना चाहिए। इसके बाद आर्य ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर अजजा वर्ग की समस्या व वन अधिकार के पट्टे के संबंध में चर्चा कर अन्य राज्य के निवासी जो वर्तमान में महाराष्ट्र राज्य में सालों से निवास करते हैं उन्हें पट्टे देने से वंचित नहीं किया जाए । मुख्यमंत्री फडणवीसने कहा कि उन्हें भी पट्टे दिए जाएंगे। आयोग के निर्देशों की पालना में जिला प्रशासन द्वारा समिति का गठन किया जाकर जिले के लगभग 4000 वन अधिकार पट्टों की स्वीकृति दी गई है।

**पौधरोपण** फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मनोहर झांझरी का किया सम्मान

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर ने किया पौधारोपण

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**



विद्यासागर सोशल ग्रुप इंदौर के सदस्यों द्वारा बेहतर पर्यावरण के लिए शनिवार को प्रातः 11ः00 बजे उदय नगर जैन मंदिर प्रांगण पर पौधारोपण किया गया।

विद्यासागर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि आज कई तरह के ऑक्सीजन प्रदाता व फलदार पौधे रोपे गए। इसमें मुख्य रूप से थे आम, जामुन, इमली, आंवला, जाम फल, सीताफल, कनक चंपा, मीठा नीम आदि। पौधारोपण करने वालों ने संकल्प लिया कि वे पौधों की हिफाजत उसके पेड़ बनने तक करेंगे। प्रतिदिन मंदिर जाते वक्त इन्हें भी देखेंगे।

ग्रुप सचिव अरविंद जैन ने बताया कि पहला पौधा फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी व विद्यासागर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन ने रोपा। आज के कार्यक्रम में मनोहर झांझरी का फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पगड़ी, दुपट्टा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही दिगंबर जैन समाज , सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमारी पाटोदी का उनके सफलतम कार्यकाल के लिए, राकेश सिंघई का परवार सभा के अध्यक्ष बनने पर एवं संतोष जैन (एमपीईबी )का सिद्ध चक्र मंडल विधान में चक्रवर्ती बनने पर सम्मान किया गया।

सभी अतिथियों का कहना था कि विश्व पर्यावरण को स्वच्छ करने के लिए पौधारोपण जरूरी है। इस अवसर पर सुनील-अनीता जैन, संतोष-मीना जैन, जेके जैन, प्रकाश- सुनीता जैन, ओमप्रकाश जैन, अजय जैन एडवोकेट, संगीता जैन, शालिनी जैन, सरिता- रविंद्र जैन, उषा- नरेंद्र सिंघई, सुरेश जैन (बीना), प्रदीप जैन, संदीप जैन, पंकज जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

## वन महोत्सव के तहत किया पौधारोपण

**सेंधवा।** शनिवार को वन परिक्षेत्र सेंधवा में शासन की योजना वन महोत्सव के अंतर्गत उपवन मंडल अधिकारी सेंधवा मुकेश मेरावी, वन परिक्षेत्र अधिकारी मोहन सिंह मंडलोई, बीट प्रभारी ललित पाटीदार, पुनित मिश्रा की मौजूदगी एवं जनप्रतिनिधियों मदन आर्य वन समिती अध्यक्ष, सुरेन कुशवाह जिला प्रतिनिधि, प्रफुल पाटीदार मंडल अध्यक्ष चाटली, पप्पु प्रजापति मंडल उपाध्यक्ष, सुरेन यादव मंडल उपाध्यक्ष, दिलीप आर्य पटेल, बबलु सोलंकी सरपंच साकड, गजानंद ब्रह्माणे सरपंच गवाड़ी, शोभाराम सेनानी जनपद सदस्य ने उपस्थित होकर पौधारोपण किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी सेंधवा मोहन सिंह मंडलोई और उपवन मंडल अधिकारी मुकेश मेरावी ने ग्रामीणों को वनों के महत्व बताए और वनों की सुरक्षा में सहयोग करने का आह्वाहन किया।



## ब्रीफ न्यूज

### जिले में अब तक 315.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** मुरैना जिले में 01 जून से 05 जुलाई, 2025 तक 315.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 166.8 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 148.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 05 जुलाई तक सर्वाधिक वर्षा मुरैना में 469 मिलीमीटर दर्ज की गई है। पोरसा में 404, सबलगढ़ में 294, जौरा में 257, अंबाह में 238.4 और कैलारस तहसील में सबसे कम 232 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। शनिवार को सर्वाधिक 47.4 मिलीमीटर वर्षा मुरैना में दर्ज की गई है। पोरसा में 31, सबलगढ़-जौरा में 12, अंबाह में 4 और कैलारस में 2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पंचायत उप निर्वाचन के लिये मतदान 22 को

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 22 जुलाई को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य एक जुलाई से आरम्भ हो गया है। नाम निर्देशन पत्र 8 जुलाई तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 9 जुलाई को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 11 जुलाई है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जायेगा। मतदान 22 जुलाई को सुबह से 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद 22 जुलाई को ही मतगणना होगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य की विकासखंड मुख्यालय पर मतगणना होगी एवं परिणाम की घोषणा 26 जुलाई को सुबह 8 बजे से होगी। पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29 जुलाई को होगी।

### मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त जाँच व उपचार कराएं

**मुरैना।** मलेरिया बुखार में व्यक्ति को ठंड के साथ कपकपी, तेज बुखार और पसीना आना व तापमान कुछ समय में सामान्य हो जाता है। मलेरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। यह संक्रमित मादा एनाफ्लिीज मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमण की अवधि, मलेरिया के प्रकार, उपचार की प्रभावशीलता और व्यक्ति के आधार पर भिन्न हो सकती है। जॉच और इलाज के द्वारा ठीक हो जाता है। यह जानकारी सिविल सर्जन द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि तेज सिर दर्द, हाथ पैरों में अकड़न, उल्टी आना, थकान महसूस होना मलेरिया के लक्षण हो सकते है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त डॉक्टर को दिखाए और जॉच व उपचार कराएं। मलेरिया से बचने के लिए सभी लोग अपने घर और बाहर सफाई रखें, पानी की टंकी को धोकर व सुखाकर पानी भरे, फुलअस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरदानी लगायें, मच्छर पनपने वाली जगह को साफ-सुथरा रखें। मौसम के अनुसार मच्छरों से बचाव व उपचार अवश्य लें, जिससे मलेरिया से बचाव हो सके।

---

**बाइक सवार जा रहे थे बाजार, मृतक 15 लोगों के साथ पैदल जा रहा था गिरिराज जी परिक्रमा देने**

# बस चालक ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल, कंडक्टर बस लेकर भागा तो बिलगांव पर एक युवक को कुचलकर मौत के घाट उतारा

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शनिवार की दोपहर जिले के जौरा थाना अंतर्गत मुरैना की ओर आ रही एक यात्री बस के चालक ने न्यायालय के सामने बाइक पर जा रहे तीन लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। लोग बस को रोककर ड्राइवर को पकड़कर मारपीट करने लगे, तभी कंडक्टर बाइक की चाबी निकालकर बस को लेकर मुरैना की तरफ भाग निकला और उसने बिलगांव के पास गिरिराज जी की परिक्रमा देने जा रहे लोगों में से एक युवक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस दुर्घटना में कुछ लोग घायल भी बताए गए हैं। घटना के बाद बस को





पकड़ लिया गया है, लेकिन कंडक्टर फरार बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर 2:00 के लगभग कैलारस से मुरैना की तरफएक यात्री बस आ रही थी। जौरा न्यायालय के सामने बस चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और उसने एक बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार रमाशंकर सिंह भदौरिया पुत्र रमेश सिंह भदौरिया उम्र 40 निवासी चाचिहा, रीमा पत्नी रमाशंकर भदौरिया उम्र 36, लोंगश्री पत्नी लाखन सिंह सिकरवार उम्र 55 चाचीहा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख लोगों ने बस को रोककर पकड़ लिया और ड्राइवर की सड़क पर मारपीट करने लगे, तभी बस का कंडक्टर एक मोटरसाइकिल की चाबी से बस को चालू कर मुरैना की तरफभाग गया। जैसे ही बस बिलगांव स्थित मॉडल स्कूल के निकट पहुंची तो वहां से लगभग 15 लोग पैदल गिरिराज जी की परिक्रमा देने के लिए जा रहे थे, इसी दौरान बस के कंडक्टर ने सबसे पीछे चल रहे राजवीर पुत्र हरविलास प्रजापति 45 लाभकरण केलारस को कुचल डाला, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कुछ अन्य लोग घायल भी बताए गए हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने बस को पकड़ लिया, लेकिन कंडक्टर वहां से भाग निकला।

---

# अपने ईष्ट के बताए हुए मार्ग पर चलना ही साधना हैं : मुनिश्री विलोकसागर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

हम अपने इष्ट को पूजते तो हैं, उनकी भक्ति तो करते हैं, उनकी जय जयकार तो बोलते हैं लेकिन उनको हृदय से स्वीकार नहीं करते, उनके बताए हुए सिद्धांतों का पालन नहीं करते, उनके बताए गए मार्ग पर नहीं चलते। इसी प्रकार आप साधु को तो पूजते हैं लेकिन साधु के बताए हुए मार्ग को स्वीकार नहीं करते। जैन साधु भगवान महावीर की उपासना करते हुए उन्हें जीने का प्रयास करते हैं, उनके बताए हुए मार्ग पर चलते हैं, उनके सिद्धांतों का पूर्णतः पालन करते हैं। जैन साधु आहार भी लेते हैं तो इसलिए लेते हैं ताकि उनकी साधना चलती रहे। यदि उनका आहार भी साधना में बाधक बनता है तो वे आहार का भी त्याग कर देते हैं। जैन साधु केवल उसी व्यक्ति के हाथ से या उसी व्यक्ति के घर आहार लेते हैं जो भगवान महावीर के सिद्धांतों का पालन करता है। जिसके मन और विचारों में अहिंसा है, जो पाप कर्मों से दूर रहता है, सप्त व्यसनों का उपयोग नहीं करता है। जो व्यक्ति या परिवार श्रद्धा पूर्वक शुद्ध भोजन तैयार करता है,



जिसकी भावनाएं पवित्र हैं, जिसके मन में यह भाव होता है कि साधु के आहार से मेरा कल्याण होगा और साधु की साधना में सहायक होगा। ऐसे ही परिवारों में साधु आहार लेता है। साधु के मन में भी यह भाव होता है कि चरित्रवान व्यक्ति के यहां आहार होगा तो हमारी साधना भी बाधित नहीं होगी। कदाचित भूलवश व्यसनी व्यक्ति के यहां अथवा पाप प्रवृति के व्यक्ति के यहां आहार होता है तो साधु अन्तराय कर देते हैं, उपवास कर लेते हैं। इस श्रमण परम्परा को जीवंत बनाए रखने के लिए अपने बच्चों को संस्कारित करना होगा। हमारी संस्कृति तभी जीवित रह सकती है, तब हमारी आने वाली पीढ़ी संस्कारवान होगी। उक्त उद्गार जैन संत मुनिश्री विलोकसागर महाराज ने श्री सिद्धचक्र विधान के तीसरे दिन बड़े जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।ऑक्सः

**आज रविवार को 64 अर्घ समर्पित किए जायेगें**

**बड़े जैन मंदिर में 8 दिवसीय सिद्धों की आराधना के भक्तिमय अनुष्ठान में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजय भैयाजी (मुरैना वाले) ने विधान की पूजन कराते हुए एक एक श्लोक का अर्थ सरलता के साथ समझाया। सिद्धों की आराधना करते हुए तीसरे दिन 32 अर्घ समर्पित किए गए। आज चौथे दिन 64 अर्घ समर्पित किए जायेगें। विधान पूजन से पूर्व भगवान पार्श्वनाथ का जलाभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया गया।**

---

# बरसात के मौसम में बिजली, वज्रपात से करें बचाव

सत्ता सुधार ■ मुरैना

बरसात के मौसम में बाहरी गतिविधियां, खेतों औद्योगिक स्थान, लोडिंग और अनलोडिंग जैसे निर्माण सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते है। जिन्हें बचाव संबधी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। विशेष रूप से ऊंचें नुकीले संरचनाओं पेड़ों पर वज्रपात की अधिक संभावना होती है एवं एक ही स्थल पर कई बार वज्रपात हो सकता है। आकाशीय बिजली प्रभावित होने पर ऐसी संरचनाओं से दूर रहना चाहिए, क्योंकि आकाशीय बिजली वज्रपात वर्षा में किसी भी समय गिर सकती है। यह आवश्यक नहीं है कि बारिश के दौरान वज्रपात हो सकता हैं। ऐसी घटना वर्षा ऋतु में 10 मील के दायरे तक संभावित हो सकती है। आकाशीय बिजली वज्रपात की घटना तूफान आने के पहले भी घटित हो सकती हैं।

### घर व कार्यस्थल के भीतर सुरक्षात्मक उपाय

बिजली एवं इलेक्ट्रोनिक के समस्त उपकरणों के संपर्क दूरी बनाए एवं इन्हें पावर प्लग से पृथक करें, ताकि मुख्य सप्लाई से बिजली का प्रभाव नहीं हो पाए। घरेलू अथवा कार्यालयीन समस्त विद्युत उपकरणों अथवा आउटलेट से जुड़ी किसी भी चीज का उपयोग न करें। बिजली का प्रभाव किसी भी इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियों और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम और कंक्रीट की दीवारों फर्श में धातू के तारों के माध्यम से हो सकती है।

**घर से बाहर सुरक्षात्मक उपाय**

**बिजली के प्रवाह करने वाली सामग्री से दूर रहे यथा धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लबिंग सहित बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहां के सपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, टेलीफोन के खंबे, ऊंचा पेड़, छत का मचान, धातु की सीढ़ी, बड़ी मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहे। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत का प्रवाह संभावित होने के कारण यथा शीघ्र साइकिल, दोपहिया वाहन अथवा अन्य वाहनों से तुरंत उतरकर किसी सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं।**

---

# वाहन चालक को 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं ढाई हजार रुपए जुर्माने की सजा

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जौरा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनमोहन सिंह कौरव की अदालत ने एक्सीडेंट के एक मामले में अभियुक्त को 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं ढाई हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। एडीपीओ गोविंद दास आर्य से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी प्रमोद सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 जून 2018 को उसका बड़ा भाई पप्पू उर्फ प्रदीप अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 06 ए 5088 से साथ में उसका छोटा भाई जागेंद्र सिंह व कुलदीप सिंह जा रहे थे। प्रदीप की मोटरसाइकिल हमारी मोटर साईकिल से आगे थी, जैसे ही प्रदीप की मोटरसाइकिल एमएस रोड पप्पन यादव के अखाड़े के सामने पहुंची तो जौरा की तरफ से दिन के 2:15 बजे के लगभग शिफ्ट कार क्रमांक एचआर 26 बीएस 3787 के चालक ने कार को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए पप्पू उर्फ प्रदीप की मोटरसाइकिल में सामने से टक्कर मार दी, जिससे उसे छाती, मुंह व शरीर के अन्य हिस्सों में जगह-जगह गंभीर चोट आई, जिससे प्रदीप की मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई। टक्कर मारने वाली स्विफ्ट कार का नंबर बाइक पर चल रहे भाइयों ने देख लिया था। प्रदीप की बाइक में टक्कर मारने के बाद कार चालक कार को छोड़कर भाग गया। मृतक का भाई मृतक को जोरा अस्पताल ले गया। एक्सीडेंट की रिपोर्ट थाना बागचीनी में की गई तथा कार चालक के विरुद्ध धारा 304 ए सहित अन्य मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं का मामला पंजीकृत किया गया। प्रकरण में विवेचना साक्ष्य के कथन घटनास्थल का मौका नक्शा आदि तैयार कर घटना स्थल से कार को भी जप्त किया गया एवं अभियुक्त मानसिंह परिहार पुत्र श्यामसुंदर परिहार निवासी थाना पिनाहट जिला आगरा हाल निवासी 36 बांके बिहारी रोड राजीव नगर बेगमपुर सुल्तानपुरी सी ब्लॉक उत्तर पश्चिम दिल्ली को गिरफ्तार किया गया एवं वाहन स्वामी को गाड़ी के दस्तावेज पूरे न होने पर आरोपी बनाया गया, जिसके आधार पर कार एक्सीडेंट करने वाले आरोपी मानसिंह परिहार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनमोहन सिंह कौरव ने अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुए एक्सीडेंट कर मृत्यु करने का दोषी मानते हुए वाहन चालाक आरोपी को सुनाया 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं ढाई हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

---

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सबलगढ़ में तीन स्थानों पर भरे सैंपल

**मुरैना।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सबलगढ़ नगर में मिलावट करने वालों के विरुद्ध सैंपलिंग की कार्रवाई की है। खाद्य वस्तुओं के सैंपल भरने की कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अवनीश गुप्ता, अनिल सिंह परिहार, महेंद्र सिरोहिया द्वारा सबलगढ़ में गोयल डेरी संतर नंबर 3 प्रोपराइटर मुकेश गोयल के यहां से पनीर एवं घी के नमूने लेकर सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। दूसरी कार्यवाही गौरी ट्रेडर्स संतर नंबर 5 प्रोपराइटर लक्ष्मीनारायण के यहां से फोर्टीफाइड सोयाबीन तेल एवं रसगुल्ला पाउडर के नमूने लेकर सैंपलिंग की गई। तीसरी कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने एएसआई फ्लोर मिल सुनहरा रोड पर प्रोपराइटर सुरेंद्र के यहां से श्याम गोल्ड ब्रांड आटे का सैंपल लिया गया। फैक्ट्री में 5 किलो एवं 10 किलो तथा 25 किलो बैग पर पैकिंग डेट, बेस्ट नंबर, एमआरपी नहीं होने से 530 बैग आटा जप्त किया गया।

---

# युवाओं को किया एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक, जरैना में लगाया शिविर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिविल हॉस्पिटल जौरा के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस सेमिल के निर्देशन में आईसीटीसी परामर्शदाता संदीप सेंगर एवं मनीकांत शर्मा द्वारा ग्राम जरैना मे आउट रीच गतिविधि के अंतर्गत जन समुदाय एवं युवा वर्ग को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु एचआईवी एड्स जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परामर्शदाता संदीप सेंगर ने युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने की सलाह देते हुए आईसीटीसी की कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुए बताया कि आईसीटीसी पर एचआईवी एड्स सिफीलिस आदि से संबंधित परामर्श एवं जांच निःशुल्क की जाती है, इसलिए आप सभी युवा अपना-अपना स्टेटस जानने हेतु एचआईवी की जांच कराने हेतु सिविल हॉस्पिटल जौरा में आईसीटीसी कमरा नंबर



101 में पर एक वार अवश्य पधारे, साथ ही उन्होंने एचआईवी एड्स के संक्रमण होने के चार कारणों को विस्तार से समझाया। एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को एआरटी के माध्यम से दिए जाने वाले उपचार एवं एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ किये जाने वाले सामाजिक भेदभाव को रोकने हेतु बनाए गए कानून एच आई वी, एड्स एक्ट 2017 के प्रावधानों के वारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर परामर्शदाता मनीकांत शर्मा द्वारा युवाओं को एचआईवी एड्स की घर बैठे जानकारी लेने हेतु टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में जानकारी दी एवं सिफलिश, हेपेटाइटिस बी सी टी वी आदि बीमारियों से संबंधित जागरूक किया।

---

**पूर्व विधायक अजब सिंह, उनके पुत्र एवं महिला नेत्री रंजेश सहित 86 लोगों के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज**

# ज्ञापन देने के दौरान पथराव कर पुलिस कर्मियों को किया था घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शुक्रवार की दोपहर धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान कुशवाह समाज के लोगों द्वारा पुलिस पर पथराव कर दिया गया, जिसमें रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला, सिविल लाइन थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ल सहित अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने पूर्व विधायक, उनके पुत्र, महिला नेत्री सहित 86 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है।





सिविल लाइन थाना पुलिस ने धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक अजब सिंह कुशवाह, उनके पुत्र संजय सिंह कुशवाह, महिला नेत्री रंजेश कुशवाह, रिंकू कुशवाह सहित 86 लोगों के विरुद्ध दंगा करने, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने, पुलिस कर्मियों को घायल करने की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व बैरियर चौराहे पर निर्मल कुशवाह निवासी कांसपुरा थाना जोरा की भूरा गुर्जर एवं रंजीत गुर्जर द्वारा मारपीट कर पत्थर से पैर कुचल दिए गए, जिससे वह घायल हो गया और जिला अस्पताल में भर्ती है। इस मामले को लेकर कुशवाह समाज के नेताओं द्वारा 4 जुलाई को प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें कुशवाह समाज के लोग बड़ी संख्या में बैरियर चौराहे पर पहुंचे और वहां पर प्रदर्शन करने लगे। इसी दौरान कुशवाह समाज के कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर डाला, जिसमें रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला सिविल लाइन थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ल सहित कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों का मेडिकल करवाने के उपरांत आरोपियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

---

# ई-रिक्शा में बैठी महिला के पर्स से 12 तोला सोना गायब

**मुरैना।** शहर कोतवाली के अंतर्गत आए दिन ई रिक्शा में बैठने वाली महिलाओं के साथ चोरी की घटनाएं घटित हो रही है, लेकिन पुलिस द्वारा इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा, जिस कारण महिला चोर गैंग सक्रिय होकर लगातार वारदात कर रही है। शनिवार को जिले के अंबाह की रहने वाली एक महिला रामनगर तिराहे से बैरियर चौराहे के लिए ई-रिक्शा में बैठी और रास्ते में बैठी महिला गैंग ने उसके पर्स से 12 तोला सोना कीमत 6 लाख रूपए गायब कर दिये। जब महिला ने बैरियर पर उतरकर पर्स देखा तो उसमें से जेवर गायब थे। इसके बाद कोतवाली पहुंचकर पुलिस को आवेदन दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के अंबाह निवासी श्रीमती रेखा पत्नी बालकिशन शर्मा ग्वालियर जाने के लिए रामनगर तिराहा से बैरियर चौराहे के लिए ई-रिक्शा में बैठी, जहां से उसे बस से बैठकर ग्वालियर जाना था। इस दौरान ई-रिक्शा में बैठी महिला चोर गैंग ने उसके पर्स से 12 तोला सोने के आभूषण गायब कर दिए। महिला ने बैरियर पर जाकर अपना पर्स खंगाला, जेवर गायब देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की सूचना महिला ने अपने परिवार को दी।

## ब्रीफ न्यूज

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना कर उज्जैन, देवास, सोनकच्छ, आष्टा,जावर,डोडी, कोठरी और सीहोर में स्वागत समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम दुनिया के सिरमौर बनने जा रहे है,हमारे प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में उद्योग से लेकर रोजगार की एक नई परंपरा विकसित कर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के साथ संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा भी उपस्तिथ थे । स्वागत सम्मान कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा,सीहोर विधायक सुदेश राय ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया । इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,जिला भाजपा के प्राभारी बहादुरसिंह मुकाती, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित सभी जिला भाजपा के पदाधिकारी,सभी मंडलो के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सीईओ ने की जल जीवन मिशन एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के कार्यो की समीक्षा



**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर पीएचई विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन कायज्क्रम एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पीएचई द्वारा क्रियान्वित की जा रही सभी प्रगतिरत एकल नल जल प्रदाय योजनाओं के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण किये जायें एवं पूर्ण योजनाएं प्रारम्भ होने की सूचना सरपंच, पंचायत सचिव एवं जनपद को दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में पेयजल की समस्या है, वहां सहायक यंत्री एवं उपयंत्री रूट चार्ट तैयार करें और प्रतिदिन भ्रमण करे तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे।

### जनजातीय शिल्पकार नामिका मेले का आयोजन

**हरदा।** भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन संघ मर्यादित, जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार तथा ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा जिले के जनजातीय स्वसहायता समूह के द्वारा उत्पादित उत्पादों के बेहतर मार्केटिंग उपलब्ध करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय शिल्पकार नामिका मेले का आयोजन किया। जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि मेले में जिले के 16 समूह द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री के आदेश की खुलेआम अवहेलना

# विद्यालय मार्ग पर मांस दुकानों से फैला कुत्तों का आतंक, बच्चों की जान पर बन आई

सत्ता सुधार ■ खंडवा/ओम्कारेश्वर

ग्राम कोठी में बच्चों की पढ़ाई के साथ अब उनकी जान पर भी खतरा मंडरा रहा है। शासकीय विद्यालय के मुख्य मार्ग पर अवैध मांस दुकानों के कारण क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। रोज़ाना स्कूल जाने वाले बच्चों पर झुंड के झुंड कुत्ते हमला कर रहे हैं, जिससे बच्चे डरे हुए हैं और अभिभावकों में भारी गुस्सा है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय मार्ग पर खुलेआम चल रही मांस दुकानों से कचरा सड़क पर फेंका जा रहा है, जिससे कुत्तों की संख्या बढ़ गई है। कई बच्चे चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**मुख्यमंत्री के आदेश का हो रहा उल्लंघन :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में प्रदेश भर में खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए थे, ताकि स्वच्छता बनी रहे और जनस्वास्थ्य प्रभावित न हो। लेकिन कोठी ग्राम में यह आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ रहा है।

ग्राम पंचायत कोठी के सरपंच ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा - यह स्थिति मुख्यमंत्री के आदेशों की खुली अवहेलना है। यदि समय रहते इन दुकानों को हटाया नहीं गया और मार्ग को सुरक्षित नहीं बनाया गया, तो किसी दिन कोई बड़ी घटना हो सकती है। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



### जनप्रतिनिधियों और संगठनों की चेतावनी

स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने भी इस मुद्दे को लेकर नाराज़गी जताई है। उनका कहना है कि प्रशासन को कई बार मौखिक और लिखित शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।
उन्होंने चेतावनी दी है कि -यदि अवैध दुकानों को हटाकर बच्चों के मार्ग को सुरक्षित नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### अब उठते हैं कुछ अहम सवाल

क्या मुख्यमंत्री का आदेश सिर्फ दिखावा है?, प्रशासन कब तक आंखें मूंदे बैठेगा?, क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा सिस्टम? और कितने दिन बच्चों को जान का खतरा लेकर स्कूल जाना पड़ेगा?

# जिले की 52 समितियों में करोड़ों के भ्रष्टाचार का भंडाफोड़

### ऋण माफी, कमीशन, अनुदान राशि में गोलमाल की पोल खुली

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नर्मदापुरम अंतर्गत टिमरनी, रहटगांव, सिराली, खिरकिया सहित जिले की कुल 52 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में 2006 से 2025 के बीच करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है। इस अंतराल में ऋण माफी और अनुदान की राशि समेत उपार्जन से मिलने वाली कमीशन राशि जो किसानों के हक की है उसे बंदरबांट कर हजम किया गया है। सूचना के अधिकार के तहत वासूदेव भदौरिया सहायक आयुक्त सहकारिता हरदा से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने यह कहकर जानकारी देने से इन्कार कर दिया कि यह निजी मामला है। संस्था की जानकारी को निजी बताकर जानकारी न देकर सूचना के अधिकार के तहत जारी प्रावधानों का खुलेआम उल्लंघन किया गया है। जिसे कोई देखने व सुनने वाला नहीं है। गंगाराम गुर्जर विधायक प्रतिनिधि कृषि उपज मंडी टिमरनी ने एक पखवाड़ा पहले जिला कलेक्टर को शिकायत कर हुये 100 से 300 करोड़ के भ्रष्टाचार को जगजाहिर कर जांच कराने की मांग की किंतु 25 दिन से अधिक का लंबा समय व्यतीत हो गया किंतु जांच में अभी कोई प्रगति पारुल नहीं हो रही है।



### 2006 में सभी समितियां हानि मुक्त -

श्री गुर्जर ने जिला कलेक्टर और संयुक्त आयोग सहकारिता नर्मदापुरम संभाग को दिये शिकायत पत्र में बताया कि 2006-07 में सभी समितियों को वैधनाथन की रिपोर्ट के आधार पर हानि मुक्त करने के लिए करोड़ों का बजट उपलब्ध कराया गया। सभी ने मिलकर भारी भरकम बजट को इधर-उधर में खर्च कर दिया। इसके बाद भी सभी समितियों पर कर्जा बना हुआ है। टिमरनी की नौ समितियों रहटगांव की छ- समितियों में 2023-24 में 48 करोड़ की हानि ऑडिट रिपोर्ट में पाई गई है। इसी तरह अन्य समितियों में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। 52 समितियों की ऑडिट रिपोर्ट 2006 से देखा जाय तो करीब 300 करोड़ का भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ हो जायेगा।

**दो बार ऋण माफी की राशि का गबन :** श्री गुर्जर ने बताया कि 2008 एवं 2018 में ऋण माफी योजना आई थी इसके तहत मिले बजट को बंदरबांट कर हजम किया गया है। जिसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता से जांच होगी तो चौंकाने वाला भ्रष्टाचार सामने आ जायेगा।

**समर्थन मूल्य उपार्जन में करोड़ों का कमीशन :** हर वर्ष समर्थन मूल्य उपार्जन में करोड़ों का कमीशन मिलता है। जिसे किसानों पर खर्च करने की बजाय उसे कर्ज के ब्याज में खर्च किया जा रहा है और जो बचता है अधिकारी-कर्मचारी इधर-उधर में खर्च कर रहे हैं। अनाप-शनाप बिल लगाकर कमीशन की राशि हजम की जा रही है। समिति प्रबंधक, सेल्समैन, सुपरवाइजर आदि भ्रष्टाचार करके करोड़पति बन गये हैं। आय से अधिक संपत्ति अर्पित करके धन कुबेर बन गये हैं। उनकी संपत्ति का छापा मारकर पता लगाया जाये तो चौंकाने वाला भ्रष्टाचार सामने आ जायेगा।

**खातेदारों को नहीं मिलता पैसा :** किसानों को अपना पैसा भी जरूरत पड़ने पर नहीं मिल पाता है। बैंक में पैसा नहीं होने का बहाना बनाकर लौटा दिया जाता है। अपना पैसा निकालने के लिए काफी चक्कर लगाने पड़ते हैं।

**ऋण माफी समर्थन उपार्जन कमीशन की जांच करायी जाय :** ऋण माफी और समर्थन उपार्जन कमीशन की जांच कराई जाय। इस संबंध में कई दफें मांग की गई जिसे दबाया जा रहा है। 2006 से लेकर 2025 तक के अभिलेखों की जांच की जाय। प्रत्येक समिति को लाखों का कमीशन मिलता है जो कहां खर्च हो रहा है। यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है ! ब्याज भरने और ऐशो आराम में किसानों के कमीशन की राशि खर्च की जा रही है।

### विधानसभा में उठेगा 52 समितियों का भ्रष्टाचार



श्री गुर्जर ने बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान 2006 से 2025 तक हुये भ्रष्टाचार के मुद्दे को विधानसभा में उठाकर सारे मामले की जांच करवाई जायेगी। इस संबंध में हरदा और टिमरनी विधायक को सारे भ्रष्टाचार से अवगत कराकर विधान सत्र में प्रश्न उठाने की मांग की गई है।


**क्या कहते जवाबदार**



आपके द्वारा जानकारी संज्ञान में लाई गई, इस संदर्भ में जानकारी हासिल कर कार्यवाही करते हैं ।
सिद्धार्थ जैन, जिला कलेक्टर, हरदा ।

# कुबेरेश्वरधाम पर पांच दिवसीय श्री शिवमहापुराण





सत्ता सुधार ■ सीहोर

भगवान शिव को अपना गुरु बनाओ और उस पर भरोसा और विश्वास कर अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। एक लोटा जल शिव तत्व का अर्पण परिवार के सदस्य को पाप से मुक्त करता है, पुण्य लाभ प्रदान कराता है। जीवन की हर परीक्षा में सफल होने का मूलमंत्र यह है कि आप किसी को हराने के लिए कोई काम न करें। महादेव को समर्पित कर आगे बढने के लिए परीक्षा का सामना करें। आपका व्यवहार, प्रेम, वात्सल्यता, धर्म कर्म ही जीवन को सम्पूर्ण करेगा। कोई व्यक्ति अगर आपको मंदिर शिवालय जाने, शिव तत्व अर्पित करने, भक्ति भजन हेतु प्रेरित करता है तो समझिए भगवान शिव की इच्छा से प्रेरणा प्राप्त हो रही है।

उक्त विचार जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर शनिवार से गुरु पर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण के पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहाकि भगवान आपकी परीक्षा पल-पल पर लेता है। कथा के आरंभ होने के साथ ही बारिश की शुरूआत हो गई, बारिश के बाद भी भक्त परे उत्साह के साथ भगवान की अविरल भक्ति में मग्न है, यह आपकी आस्था है। महोत्सव में हजारों की संख्या में शिव भक्ताओं के आने का सिलसिला जारी है। जैसे-जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी। शिवमहापुराण पुण्य का अर्जन है। शिवपुराण का पाठ करने से न केवल मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, बल्कि व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति भी हो सकती है। यह आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।

### विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय उत्सव

**हरदा ।** सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं।

## एक तरफा मुकाबले में डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर चिल्ड्रन को 4-2 से हराया



सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही बेबी सुपर लीग फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार की शाम को एक मैच खेला गया। इसके अलावा यहां पर जारी निशुक्ल प्रशिक्षण शिविर में खिलाडियों ने जमकर अभ्यास किया। इस दौरान खेल एवं युवक कल्याण विभाग की अधिकारी रुबिना दीवान ने सीनियर खिलाडियों से भेंट की।

इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, कोच विपिन पवार आदि शामिल थे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की शाम को खेले गए इस मुकाबले में डीएसवायडब्ल्यू टीम और सीहोर चिल्ड्रन हाफ तक 2-2 की बराबरी पर थे, लेकिन अंतिम समय में डीएसवायडब्ल्यू के खिलाडियों ने सबसे मजबूत टीम सीहोर चिल्ड्रन को 4-2 से हराया। इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओरसे यूवी-पूर्वांश ने 1-1 गोल किया था। वहीं डीएसवायडब्ल्यू की ओर से विनायक ने 2 गोल और वंश-तरुण ने 1-1 गोल किया। मैदान पर मौजूद दीवान ने यहां पर तीन बार नेशनल टीम में सीहोर का नाम रोशन करने वाली मुस्कान मांझी, माया गौर, प्रांजली वर्मा अश्विनी गौर आदि से भेंट की।





## बिना फिटनेस संचालित 1 स्कूल बस जप्त की

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर हरदा जिले के विभिन्न मार्गो पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। इस संदर्भ में 2 जून 2025 को सत्ता सुधार ने विद्यालय को मान्यता देने में मनमानी समाचार प्रकाशित किया था। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को खिरकिया में स्कूलों बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना फिटनेस संचालित 1 स्कूल बस को जप्त कर कार्यालय में खड़ा किया गया तथा अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही कर 9500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान वाहन चालको को नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

## कुकरावद में किया जनसंवाद पुलिस और जनता के बीच कार्यक्रम का आयोजन



सत्ता सुधार ■ हरदा

थाना सिविल लाईन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकरावद में शनिवार को पुलिस विभाग द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणजनों को सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सायबर अपराध, यातायात जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं के प्रति सजग करना था।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति, डीएसपी महिला सेल सुश्री अरुणा सिंह, थाना प्रभारी सिविल लाइन एस.एस. चौहान, सायबर सेल प्रभारी सूबेदार उमेश ठाकुर सहित पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।इस अवसर पर ग्राम सरपंच चतुर्भुज काजवे ने पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रजापति का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिवादन किया।

**राहवीर योजना में 25000 रूपये की जानकारी :** विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की, जिससे ग्रामीणजन लाभान्वित हो सकें। महिला सेल डीएसपी अरुणा सिंह ने महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। सायबर सेल प्रभारी सूबेदार उमेश ठाकुर ने ग्रामीणों को सायबर फ्रॉड, अनजान लिंक, फर्जी कॉल्स, और डिजिटल लेन-देन से जुड़े खतरों से सावधान रहने की सलाह दी।थाना यातायात के प्र.आर. महेश शर्मा ने यातायात नियम, सड़क सुरक्षा, दुर्घटना से बचाव, व हेलमेट एवं सीट बेल्ट की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। थाना प्रभारी सिविल लाइन श्री चौहान ने आमजन को बताया कि कैसे वे पुलिस के साथ मिलकर अपराधों की रोकथाम में सहभागी बन सकते हैं। उन्होंने अपराध की तत्काल सूचना देने, शंका की स्थिति में रिपोर्ट करने, एवं पुलिस से सहयोग बनाए रखने की अपील की। अंत में पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस केवल सुरक्षा की नहीं, विश्वास की भी गारंटी है। सायबर फ्रॉड से बचने, मोबाइल पर अनचाही कॉल्स को रिसीव न करने, एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव पर बल दिया। उन्होंने राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने वाले सजग नागरिक को 25,000 का इनाम दिया जाता है। ग्रामीणों ने खुले मन से संवाद किया और पुलिस की तत्परता की सराहना की।

### ह्रदय रोग अंतर्गत दिल में छेद का हुआ सफल ऑपरेशन

**हरदा ।** जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम सोनखेड़ी में रहने वाले रवि पाराशर ने अपने नाती के जन्म पर खूब खुशियॉ मनाई। गॉव की आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी जियान्श के बारे में जानकारी थी, गॉव में आरबीएसके मोबाईल हेल्थ टीम जॉच करने आई तो उन्होने जियान्श को सामान्य जॉच के लिए बुलाया, आरबीएसके चिकित्सक डॉ विजयश्री मीना ने बच्चे की जॉच की और आगे की जॉच के लिए हरदा रिफर कर दिया, हरदा में आयोजित जॉच शिविर में बच्चे को ह्रदय रोग की पुष्टि हुई। बच्चे के दिल में छेद था जो सर्जरी के द्वारा ही ठीक किया जा सकता था ।स्वास्थ्य विभाग की जिला टीम ने मोहित से संपर्क किया और सुरक्षित और निःशुल्क सर्जरी के बारे में बताया। जून 2025 में भोपाल के निजी चिकित्सालय में जियांश की निःशुल्क सर्जरी हुई।



## इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी पूरी, बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने की नसीहत

सत्ता सुधार ■ खंडवा



पीएम श्री सूरजकुंड कन्या स्कूल में दो दिन तक चली इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। यह आयोजन वर्ष 2023-24 और 2024-25 के चयनित बच्चों के लिए किया गया था। कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल देखे और सराहना की। उन्होंने बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और कहा कि बच्चों को पढ़ाई पर ज्यादा समय देना चाहिए और सोशल मीडिया से दूरी बनानी चाहिए।

**कलेक्टर बोले - कंपटीशन के लिए जरूरी है मेहनत :** कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि आज का समय प्रतियोगिता का है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चे सिर्फ स्कूल की किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि सामान्य ज्ञान और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का इस्तेमाल सही जानकारी के लिए करना चाहिए, न कि टाइम पास के लिए। उन्होंने अंग्रेज़ी, गणित और विज्ञान की पढ़ाई को जरूरी बताया और कहा कि इन विषयों की समझ से बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

**शिक्षा अधिकारी ने दी जानकारी :** जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी ने बताया कि यह आयोजन भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देश पर किया गया। करीब 100 बच्चों ने अपनी सोच के अनुसार मॉडल बनाए और प्रदर्शित किए।

# मोहर्रम पर सुरक्षा के लिए खंडवा में पुलिस की बैठक, फ्लैग मार्च निकाला

सत्ता सुधार ■ खंडवा



मोहर्रम और गुरुपूर्णिमा जैसे त्योहारों को देखते हुए शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में सुरक्षा को लेकर बैठक हुई। बैठक की अगुवाई निमाड़ रेंज खरगोन के डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा ने की। इसमें जिले के सभी पुलिस अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी शामिल हुए।

बैठक में डीआईजी ने कहा कि सभी संवेदनशील जगहों पर ज्यादा पुलिस बल लगाया जाए, सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जाए, रात और सुबह की गश्त बढ़ाई जाए, सोशल मीडिया पर नजर रखी जाए ताकि अफवाह न फैले, जुलूस आयोजकों से मिलकर काम किया जाए, ताजिया विसर्जन स्थल पर गोताखोरों की व्यवस्था हो, आपत्तिजनक नारे या झंडे लाने वालों पर कार्रवाई की जाए, हाईराइज बिल्डिंग्स पर भी पुलिस की निगरानी हो, बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक और नाकाबंदी की जाए, बिजली विभाग और नगर निगम सफाई और लाइटिंग की व्यवस्था दुरुस्त करें, सभी पुलिसकर्मी एंटी रायट किट, टॉर्च और बरसाती जैकेट साथ रखें।

**लोगों से शांति बनाए रखने की अपील :** पुलिस ने खंडवा के सभी लोगों, आयोजकों और समाज के जिम्मेदार लोगों से अपील की है कि वे शांति और सहयोग बनाए रखें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि मोहर्रम का त्योहार बिना किसी परेशानी के, शांतिपूर्वक निपटाया जाएगा।

### फ्लैग मार्च और पौधारोपण भी किया गया

बैठक के बाद पुलिस ने शहर के मुख्य और संवेदनशील इलाकों से फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च कंट्रोल रूम से शुरू होकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, तीन पुलिया, इमलीपुरा, शिवाजी चौक, मानसिंह तिराहा, कर्बला कुंड तक गया। लौटते वक्त मार्च भगतसिंह चौक, कहारवाड़ी, टपाल चाल होते हुए कंट्रोल रूम पर खत्म हुआ। इससे पहले पुलिस कंट्रोल रूम में पौधारोपण भी किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### जेसीआई इंडिया होनहार बच्चों को देगा छात्रवृत्ति और पुरस्कार

**ग्वालियर।** जेसीआई इंडिया देशभर में बच्चों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आ रहा है। 22 अगस्त को जेसीआई स्कॉलरशिप एवं एप्टिट्यूड टेस्ट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाले छात्रों को न केवल ज्ञान की परीक्षा देने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें छात्रवृत्ति एवं नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तीन वर्गों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रत्येक वर्ग से सफल होने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर टॉप करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 1,01,000 एवं 51,000 के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। जेसीआई इंडिया मंडल 6 के अध्यक्ष जेसी अभिषेक गुप्ता ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाना और उनकी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को मैडल और ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। इस पहल से देशभर के विद्यार्थियों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक सहायता भी प्राप्त होगी।

### बाबू जगजीवन राम की 39वीं पुण्यतिथि आज

**ग्वालियर।** निर्भय भवन, पड़ाव से जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दलितों, शोषितों, पीड़ितों, के मसीहा, भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 39वीं पुण्यतिथि रविवार को प्रातः 9:30 बजे बाबू जगजीवन राम प्रतिमा स्थल, समता पार्क, फूलबाग पर सामाजिक स्तर पर मनाई जा रही है, जिसमें विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक, समतावादी संगठनों के प्रतिनिधि पुष्पांजली अर्पित करेंगे।

### डॉ. मुखर्जी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**ग्वालियर।** प्रेरणा पुरुष, प्रेरक व्यक्तित्व भारतीय जन संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा रविवार को सुबह 9 बजे फूलबाग स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उसके बाद सभी बूथों पर सुबह 10 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने दी।

### क्षेत्राधिकारी के कार्य प्रभार में फेरबदल

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के आदेशानुसार कार्य सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टि से बुद्धप्रिय गौतम, उपयंत्री, क्षेत्राधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 9 से वर्तमान कार्य से मुक्त करते हुये कार्यशाला विभाग में उपयंत्री कार्यशाला का दायित्व आगामी अन्य आदेश होने तक अस्थाई रूप से सौंपा जाता है। इसके साथ ही सुश्री छाया यादव, उपयंत्री, पी.आई.यू. को आगामी अन्य आदेश होने तक अस्थायी रूप से वर्तमान कार्य के साथ-साथ क्षेत्राधिकारी सह भवन निरीक्षक क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 9 का दायित्व सौंपा जाता गया। क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 1 के क्षेत्राधिकारी कार्तिक पटेल के अवकाश पर होने तक क्षेत्राधिकारी का प्रभार विशाल गर्ग को सौंपा गया है।

विधवा विलाप करने मात्र से ग्वालियर के विकास की प्रक्रिया पटरी पर नहीं आएगी, हम सभी अपने गिरेबां में झांककर कमियां देखें और दूर करें

# भ्रष्ट नौकरशाही, कमीशनखोरी में लिप्त प्रशासन और धनलोलुप नेतृत्व ने ग्वालियर की दशा और दिशा को संकट में डाला : पूर्व विधायक पाठक

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पूर्व विधायक एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रवीण पाठक ने विकास की दौड़ में ग्वालियर के लगातार पिछड़ते जाने एवं उच्च शिक्षित युवा पीढ़ी के शहर से पलायन बढ़ने पर गहन क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा है कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं शहरवासियों को इस संबंध में दलगत सीमाओं एवं व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर शहर विकास के लक्ष्य को सर्वोपरि रख इस संबंध में आत्मचिंतन करना होगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट नौकरतंत्र, कमीशनखोर ब्यूरोक्रेसी, धनपिपासु नेताओं और उन्हें संरक्षण देने वाली अदृश्य शक्तियों के गठजोड़ ने ग्वालियर का बेड़ा गर्क कर दिया है। पूर्व विधायक श्री पाठक ने फेसबुक आईडी पर जारी वीडियो में कहा कि सार्वजनिक मंच से ग्वालियर के इंदौर की तुलना में काफी ज्यादा पिछड़ जाने पर विधवा विलाप करने मात्र से ग्वालियर के विकास की प्रक्रिया पटरी पर नहीं आएगी बल्कि निजी स्वार्थ एवं वास्तविकता से अवगत होने के बावजूद अपनों को बचाने की प्रवृत्ति छोड़ने से ही ग्वालियर के स्वर्णिम भविष्य की कुछ दिशा बनेगी।

उन्होंने कहा कि पहली बरसात ही न झेल सकी शहर की एक नवनिर्मित सड़क पर बने कुआंनुमा गड्ढे एवं गाजापट्टी जैसी सुरंगों ने हमारे महान शहर की सिर्फ जगहंसाई ही नहीं की है बल्कि जीरो टॉलरेंस के सरकारी दावों की पोल भी खोल दी है। उन्होंने सवाल किया कि स्मार्ट सिटी, नगर निगम एवं साडा के प्रोजेक्टों में अब तक हजारों करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद ग्वालियर शहर के लोगों को क्या मिला? इस जनधन का एक बड़ा हिस्सा किसकी जेब में गया? आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी कुछ समय के लिए ग्वालियर में पदस्थ रहते हैं,



चापलूसी से अपनी कुर्सी बचाकर बेशर्मी से घी पीते हैं और उसके बाद नए जिले में मलाईदार पोस्टिंग पर चले जाते हैं। जीएसटी और जबरिया टैक्स वसूली से एकत्र की गई जनता की मेहनत की कमाई का धन स्मार्ट सिटी की बेहूदा राजनीति से प्रेरित प्लानिंग में बर्बाद कर दिया गया जबकि शहर आज भी वहीं की वहीं खड़ा है। ना शहर को प्रतिदिन पीने का पानी मिला और न रोडें बन पाई, न रोजगार आ पाया, न बिजली का संकट मिट पाया पर पैसा पूरा खर्च हो गया। पूर्व विधायक पाठक ने पूछा कि कहां गए वे जिम्मेदार अधिकारी, क्या जनता के लिए प्रतिबद्ध कोई सत्ताधीश मप्र के गठन से पहले तक प्रदेश की राजधानी और इंदौर व भोपाल के मुकाबले सबसे बड़ा और अत्याधुनिक शहर रहे ग्वालियर की इस बदहाली का सेहरा अपने सिर बांधेगा। उन कथित लोकप्रिय जनप्रतिधियों को शर्मदार बनकर अपनी जिम्मेदारी कुबूल करना ही होगी जो इस शहर को वॉशिंगटन बना रहे थे। स्वर्णरेखा को टेम्स नदी में बदलकर यहां नौकायन कराने के दिवास्वप्न दिखा रहे थे, क्या कोई उनसे कोई प्रश्न पूछेगा कि क्या हुआ हजारों करोड़ रुपये का। पूर्व विधायक पाठक ने बेबाक अंदाज में कहा कि मरना तो हमारा, आपका है जिनकी पीढ़ियाँ यहीं रही हैं और आगे भी यहीं रहेंगी। उन्होंने कहा कि आज हमारी नई पीढ़ी जो पढ़ लिख गई है वो ग्वालियर में रहने को राजी नहीं है। कोई भी रोजगार के अवसर नहीं हैं न सुविधाएं आखिर किस दिशा में जा रहा है हमारा अपना शहर जिससे हमारी पहचान है? उन्होंने कहा कि इन्हीं सवालात पर आज आत्ममंथन, विश्लेषण और हम समेत सभी को अपने गिरेबान में झांकने और ग्वालियर के प्रति अपना फर्ज निभाने की जरूरत है।

# पटवारी के खिलाफ एफआईआर जनता की आवाज को दबाने का षड्यंत्र : डॉ. शर्मा

## मुंगवाली में धरना प्रदर्शन में शामिल होने बड़ी संख्या में ग्वालियर से कांग्रेसजन जाएंगे

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के विरुद्ध पुलिस थाना मुंगावली में सत्ता पक्ष के दबाव में आकर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई एफआईआर के विरोध में 8 जुलाई को मुंगावली, अशोकनगर में मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा विशाल जंगी प्रदर्शन किया जायेगा। इस प्रदर्शन में ग्वालियर से अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजन भाग लेने जायेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने शुक्रवार को साधारण सभा की बैठक में दी।

कांग्रेस साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि आज हम यहाँ एक अत्यंत गंभीर और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक विषय को लेकर एकत्रित हुए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर सत्ता के दबाव में आकर पुलिस प्रशासन द्वारा थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर में एफआईआर दर्ज की गई है। यह न केवल एक नेता के विरुद्ध अन्याय है, बल्कि यह संपूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता की आवाज को दबाने का षड्यंत्र है। आज की यह लड़ाई केवल जीतू पटवारी जी की नहीं है। यह लड़ाई हम सभी की है, हर उस व्यक्ति की जो सच बोलता है, अन्याय के विरुद्ध खड़ा होता है और लोकतंत्र की रक्षा करता है। सरकारें आती-जाती हैं, लेकिन सत्य और न्याय को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। 8 जुलाई को मुंगावली में होने वाला जंगी प्रदर्शन इस अन्याय के खिलाफ हमारी एकजुटता का परिचायक होगा। बैठक में पूर्व विधायक मदन कुशवाह, संगठन प्रभारी महराज सिंह पटेल, वीर सिंह तोमर, प्रदेश प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सिंह नाती, जेएच जाफरी, सरमन सिंह राय, संजय सिंह राठौर, हेवरन सिंह कंषाना, चर्तुभुज धनोलिया, जयराज सिंह, सुनील सिंह कुशवाह, वीरेन्द्र सिंह तौमर, सतीश मिश्रा, रशीद पहलवान, परमानंद रत्नाकर, अवनीश गौड़, ओमप्रकाश राजपूत, जसवंत शेजवार, कुलदीप सिंह कौरव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## एफआईआर के विरोध में फिशरमैन कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

एसटीएफ द्वारा 25 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया, जिसके विरुद्ध में फिशरमैन कांग्रेस ने एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि गुप्त सूचनाकर्ता के आधार पर एसएएफ के उपनिरीक्षक पूरन सिंह गुर्जर द्वारा माही समाज के 25 लोगों को फर्जी केस, धारा आदि में फँसाया गया है। ग्वालियर चंबल संभाग के माही समाज से जो लोग फर्जी फंसाये गये हैं, वे अपने प्राप्त प्रमाण पत्रों के आधार पर यह स्पष्टीकरण देना चाहते हैं कि उनके परिवार मछुआ समाज के हैं एवं शासन द्वारा प्राप्त प्रमाण पत्रों में मछुआ समाज दर्ज है एवं शासन से मिलने वाली सभी सुविधाएं प्राप्त करते रहे हैं। सूचनाकर्ता द्वारा यह कहा जा रहा है कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाया गया है। जबकि वह शासन से मान्यता प्राप्त मछुआ समाज है। मछुआ समाज को भारत शासन की अनुसूचित जाति में संरक्षित 2018 में संविधान संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मांझी, केवट, बाथम आदि के विरूद्ध दर्ज एफआईआर वापिस ली जाए। ज्ञापन देने वालो में फिशरमैन कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश बाथम, मीना बाथम, संत पीतांबर दास महाराज, जसवंत बाथम, दयानाथ बाथम, भूपत बाथम, पन्नालाल बाथम, कैलाश बाथम, गनपत लाल बाथम, प्रभुदयाल बाथम, धर्मेन्द्र मांझी, बारेलाल बाथम, बीएल बाथम, अरूण बाथम, महेश मधुरिया, रामलाल बाथम आदि शामिल थे।



## लाइमलाइट डायमंड ने ग्वालियर में लॉन्च किया नया स्टोर



### अभिनेत्री साक्षी तंवर ने स्टोर का किया उद्घाटन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

लाइमलाइट डायमंड्स, जो भारत का सबसे बड़ा लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी ब्रांड है, अब अपनी चमक और सस्टेनेबिलिटी की खास पहचान के साथ ग्वालियर में अपने नए स्टोर के लॉन्च के ज़रिए मध्य प्रदेश में अपने विस्तार को बढ़ा रहा है। यह राज्य में ब्रांड का तीसरा स्टोर है। इस खास मौके पर जानी-मानी अभिनेत्री साक्षी तंवर ने स्टोर का उद्घाटन किया। उनके साथ ब्रांड के डायरेक्टर करम चावला और ब्रांड के रीजनल पार्टनर्स अतुल पाठक और दीप्ति पाठक भी मौजूद थे। होटल शेल्टर में यह स्टोर खुला है। जो टियर 2 मार्केट्स में ब्रांड की स्ट्रॉन्ग प्रेजेंस को और भी बढ़ाता है। इस स्पेशल ओकेजन पर लाइमलाइट लेकर आया है एक लिमिटेड टाइम लॉन्च ऑफर डायमंड्स पर 15 प्रतिशत की छूट, मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत की छूट और 1 लाख से अधिक की खरीदारी पर एक प्री गोल्ड कॉइन, जो 31 जुलाई तक मान्य है। स्टोर में मौजूद अभिनेत्री साक्षी तंवर ने कहा, मैं इस स्टोर और लैब ग्रोन डायमंड के कॉन्सेप्ट से बेहद प्रभावित हूं। ये डायमंड भारत में बने हैं, और मुझे लगता है कि हर भारतीय महिला को इन्हें पहनकर गर्व होगा। इस खास मौके पर उत्साह जताते हुए ब्रांड की फाउंडर एंड एमडी पूजा शेठ माधवन ने कहा, लैब ग्रोन डायमंड्स को लेकर जागरूकता और स्वीकार्यता अब पूरे भारत में तेज़ी से बढ़ रही है। डायरेक्टर करम चावला ने कहा, हमारा विस्तार ग्राहकों की पसंद और डायमंड्स को लेकर बदलती सोच से प्रेरित है। फ्रेंचाइजी पार्टनर अतुल पाठक ने कहा, ग्वालियर की ब्राइडल और फेस्टिव ज्वेलरी परंपरा को देखते हुए लाइमलाइट का यह नया स्टोर ग्राहकों के लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है।

## कोयला वाले हनुमान मंदिर पर श्रीमद् भागवत का छठवां दिन

# चरित्र को निर्मल कर देती है कथाः नवीन बिहारी





सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भगवान की कथा मन को पवित्र, आत्मा को गर्वित और चरित्र को निर्मल कर देती है। जैसे-जैसे हम भगवान की कथा को सुनते चले जाते हैं, वैसे वैसे वह हमारे मन की सफाई करती चली जाती है। कथा मन को प्रसन्न करती है और चित्त को शांत करती है। यह विचार कोयला वाले हनुमान मोतीझील पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन पं. नवीन बिहारी महाराज ने व्यक्त किए। नवीन बिहारी महाराज ने कहा कि भागवत कथा विवेक को जाग्रत कर देती है। नियमित कथा का श्रवण एवं मनन करने वाला व्यक्ति गलत काम कर ही नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि हमें सदा ऐसा आचरण करना चाहिए कि हमारे व्यवहार और वाणी से किसी को दुख न पहुंचे। असहाय, अपंग, विकलांग, रोगी की यथासंभव सेवा और सहयोग करें। उन्होंने सच्चिदानंद का भावार्थ बताते हुए कहा कि संसार को त्यागने से पहले जो भगवान से संभव स्थापित कर लेता है, वो सच्चिदानंद कहलाता है। उन्होंने बताया कि भगवान ने जब रास किया तो तो जितनी गोपियां थीं, उतने ही स्वरूप में वे प्रकट हो गए। इस मौके पर भक्तों ने कोयला वाले हनुमान का पूजन एवं दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगी। इस मौके पर मंदिर के चरणसेवक संतोष भैया, कथा संयोजक प्रेम बरोनिया, कथा परीक्षत सुंदरलाल दीवान, लीलावती बघेल, रूमाली, आदिराम, टीकाराम, रामबेटी समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश व्हीलचेयर रग्बी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अटल बिहारी वाजपेई दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र पर एक भव्य और दिव्य तथा प्रेरणादाई अवसर पर कुलगुरु राजा मानसिंह तोमर संगीत कला विश्वविद्यालय डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विभिन्न विषयों को एक साथ लेकर के शिक्षण विधियां को और रुचिकर तथा आनंददाई बनाए जाने का प्रयोग सारी दुनिया में चल रहा है।

खेल और संगीत दोनों का उद्देश्य व्यक्ति के जीवन को उन्नत बनाना तथा राष्ट्रीयता को संवर्धित करना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति एल.एन.आई.पी.ई प्रोफेसर विवेक पांडे थे। उन्होंने कहा की आप पूर्ण समर्पण भाव के साथ खेलो, पैरा ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन अनुकरणीय रहा है। भारत सरकार इस दिशा में बहुत प्रयास कर रही है। आप दूसरे दिव्यांगजन के लिए एक प्रकाश पुंज होंगे। दूसरे विशिष्ट अतिथि कमलाराजा कन्या महाविद्यालय के अकादमिक समन्वयक डॉ. संजय स्वर्णकार, डॉ. चारू कटारे तथा वार्ड 63 के पार्षद शिव सिंह यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। डॉ. स्वर्णकार ने कहा कि खेल आपके लिए रोजगार के माध्यम भी है। विक्रम अवार्ड तथा अर्जुन अवार्ड पाने के बाद खिलाड़ियों को राज्य सरकार तथा भारत सरकार विभिन्न पदों पर नियुक्ति दे रही है। महिला जैन मिलन रत्न त्रय के प्रांतीय पदाधिकारी महेंद्र जैन सुनीता जैन तथा उनकी पूरी टीम ने आज खिलाड़ियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की थी। समाजसेवी गजेंद्र अरोरा ने सभी बच्चों को टी-शर्ट वितरित की और आश्वासन दिया कि भविष्य में हमारी ग्रुप कंपनी सभी खिलाड़ियों के लिए और बृहद आयोजन करके इनको राष्ट्र की धारा में समावेशन हेतु प्रयास करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश व्हीलचेयर रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ओ.पी. दीक्षित ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात मुख्य अतिथि ने टूर्नामेंट की शुभारंभ की घोषणा की और इसी के साथ प्रथम मैच मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के बीच खेला गया। इसमें मध्यप्रदेश में 81 के अंतर से जीत हासिल की। दूसरा मैच छत्तीसगढ़ और राजस्थान के बीच खेला गया इसमें छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को हराया।

# जयसिंह कुशवाह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मुरैना जिले के संगठन प्रभारी, ग्वालियर विशेष प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह कुशवाहा ने शनिवार को भोपाल प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भेंटकर शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आपके नेतृत्व में भाजपा संगठन सतत कीर्तिमान स्थापित करेगी। आपके नेतृत्व व प्रभावी कार्यकर्ताओं में पूर्ण उत्साह ऊर्जा का संचार होगा। कुशल संगठन क्षमता व प्रभावी कार्यशैली से भाजपा संगठन नित नयी ऊंचाईयों को छुएगा।

# प्री मानसून के उमंग में डूबी विप्रा संगनियों ने किया मस्ती धमाल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

विप्र ब्राह्मण महिला मंच की ओर से मानसून के पहले धमाल मस्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि सभी विप्रा संगनियों ने मस्ती भरे गेम खेले और बालीवुड गीतों पर डांस किया। कार्यक्रम में सभी ने प्रोग्राम की थीम के तहत हरे विरंगे मानसून परिधान पहने। सदस्य प्रियदर्शिनी शर्मा ने डांस कर समां बांधा। इसके बाद नए सदस्यों ने परिचय दिया। साथ ही समाजसेवा से जुड़े आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि इस प्री मानसून पार्टी का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि आपसी मेलजोल एकता और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी था। कार्यक्रम के समापन पर सराहनीय कार्य के लिए अर्चना शर्मा, रश्मि त्रिपाठी, दीप्ति शर्मा व नीतू उपमन्यु आदि महिलाओं को सम्मान दिया गया। आभार डॉ. राजरानी शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रुति उपाध्याय, विभा शुक्ला, शालिनी चतुर्वेदी,ज्योति शर्मा, रंजना शर्मा, पल्लवी शर्मा, शैलजा मिश्रा, निधि भार्गव, कृष्णा विश्राम शर्मा, किरण मिश्रा, कविता शर्मा, सीमा दुबे, सपना पाराशर, मुनमुन शुक्ला, हिना शर्मा, मंजू शर्मा, माला शर्मा, गीता शर्मा, रेनू शर्मा, आभा शर्मा, अनीता देपुरिया, कल्पना ऋषीश्वर, स्मिता दीक्षित, संगीता शर्मा, रजनी शर्मा, प्रज्ञा कविश्वर, सुमन तिवारी, श्वेता स्वामी, मायरा, नित्या आदि विप्रा सांगनियां उपस्थित रहीं।



**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र. 23 वार्ड क्र. 63, स्थान गंगापुर में स्थित है जो कि [illegible] नाम से नगर निगम आई.डी. क्रमांक 2000405537 में दर्ज है/नहीं है। जिसका क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट है, उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड A11150812 दिनांक 19.09.2024 पत्र द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन नागरिक सुविधा केन्द्र पुरानी छावनी क्षेत्र क्र. 23 पर दिनांक 04/07/2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र. 86/2015/23709/23795 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो, तो कार्यालय अपर आयुक्त नगरनिगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202,205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा गुणदोष पर निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक 05.07.2025
आवेदक : उषा पत्नी [illegible] सिंह प्रजापति, अनिता पत्नी [illegible] प्रसाद
पता : [illegible] कॉलोनी वार्ड 63
मोबाइल - 9151217591

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र. 23 वार्ड क्र. 63, स्थान गंगापुर में स्थित है जो कि [illegible] नाम से नगर निगम आई.डी. क्रमांक 2000407633 में दर्ज है/ नहीं है। जिसका क्षेत्रफल 2030 वर्गफुट है, उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड A1733984 दिनांक 11.06.2024 पत्र द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन नागरिक सुविधा केन्द्र पुरानी छावनी क्षेत्र क्र. 23 पर दिनांक 04/07/2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र. 86/2015/23710/23796 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो, तो कार्यालय अपर आयुक्त नगरनिगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202,205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा गुणदोष पर निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक 05.07.2025
आवेदक : [illegible] सिंह पुत्र [illegible] प्रजापति, मनोज कुमार पुत्र [illegible] सिंह
पता : बी-175, [illegible] कॉलोनी, वार्ड 63
मोबाइल - 9755076777

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र. 23 वार्ड क्र. 63, स्थान गंगापुर में स्थित है जो कि [illegible] नाम से नगर निगम आई.डी. क्रमांक 2000234683 में दर्ज है/ नहीं है। जिसका क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट है, उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड A11540030 दिनांक 07.08.2024 पत्र द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन नागरिक सुविधा केन्द्र पुरानी छावनी क्षेत्र क्र. 23 पर दिनांक 04/07/2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र. 86/2015/23711/23797 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो, तो कार्यालय अपर आयुक्त नगरनिगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202,205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा गुणदोष पर निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक 05.07.2025
आवेदक : [illegible] पत्नी [illegible] प्रजापति, [illegible] राठौर पत्नी [illegible] राठौर
पता : [illegible] नगर, वार्ड 63
मोबाइल - 9755076777

## ब्रीफ न्यूज

### फीफा क्लब वर्ल्ड कप : चेल्सी और फ्लूमिनेंसे सेमीफाइनल में होगें आमने-सामने

**फिलाडेल्फिया।** लिंकन फाइनेंशियल फील्ड में खेले गए फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में चेल्सी ने ब्राजील की टीम पाल्मेरास को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। मुकाबले में निर्णायक क्षण 83वें मिनट में आया जब पाल्मेरास के डिफेंडर अगस्टिन जियाय ने आत्मघाती गोल कर दिया। इससे पहले चेल्सी ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की। कोल पाल्मर ने पहले हाफ में गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, ब्रेक के बाद पाल्मेरास ने जोरदार वापसी की। युवा स्टार एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। लेकिन अंत में जियाय की चूक ने चेल्सी को सेमीफाइनल का टिकट दिला दिया। मैच के बाद चेल्सी के मैनेजर एन्जो मारेस्का ने कहा, ÷जैसा कि हमने उम्मीद की थी, यह एक मुश्किल मुकाबला था। मुझे लगता है कि हम पहले हाफ में बेहतर थे और हमने खेल को अच्छे से कंट्रोल किया।

### ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज एक-एक दिन में सिमटी दोनों टीमें, दूसरे दिन गिरे 12 विकेट

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सेंट जॉर्जेस स्टेडियम ग्रेनेडा में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 12 रन बना लिए हैं। कंगारू टीम के पास 45 रन की लीड है। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 286 रन पर सिमट गई थी। दूसरे दिन की शुरुआत वेस्टइंडीज की पहली पारी के साथ हुई। ब्रैंडन किंग के अर्धशतक की बदौलत वेस्टइंडीज टीम ने पहली पारी में 253 रन बनाए। जॉन कैम्पबेल अर्धशतक के करीब पहुंचकर कैच आउट हो गए। उन्होंने 52 गेंदों पर 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और दूसरे ही ओवर में टीम को पहला झटका लगा। जोश हेजलवुड ने क्रैग ब्रैथवेट को कॉट एंड बोल्ड कर दिया। क्रैग ब्रैथवेट ने 8 गेंदों का सामना किया और खाता भी नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए।

### गेंदबाजों की फिटनेस समस्याएं टीम के लिए 'अशुभ' संकेतः माइकल वॉन

**बर्मिंघम।** गेंदबाजों की फिटनेस समस्याएं टीम के लिए 'अशुभ' संकेत हैं और लंबे सीजन में मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। यह कहना है इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का। वॉन ने कहा कि यह समस्या सिर्फ इस टेस्ट तक सीमित नहीं रह सकती, क्योंकि इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया में भी पांच टेस्ट खेलने हैं, जहां मौसम और भी चुनौतीपूर्ण होगा।

दूसरी ओर कप्तान बेन स्टोक्स ने हैमस्ट्रिंग सर्जरी के बाद गेंदबाजी में वापसी तो की लेकिन पहले दिन उनकी कमर में खिंचाव देखा गया। लंबे अभ्यास के बाद उन्होंने दूसरे दिन गेंदबाजी की शुरुआत की, लेकिन उनके शरीर की स्थिति पूरी तरह फिट नहीं दिखी।

# डी. गुकेश का कमाल, 19 साल की उम्र में रैपिड खिताब जीतकर रचा इतिहास

एजेंसी ■ ज़ाग्रेब

क्रोएशिया के शहर ज़ाग्रेब में चल रहे सुपरयूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में भारत के 19 वर्षीय विश्व शतरंज चैम्पियन डी. गुकेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रैपिड खिताब जीत लिया।



ग्रैंड चेस टूर 2025 का हिस्सा रहे इस टूर्नामेंट में गुकेश ने रैपिड प्रारूप में 18 में से 14 अंक हासिल किए। उनकी जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह अब विश्व स्तर पर एक बेहद मजबूत और खतरनाक खिलाड़ी बन चुके हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत गुकेश के लिए आसान नहीं रही। पहले ही राउंड में उन्हें पोलैंड के जान-क्ज़ीश्टॉफ़ डूडा से हार झेलनी पड़ी। लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीत लिए। इनमें सबसे अहम जीत विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में आई। इस जीत ने उन्हें टूर्नामेंट की बढ़त दिलाई और बाकी खिलाड़ियों पर दबाव बना दिया। फाइनल राउंड में गुकेश ने अमेरिका के अनुभवी खिलाड़ी वेस्ली सो को 36 चालों में हराकर खिताब पर निर्णायक मुहर लगा दी। इस मुकाबले में उन्होंने विरोधी की एक मामूली गलती को बेहद कुशलता से भुनाया। उनका रैपिड रिकॉर्ड 6 जीत, 2 ड्रॉ और 1 हार रहा, जो उनकी लगातार स्थिरता और रणनीतिक गहराई का प्रमाण है। तीसरे दिन के खेल में भी गुकेश ने अपना संयम और तैयारी दिखाई। डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ उनका मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि क्रोएशिया के इवान शारिक के खिलाफ उन्होंने 87 चालों का लंबा मैच खेला। इसमें उन्होंने मार्शल गैम्बिट का इस्तेमाल किया और यह भी ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन इससे उनकी लड़ाकू मानसिकता और जीत के जज्बे की झलक साफ दिखी।

# वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड में विस्फोटक बैटिंग से मचाया तांडव

## जड़ा यूथ वनडे इतिहास का सबसे तेज शतक

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय अंडर-19 टीम और इंग्लैंड अंडर-19 टीम के बीच पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज खेली जा रही है। भारतीय टीम अभी सीरीज में 2-1 से आगे है। सीरीज का चौथा मुकाबला वॉर्सेस्टर के मैदान पर हो रहा है। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी ने कमाल का प्रदर्शन किया और सबसे बड़े हीरो साबित हुए।



**वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 52 गेंदों में ही लगाया शतकः** भारतीय अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी ओपनिंग करने उतरे थे और उन्होंने पारी की शुरुआत से ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी। जब भी उन्हें खराब गेंद मिली। उन्होंने उसे बाउंड्री के पार भेजा और सिर्फ 52 गेंदों में ही 100 रन पूरे कर लिए। उन्होंने यूथ वनडे के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाया है और सुनहरा कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। मैच में 78 गेंदों में 143 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 10 छक्के शामिल रहे।

### इंग्लैंड दौरे पर निखरकर आया वैभव का प्रदर्शन

इंग्लैंड दौरे पर भारतीय अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी कमाल का खेल दिखा रहे हैं। इससे पिछले मैच में उन्होंने 48, 45 और 86 रनों की पारियां खेली थीं और अब चौथे मैच में शतक लगाया है। सीरीज में उनके आगे इंग्लैंड के गेंदबाज टिक नहीं पा रहे हैं। वैभव ने बॉलर्स धज्जियां उड़ाई हैं और बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर वह सभी को प्रभावित करने में सफल रहे हैं।

# गिल ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, पंत अर्धशतक के बाद आउट

## बर्मिंघम टेस्ट- भारत स्कोर- 237/4, बढ़त 400 पार

एजेंसी ■ बर्मिंघम

भारत ने बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 417 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को चौथा दिन है और दूसरा सेशन का खेल जारी है। भारत ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 237 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल पिच पर हैं। ऋषभ पंत 65 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोएब बशीर ने बेन डकेट के हाथों कैच कराया। केएल राहुल (55 रन) और यशस्वी जायसवाल (28 रन) जोश टंग की बॉल पर आउट हुए। करुण नायर (26 रन) को ब्रायडन कार्स ने कैच आउट कराया।



गिल अब एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। कोहली ने 2017 में दिल्ली टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ 293 रन बनाए थे। कोहली ने तब पहली पारी में 243 और दूसरी पारी में 50 रन बनाए थे। बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 269 रन बनाने वाले गिल ने दूसरी पारी में 25 रन बनाने के साथ ही कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। टीम इंडिया ने शनिवार सुबह 64/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। पहली पारी में भारत 587 और इंग्लैंड 407 रन पर ऑलआउट हुआ। भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिली थी।

## 6 विकेट सिराज की मेहनत का इनाम हैं : सचिन

### शिराज की घातक गेंदबाजी पर फिदा हुए तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाज़ी करके मैच का पूरा नक्शा बदल दिया। मोहम्मद सिराज ने 70 रन देकर छह विकेट चटकाकर इंग्लैंड की मजबूत पारी की कमर तोड़ दी, जबकि आकाश दीप ने 88 रन देकर चार विकेट लेकर उनका शानदार साथ दिया। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 407 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में भारत ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। सिराज के इस धमाकेदार प्रदर्शन पर महान बल्लेबाज मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। सचिन ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷सिराज में मैंने जो सबसे बड़ा बदलाव देखा है, वह है गेंद को सही जगह पर पहुंचाने में उनकी सटीकता और निरंतरता। उनकी मेहनत का इनाम उन्हें 6 विकेट के रूप में मिला। आकाश दीप ने भी उनका बहुत अच्छा साथ दिया। शाबाश ! सचिन ने इंग्लैंड की पारी में ब्रुक और स्मिथ की साझेदारी की भी तारीफ की, जिन्होंने दबाव में रहते हुए बेहतरीन जवाबी हमला किया और अपनी टीम को भारत के स्कोर के करीब पहुंचा दिया, जिसकी किसी ने उम्मीद भी नहीं की थी। मैच की बात करें तो तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी में उतार-चढ़ाव खूब देखने को मिले। इंग्लैंड के ब्रुक और स्मिथ ने मुश्किल हालात में शानदार बल्लेबाज़ी की और भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। लेकिन सिराज और आकाश दीप ने लगातार सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के मिडिल और निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया।

# कनाडा ओपनः श्रीकांत सेमीफाइनल में, श्रेयांशी बाहर



एजेंसी ■ कैलगरी

भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सीधे गेमों में 21-18, 21-9 से हराया। वर्ल्ड नंबर-49 श्रीकांत अब फाइनल में पहुंचने के लिए जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। श्रीकांत को निशिमोटो के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 6-4 की बढ़त हासिल है। पिछली विश्व चैंपियनशिप में भी उन्होंने जापानी खिलाड़ी को सीधे गेमों में हराया था। हालांकि, निशिमोटो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका कोर्ट कवरेज शानदार माना जाता है। निशिमोटो ने भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-15, 5-21, 21-17 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इससे पहले श्रीकांत ने प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 21-19, 21-14 से हराया था। यह मुकाबला 41 मिनट चला था। पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स के भी फाइनल में पहुंचे थे और इस साल अच्छे फॉर्म में नजर आ रहे हैं।

### विमेंस सिंगल्सः श्रेयांशी का सफर खत्म

विमेंस सिंगल्स में भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वलीशेट्टी को डेनमार्क की 24 वर्षीय अमाली शुल्ज के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-12, 19-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रेयांशी ने पहला गेम आसानी से जीत लिया था, लेकिन अगले दोनों गेम में बढ़त बनाए रखने में नाकाम रहीं। निर्णायक गेम में उन्होंने 9-17 के अंतर को कम कर 19-21 तक पहुंचाया, मगर मामूली अंतर से हार गईं।

# पाक टीम के कोच की मैकडरमॉट संभालेंगे जिम्मेदारी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी शेन मैकडरमॉट को पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। पाकिस्तान के नए व्हाइट-बॉल हेड कोच माइक हेसन की सिफारिश पर उन्हें चुना गया है। वह सभी प्रारूपों में यह जिम्मेदारी निभाएंगे और उनके दौरे से पहले टीम से जुड़ने की उम्मीद है।



इस सप्ताह के अंत तक उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा हो सकती है। 44 वर्षीय मैकडरमॉट के पास अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में कोचिंग का लंबा अनुभव है। वह हाई परफॉर्मेंस लेवल थ्री कोचिंग सर्टिफिकेट धारक हैं और बांग्लादेश, श्रीलंका, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन और क्रिकेट तस्मानिया जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं। 2022-23 में वह बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के सहायक फील्डिंग कोच रहे लेकिन तत्कालीन हेड कोच चंदिका हथुरूसिंघे के साथ मतभेदों के चलते उनका कार्यकाल खत्म हो गया। इससे पहले मैकडरमॉट ने श्रीलंका की सीनियर पुरुष टीम के साथ तीन साल तक फील्डिंग कोच की भूमिका निभाई और वहां श्रीलंका ए टीम की कमान भी संभाली। बांग्लादेश के बाद वह अफगानिस्तान के कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए और हाल ही में जून 2024 में खेले गए आईसीसी टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की ऐतिहासिक सेमीफाइनल यात्रा में उनके योगदान की काफी सराहना हुई। अपने करियर के शुरुआती दौर में वह 2012 से 2019 तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नेशनल क्रिकेट सेंटर में कई भूमिकाओं में सक्रिय रहे।

### भारत आखिरी ओवर में चूका, इंग्लैंड ने 5 रन से जीता तीसरा टी20

**लंदन।** केनिंग्टन ओवल में शुक्रवार रात भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की महिला टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम के पास ऐतिहासिक सीरीज जीतने का मौका था, मगर आखिरी ओवरों में बल्लेबाजों के लड़खड़ाने से भारत 5 रन से हार गया। भारत अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। खेले गए तीसरे टी20 मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और सोफिया डंकले 75 और डैनी व्याट-हॉज 66 की तूफानी साझेदारी से 137 रन जोड़े। इस जबरदस्त शुरुआत के बावजूद इंग्लैंड की पारी 20 ओवर में 9 विकेट पर 171 रन पर सिमट गई।

# क्या आईओसी के दबाव में पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत देगा वीजा?

एजेंसी ■ नई दिल्ली

बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को भारत आने देने के मुद्दे पर सरकार के सामने कठिन स्थिति बन गई है। कई वर्तमान और पूर्व खेल प्रशासक सरकार से अपील कर रहे हैं कि वह पाकिस्तान को वीजा देने से इनकार करे, लेकिन सरकार ऐसा कदम उठाने से झिझक रही है। इसकी वजह ओलंपिक चार्टर का नियम है, जिसमें राजनीतिक कारणों से किसी देश को टूर्नामेंट से बाहर करने को प्रतिबंधित किया गया है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का इच्छुक है और अगर इस बार पाकिस्तान को वीजा देने से इनकार किया तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति आईओसी के सामने नकारात्मक संदेश जाएगा और भारत की दावेदारी कमजोर पड़ सकती है।



सरकारी सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान को वीजा न देने पर यह ओलंपिक चार्टर के उल्लंघन के रूप में देखा जाएगा। चार्टर यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी योग्य एथलीट राष्ट्रीयता या राजनीतिक मतभेद के आधार पर भेदभाव का सामना न करे और उसे खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अधिकार मिले। इसमें खेल महासंघों की स्वायत्तता और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रहने पर भी जोर दिया गया है। ऐसे में भारत सरकार को यह डर है कि अगर वह पाकिस्तान टीम को रोकती है, तो भविष्य में उसकी वैश्विक खेल प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। भारत पहले भी ऐसी स्थिति का सामना कर चुका है। 2018 में कोसोवो के मुक्केबाजों को वीजा नहीं देने के चलते भारत की कड़ी आलोचना हुई थी क्योंकि भारत ने कोसोवो को मान्यता नहीं दी थी। 2019 में नई दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के दो निशानेबाजों और एक अधिकारी को वीजा नहीं दिया गया।

## अखाड़ा

### शो में ब्लडलाइन का नया और आक्रामक रूप देख दर्शक हुए रोमांचित

# डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउनः ऑर्टन और रोड्स की धमाकेदार वापसी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग स्थित पीपीजी पेंट्स एरिना में शुक्रवार को हुए डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन का एपिसोड धमाकेदार रहा। इस शो में डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर रैंडी ऑर्टन की जोरदान वापसी हुई, वहीं टैग टीम मुकाबलों ने दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। शो का मुख्य आकर्षण द ब्लडलाइन का नया और आक्रामक रूप रहा, जिसने अपने दुश्मनों पर पूरी तरह से दबदबा बनाया।



शो की शुरुआत में सबसे बड़ी घोषणा हुई कि कोडी रोड्स और जॉन सीना समर सलेम में डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप में आमने-सामने होंगे। रोड्स ने इसकी पुष्टि की, जिसके तुरंत बाद रैंडी ऑर्टन ने वापसी करते हुए सीना को हराने का वादा किया। तभी ड्रू मैकइंटायर ने अपनी वापसी की और रोड्स और ऑर्टन दोनों को निशाना बनाया। मैकइंटायर के तीखे बयानों का जवाब ऑर्टन ने उन्हें आरकेओ देकर दिया, जिससे दर्शक झूम उठे।

ट्रिपल थ्रेट टैग टीम मैच में शार्लेट फ्लेयर और एलेक्सा ब्लिस ने सीक्रेट हर्विस और बी-फैब व मिचीन को हराकर इवोलेशन में होने वाले डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस टैग टीम टाइटल के फेटल 4-वे मैच में अपनी जगह पक्की कर ली। इस मैच में ब्लिस और फ्लेयर के बीच तालमेल की कमी रही, लेकिन ब्लिस ने चतुराई से अपनी टीम को जीत दिलाई।

द वायट सिक्स ने भी 8 मैन टैग टीम मैच में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने मोंटेज फोर्ड, क्रिस सबिन, बर्टो और जॉनी गार्गानो की टीम को आसानी से हरा दिया। मैच में गार्गानो का क्रिस सबिन से टैग लेने से इनकार करना वायट सिक्स के लिए फायदेमंद साबित हुआ और एरिक रोवन ने गार्गानो को आयरन क्लॉ स्लैम देकर जीत हासिल की।

टिफनी स्ट्रैटन ने रिंग में आकर ट्रिश स्ट्रैटस को डब्ल्यूडब्ल्यूई इवोलुशन में विमेंस टाइटल मैच के लिए चुनौती दी, जिसे डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर स्ट्रैटस ने स्वीकार कर ली। यह मुकाबला निश्चित रूप से आगामी पीपीवी का एक मुख्य आकर्षण होगा। वहीं, एंड्राडे एल इडोलो और रे फेनिक्स की नई टैग टीम ने नाथन फ्रेजर और एक्सिओम को हराकर दूसरी जीत दर्ज हासिल की, जिससे उनकी बढ़ती हुई केमिस्ट्री साफ दिखाई दी। स्मैकडाउन का मेन इवेंट द ब्लडलाइन के अंदर के टकराव को उजागर कर रहा था। जेकब फातू और जिमी उसो का मुकाबला सोलो सिकोआ और जे सी मेटो से हुआ। एक कड़े मुकाबले के बाद फातू और उसो की टीम विजयी रही। हालांकि, मैच के बाद का घटनाक्रम ज्यादा चौंकाने वाला था। ताला टोंगा और टोंगा लोआ ने फातू पर हमला कर दिया और पूरी ब्लडलाइन ने मिलकर फातू को एक टेबल पर पटक दिया। इस आक्रामक प्रदर्शन के साथ ही शो खत्म हुआ, जिससे द ब्लडलाइन के नए और खतरनाक इरादे साफ नजर आ रहे हैं।

### अस्ताना में विश्व मुक्केबाजी कप में भारत की पदक झोली में बढ़ोतरी

**अस्ताना।** कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रहे विश्व मुक्केबाज़ी कप में भारत ने अपने पदकों की संख्या बढ़ा ली है और मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। महिलाओं के 80 किलोग्राम वर्ग में भारत की नूपुर ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाते हुए तुर्की की सेमा दुस्ताज को 5-0 के एकतरफा फैसले से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। उनके इस जीत के साथ भारत को कम से कम एक रजत पदक सुनिश्चित हो गया है। नूपुर के आत्मविश्वास और आक्रामक रणनीति ने पूरे मुकाबले में विरोधी को कोई मौका नहीं दिया और उन्होंने जजों से सर्वसम्मत फैसला हासिल किया।

सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

लोर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल
Play group, Nursery, LKG, UKG,
1st to 10th classes
ADMISSION OPEN
शिवा नगर, गुलाब शाह दरगाह के पास, छत्री रोड, शिवपुरी (म.प्र.) Mobile:9425488667,6770753472,797483253

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश में प्राथमिक स्कूलों के विलय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की पीठ ने कृष्णा कुमारी व अन्य की ओर से दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने विलय के संबंध में सरकार के 16 जून के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया है।

## बौद्ध तीर्थ दर्शन और पंच तख्त यात्रा कराएगी सरकार

### सीएम योगी ने की घोषणा- 10 हजार तक मिलेगी मदद, दोनों योजनाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह से होगी ऑनलाइन

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्राओं की आस पूरी करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को बैठक में निर्देश दिया कि बौद्ध श्रद्धालुओं की विशिष्ट तीर्थ यात्राओं के लिए बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना और सिख श्रद्धालुओं के लिए पंच तख्त यात्रा योजना शुरू की जाए। इन योजनाओं के माध्यम से प्रति श्रद्धालु को 10 हजार का आर्थिक सहयोग किया जाएगा। ताकि वे अपनी आस्था के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा सुलभता से कर सकें।



#### योजनाएं लागू की जाएं

मुख्यमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के चयन में बौद्ध भिक्षुओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ये दोनों योजनाएं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और धार्मिक आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लागू की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ यात्राएं भारतीय संस्कृति में आत्मिक उत्थान और सामाजिक समरसता का माध्यम रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों को उनकी आस्था से जुड़े स्थलों तक पहुंचने में सहायता प्रदान करें।

#### तख्त साहिब की यात्रा कराई जाएगी

बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के निवासी हिन्दू-बौद्ध श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न भागों में स्थित बौद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा की साध पूरी कराना है। वहीं पंच तख्त यात्रा योजना सिख श्रद्धालुओं के लिए होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश के निवासी सिख श्रद्धालुओं को भारत के पांच पवित्र 'तख्त साहिब' स्थल की यात्रा कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि दोनों योजनाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन की जाए। श्रद्धालुओं के चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कमजोर आय वर्ग के लोगों को वरीयता दी जानी चाहिए। दोनों ही योजनाएं आईआरसीटीसी के सहयोग से चलाई जाएंगी।

## ब्रीफ न्यूज

### चंदौसी में रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के कार्यालय पर छापा

**मुरादाबाद।** चंदौसी में रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के कार्यालय पर सीबीआई ने छापा मारा। वित्तीय अनियमितता व भुगतान के लिए रिश्वत की शिकायत पर सीबीआई गाजियाबाद से पहुंची थी। आईओडब्ल्यू और एईएन के दफ्तर में दस्तावेज देखे। कुछ फाइलें जब्त कर लीं। घंटों तक सहायक अभियंता से पूछताछ की। इसके बाद टीम उन्हें अपने साथ ले गई। मामला ट्रैक पर किए गए कई कार्यों से भुगतान से जुड़ा बताया जा रहा है। चर्चा है कि रेलवे के कुछ इंजीनियरों ने इसमें एक करोड़ से ज्यादा का घोटाला किया है। एक ठेकेदार की शिकायत पर सीबीआई ने जांच पड़ताल की है। काफी छानबीन के बाद शिकायत सही मिलने पर टीम ने चंदौसी पहुंचाकर छापा मारा।

### सपा के कार्यालय को खाली कराने का आदेश बरकरार

**प्रयागराज।** पीलीभीत नगर निगम द्वारा सपा के स्थानीय कार्यालय को खाली कराने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विचार करने से इंकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि चूंकि याचिकाकर्ता पहले ही मामले को लेकर दीवानी न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुका है, इसलिए एक ही मुद्दे पर दोहरी राहत नहीं मांगी जा सकती। न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने सपा की रिट याचिका को प्रत्यक्ष रूप से अस्वीकार कर कहा कि यदि याचिकाकर्ता पहले से दीवानी अदालत में पक्षकार है, तो हाईकोर्ट में समानांतर राहत की मांग स्वीकार नहीं हो सकती।

### पलटी खाते हुए वाहन दीवार से टकराया और मौके पर ही बिछ गईं लाश

## बरातियों से भरी गाड़ी पलटी दूल्हा समेत आठ की मौत

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभल हादसे पर जताया दु:ख
- मृतकों के परिजनों को दो लाख, घायलों को 50 हजार

### जुनावई में मेरठ-बदायूं रोड पर हुआ भीषण हादसा

सत्ता सुधार ■ संभल

मेरठ-बदायूं रोड पर शुक्रवार की देर शाम बरातियों की बोलेरो अनियंत्रित होकर इंटर कॉलेज की दीवार से टकरा गई।

हादसे में दूल्हे सूरज पाल (20) समेत आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दूल्हे की बहन, चाची, चचेरी बहन और रिश्तेदार भी शामिल हैं। संभल के जुनावई थाना क्षेत्र के हरगोविंदपुर गांव निवासी सुखराम ने अपने बेटे सूरज की शादी जनपद बदायूं के थाना बिल्सी इलाके के सिरसौल गांव में तय की थी। बरात गांव सिरसौल जा रही थी। बरातियों की 11 गाड़ियां पहले ही सिरसौल के लिए रवाना हो गईं थीं। एक बोलेरो पीछे रह गई थी, जिसमें दूल्हे समेत 10 लोग सवार थे। रास्ते में बोलेरो जुनावई स्थित जनता इंटर कॉलेज की दीवार जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह से घायलों को बोलेरो से बाहर निकला और सीएचसी ले गए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभल में हुए हादसे पर गहरा शोक जताया है। मृतकों के परिजनों को राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है।



#### हादसे में इनकी गई जान

ग्रामीणों ने किसी तरह से घायलों को बोलेरो से बाहर निकला और सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने दूल्हे सूरज पाल (20), उसकी बहन कोमल (15), चाची आशा (26), चचेरी बहन एश्वर्या (3), चचेरे मामा बुलंदशहर के हींगवाड़ी निवासी सचिन (22), सचिन की पत्नी मधु (20) ममेरा भाई बुलंशहर के खुर्जा निवासी गणेश (2) पिता देवा, गांव निवासी चालक रवि (28) की मौत हो गई।

#### मातम में बदली शादी की खुशियां

जबकि गंभीर रूप से घायल हिमांशी और देवा अलीगढ़ मं भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया। परिजन और रिश्तेदार भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। संभल एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण हादसा हुआ है। बोलेरो कॉलेज की दीवार से टकरा गई थी। हादसे में बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। घायलों को गाड़ी से बाहर निकालने में क्रेन की मदद ली गई।

#### एक माह पहले भीलवाड़ा से आया था परिवार

हरगोविंदपुर निवासी सुखराम का परिवार राजस्थान के भीड़वाड़ा में रहकर मजदूरी करता है। एक माह पहले सूरज पाल का रिश्ता तय होने पर परिवार अपने पैतृक गांव आया और शादी की तैयारियां में लग गया था। परिवार के लोगों का कहना है कि शादी की रस्में पूरी करने के बाद परिवार को वापस राजस्थान जाना था। इस हादसे में सुखराम के बेटे, बेटी की मौत हो गई और उनके साला देवा अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

### हर दिन 400 वाहनों की जांच संभव

## दिवे घाट में अगस्त तक शुरू हो जाएगा ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन

शिवानी शर्मा ■ पुणे

पुणे और उसके आसपास के क्षेत्रों में चलने वाले भारी मालवाहक वाहनों की फिटनेस जांच अब तकनीकी रूप से अधिक पारदर्शी और अत्याधुनिक तरीके से की जाएगी। दिवे घाट स्थित आरटीओ कार्यालय परिसर में अत्याधुनिक ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) तैयार किया जा रहा है, जहां प्रति दिन लगभग 400 वाहनों की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। यह केंद्र अगस्त के अंत तक चालकों की सेवा में आ जाएगा, और इसका 80 प्रतिशत कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। इस परियोजना में यूरोप से आयातित अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है और 'एआरएआई' को तकनीकी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। एटीएस में स्थापित की जा रही मशीनें पूर्णतः स्वयंचालित और सटीक मापदंडों पर आधारित होंगी।



**इनमें शामिल हैं-** इन सभी प्रणालियों को एक केंद्रीकृत डिजिटल सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे परीक्षण प्रक्रिया में मानवी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं रहेगी। यही नहीं, प्रत्येक परीक्षण लेन में एआई आधारित विजन सिस्टम और डेटा एनालिटिक्स टूल्स की मदद से रियल-टाइम परिणाम उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सह्याद्री रन मैराथन के रजिस्ट्रेशन शुरू, मिलिंद बने ब्रांड एंबेसडर

सत्ता सुधार ■ पुणे

पुणे में फिटनेस प्रेमियों के लिए एक बार फिर दौड़ने का सुनहरा मौका सामने आया है। फेडरल बैंक द्वारा आयोजित सह्याद्री रन मैराथन का दूसरा संस्करण इस वर्ष 23 नवंबर 2025 को सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य शहर के लोगों में स्वास्थ्य, फिटनेस और सामूहिक ऊर्जा को बढ़ावा देना है। यह आयोजन फेडरल बैंक और स्ट्राइडर्स के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है, और इसके ब्रांड एंबेसडर प्रसिद्ध अभिनेता व फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन होंगे।


## रिपोर्ट में दावा-पुणे में ऑफिस स्पेस की मांग में रिकॉर्ड वृद्धि

सत्ता सुधार ■ पुणे

पुणे का रियल एस्टेट बाजार 2025 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में तेजी से उभरा है, खासकर कार्यालयीन क्षेत्र में। नाइट फ्रैंक इंडिया की हालिया रिपोर्ट 'इंडिया रियल एस्टेट - रेसिडेंशियल एंड ऑफिस मार्केट (जनवरी-जून 2025) के मुताबिक, पुणे ने पिछले 10 वर्षों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान ऑफिस स्पेस की कुल मांग 51 लाख वर्ग फुट तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। यह विकास पुणे के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों - विशेष रूप से खराडी, बाणेर और हिंजवडी में ज्यादा देखा गया।

#### बढ़ाया पुणे का वैश्विक महत्व

रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में 88 लाख वर्ग फुट नई ऑफिस स्पेस की आपूर्ति हुई, और इनमें से 25 प्रतिशत लेनदेन ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स द्वारा किया गया, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा महज 3 प्रतिशत था। यह ट्रेंड दर्शाता है कि पुणे तेजी से वैश्विक टेक और बिजनेस हब के रूप में उभर रहा है। हालांकि, बिना बिकी ऑफिस जगह का अनुपात बढ़कर 14.9 प्रतिशत हो गया है, फिर भी मांग में कोई ठहराव नहीं दिख रहा।



#### आवासीय क्षेत्र में स्थिरता

आवासीय क्षेत्र अपेक्षाकृत स्थिर रहा। इस छमाही में 24,329 घरों की बिक्री हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में सिर्फ 1 प्रतिशत कम है। हालांकि, नए प्रोजेक्ट्स में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है और उनकी संख्या घटकर 26,559 इकाइयां रह गई है। इसके बावजूद, घरों की औसत कीमतों में 6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, और यह बढ़कर 4,868 प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गई है।

## प्रदेश के सभी जिलों में बनेगी मॉडल गौशाला

### आजमगढ़ में गौ सेवा आयोग के सदस्य बोले, गोबर-गौमूत्र से उत्पाद बनाए जाएंगे

सत्ता सुधार ■ आजमगढ़

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय शनिवार को आजमगढ़ पहुंचे। उन्होंने जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि हम लगातार पूरे प्रदेश में दौरे पर जा रहे हैं। हमारा सपना है कि सभी गौशाला अच्छी बने। अधिक से अधिक गाय पालन किया जाए। हम सभी लोगों को एक-एक गाय की चिंता होनी चाहिए। जैसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सपना था की अंतिम व्यक्ति को सुविधा मिले। ऐसे ही सभी लोगों को गायों की सेवा करनी चाहिए। आयोग के सदस्य का कहना है की गौशाला के आसपास साफ सफाई के साथ-साथ हरे चारे की भी व्यवस्था होनी चाहिए।



**बनेगी मॉडल गौशाला**

गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय का कहना है कि प्रदेश के हर जिले में एक मॉडल गौशाला बनाई जाएगी इसी क्रम में आजमगढ़ में भी एक मॉडल गौशाला बनाई जाएगी जहां गोबर और गौमूत्र से उत्पाद बनाए जाएंगे हमारे वेदों और पुराणों में गोमूत्र और गोबर के बारे में बताया गया है।

#### काम करने की जरूरत

आज विज्ञान लगातार इस पर रिसर्च कर रहा है कैंसर जैसी गंभीर बीमारी भी गौमूत्र के सेवन से दूर हो सकती है। कोरोना काल में जब लगातार मौतें हो रही थी। जिन लोगों के घरों में गाय थी। वहां किसी की मौत नहीं हुई है। गाय किसान की है उसको गौमूत्र और गोबर पर काम करने की जरूरत है।

#### गायों की करनी होगी रक्षा

आयोग के सदस्य का कहना है कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट है कि 2030 तक भारत की आधी आबादी कैंसर से ग्रसित होगी। ऐसे में हम लोग गाय को नहीं बचा पा रहे हैं। आयोग के सदस्य का कहना है कि हम सभी को आगे आना होगा। तभी गायों की रक्षा हो सकेगी।

### अखिलेश घोषणा करें, सरकार बनी तो मुसलमान को बनाएंगे सीएम

**लखनऊ।** यूपी के पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने शनिवार को योजनाओं की समीक्षा की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने गांवों में चौपाल लगाने की बात कही। ग्राम चौपाल में हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। सफाईकर्मी गांव में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, इसके लिए भी व्यवस्था बनाई जा रही है। वहीं अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष वीडियो की बात करते हैं, लेकिन आजमगढ़ में ब्राह्मणों को बुलाकर पूजा पाठ क्यों कराई। उनकी कथनी और करनी में अंतर है। इटावा में ब्राह्मण बनाम यादव का झगड़ा सपा की देन है। 2027 को लेकर सपा बहुत पीछे है। फिर से योगी सरकार ही बनेगी। अखिलेश यादव का पीडीए नकली है। यदि असली पीडीए है तो घोषणा करें कि सरकार बनी तो मुसलमान को सीएम बनाएंगे।

### संप्रदायवाद को बढ़ावा देने वालों को सत्ता से बेदखल करेगी जनता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नई रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। उम्मीद है पार्टी जनता को जोड़ने में सफल होगी। तानाशाह और संप्रदायवाद को बढ़ावा देने वालों को सत्ता से बेदखल करेगी। उन्होंने आगे कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के जरिए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह ऊर्जा कांग्रेस पार्टी को जन समर्थन दिलाएगा। जन समर्थन के जरिए भाजपा का सफाया होगा।










स्वात्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुब्बारा फाटक, जिंसी नाला नं.2 ग्वालियर से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100 स्थानीय संपादक विनय कुमार अग्रवाल* मोबाईल न. 9425112345 आर.एन.आई. नं. 71276/99 डाक पंजीयन क्रमांक-552 विधिक सलाहकार, श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, सभी विवादों के लिए न्यायालयीन क्षेत्र ग्वालियर मान्य होगा, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। फोन- 0751-4925449, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910